ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 7 जून 2024
वर्ष 4, अंक 110, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अजय देवगन की फिल्म रेड 2 की शूटिंग पूरी 14
हम पाकिस्तान के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे: रोहित 13

## शिक्षक भर्ती घोटाले में 5 आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गिरफ्तार आरोपियों में 3 प्रयागराज और 2 मिर्जापुर के निवासी
- 2 आरोपी उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में संविदा कर्मचारी
- प्रारंभिक जांच में 50 लाख रुपये के लेन-देन की बात सामने आई

**अमृत विचार :** शिक्षा विभाग के फर्जी शिक्षक घोटाले में पुलिस ने गुरुवार को 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 2 मिर्जापुर व 3 प्रयागराज के हैं। आरोपियों में 2 उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में संविदा पर डाटा आपरेटर हैं। पुलिस ने बताया कि अभी तक जो चैट सामने आई है उसमें इस घोटाले में 50 लाख रुपये का लेन-देन किया गया है। अभी आरोपियों गहन पूछताछ की जा रही है।

शिक्षा विभाग को फर्जी ई-मेल आईडी के जरिए 9 शिक्षकों का पैनल नियुक्ति के लिए भेजा गया था। इसमें से 2 शिक्षकों की नियुक्ति भी अलग-अलग स्कूलों में हो गई थी। खुलासा होने के बाद शिक्षा विभाग ने एफआईआर दर्ज कराई थी। कर्नलगंज पुलिस ने गुरुवार को बताया कि घोटाले में एसआईटी ने प्रयागराज से विवेक द्विवेदी और शिवम विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। यह दोनों यूपी बोर्ड में डाटा आपरेटर पद पर कार्यरत हैं। इसके अलावा मिर्जापुर से लालजी सिंह, दिनेश कुमार पांडेय व अभिनव त्रिपाठी को गिरफ्तार किया गया है। अभिनव त्रिपाठी एक स्कूल में लैब टेक्नीशियन है। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि जांच में फर्जी ई-मेल को ट्रेस किया गया तो सामने आया कि शिक्षा विभाग को भेजी गई ई-मेल आईडी शिवम द्विवेदी और शिवम विश्वकर्मा ने तैयार की थी। दोनों यह आईडी शिक्षा विभाग से रिटायर हो चुके चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी लालजी सिंह के कहने पर बनाई थी। इसके लिए दोनों को 2 लाख रुपये मिले थे। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर दिनेश पांडेय, प्रबंधक काशी प्रसाद जायसवाल जूनियर हाई स्कूल लाल डिग्गी मिर्जापुर व लैब टेक्नीशियन केवीपीजी डिग्री कॉलेज मिर्जापुर अभिनव त्रिपाठी की भूमिका का खुलासा हुआ। इसके बाद पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## मोदी की टिप्पणी से शेयर मार्केट के 30 लाख करोड़ डूबे

### कांग्रेस नेता ने इसे इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला बताते हुए की जेपीसी जांच की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर चुनाव परिणाम आने से पहले शेयर बाजार को लेकर की गई टिप्पणी के संबंध में संगीन आरोप जड़े हैं।

राहुल गांधी ने कहा मतगणना के दिन शेयर बाजार में आई 30 लाख करोड़ रुपये की गिरावट अब तक का सबसे बड़ा घोटाला है। इसकी जेपीसी (जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी) से जांच कराई जानी चाहिए। राहुल गांधी ने गुरुवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शेयर बाजार को मंगलवार को जो नुकसान हुआ है वह मोदी व उनके मंत्रियों की सोची समझी रणनीति का हिस्सा था। वे तीनों जानते थे कि 4 जून को परिणाम एग्जिट पोल के मुताबिक नहीं आ रहे हैं, इसके बावजूद उन्होंने शेयर बाजार को लेकर भ्रम फैलाया जिसके कारण निवेशकों के 30 लाख करोड़ डूबे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि पहली बार हमने नोट किया कि चुनाव के समय प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और वित्त मंत्री ने स्टॉक बाजार पर टिप्पणी की...फिर एक जून को झूठे एग्जिट पोल आए। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के आंतरिक सर्वे में 220 सीट मिल रही थी, लेकिन एग्जिट पोल में ज्यादा सीटें दिखाई गईं। राहुल गांधी का कहना था कि तीन जून को स्टॉक बाजार सारे रिकॉर्ड तोड़ देता है, चार जून को खटाक से नीचे चला जाता है। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने निवेश की सलाह क्यों की? पांच करोड़ निवेशकों को शेयर खरीदने की सलाह क्यों दी गई? फायदा उठाने वाले विदेशी निवेशक कौन हैं? कांग्रेस नेता ने कहा कि यह आपराधिक कृत्य है और इस मामले की जांच के लिए जेपीसी का गठन होना चाहिए। इसमें प्रधानमंत्री, गृह मंत्री की भूमिका की जांच होनी चाहिए। वहीं, भाजपा ने कहा कि राहुल निवेशकों को गुमराह कर रहे हैं।

**राहुल गांधी के सवाल**

- प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने निवेश की सलाह क्यों दी?
- पांच करोड़ निवेशकों को शेयर खरीदने की सलाह क्यों दी गई?
- फायदा उठाने वाले विदेशी निवेशक कौन हैं?



**अंबानी के चैनल के माध्यम से मोदी ने भ्रम फैलाया**

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी ने न्यूज चैनल के जरिए पहले जो संकेत दिए उसका निवेशकों पर सीधा असर हुआ है। यह संकेत अंबानी के चैनल के माध्यम से मोदी ने दिया और शेयर बाजार को लेकर भ्रम फैलाया जिससे रिटेल निवेशक को लाखों करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने पूछा कि इस तरह का संकेत देने के क्या कारण थे और निवेशकों की लाखों करोड़ों-रुपये डूबने की क्या वजह थी।





# मोदी ही लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ

### राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन संसदीय दल की बैठक में आज लगेगी अंतिम मुहर, रविवार को शपथ संभव

नई दिल्ली, एजेंसी

- गठबंधन के वरिष्ठ नेता राष्ट्रपति को सौंपेंगे सांसदों की सूची



नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनने के लिए शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नवनिर्वाचित सांसदों की बैठक होगी। मोदी के राजग संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद तेदेपा अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू और जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार जैसे गठबंधन के वरिष्ठ सदस्य राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और उन्हें समर्थन देने वाले सांसदों की सूची सौंपेंगे। राजग के पास 293 सांसद हैं, जो 543 सदस्यीय लोकसभा में बहुमत के 272 के आंकड़े से अधिक है। शपथ ग्रहण समारोह 9 जून रविवार को हो सकता है।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने गुरुवार को बैठक कर सरकार गठन के प्रयासों को गति देने को लेकर विचार-विमर्श किया। यह बैठक भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर हुई। इस बैठक में संघ के कुछ वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद थे। पार्टी नेताओं के मुताबिक इस बैठक में भावी मंत्रिपरिषद के गठन में राजग के घटक दलों की भागीदारी सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। सरकार गठन के प्रयासों के बीच यह बैठक ऐसे समय में हुई जब जद (यू) ने सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना की समीक्षा की मांग उठा दी। नड्डा के आवास पर हुई बैठक के बाद भाजपा अध्यक्ष नड्डा और शाह ने शाम में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। सरकार गठन के स्वरूप पर पार्टी के शीर्ष नेताओं ने इस मुलाकात के दौरान चर्चा की।

इस बीच, जद(यू) के वरिष्ठ नेता और बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने गुरुवार को कहा कि मंत्रीपद का फैसला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और हमारे नेता नीतीश कुमार के द्वारा तय किया जाएगा। कुमार ने कहा केंद्रीय मंत्रिमंडल में जद(यू) को कितने पद मिलने चाहिए, इस बारे में निर्णय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष (नीतीश कुमार) करेंगे, लेकिन यह सम्मानजनक होना चाहिए। लोजपा (आर) नेता चिराग पासवान ने कहा कि मोदी को उनकी पार्टी का समर्थन बिना शर्त है और उनके नेतृत्व में ही राजग ने बहुमत हासिल किया है। राजग के सभी घटक शुक्रवार को मोदी को नए प्रधानमंत्री के रूप में समर्थन देने वाले पत्र राष्ट्रपति को सौंप सकते हैं।

**चुनाव आयोग ने निर्वाचित सांसदों की सूची राष्ट्रपति को सौंपी**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने मतगणना पूरी होने के बाद 18वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित सांसदों की सूची गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को सौंप दी। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने शाम साढ़े.चार बजे राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात कर निर्वाचित सांसदों की सूची उन्हें सौंपी। चुनाव आयोग की ओर से जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 73 के अनुरूप जारी अधिसूचना की एक प्रति, जिसमें 18वीं लोकसभा के आम चुनावों के बाद लोक सभा के लिए चुने गए सदस्यों के नाम शामिल हैं राष्ट्रपति को सौंपी गई। इतिहास की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनावों के सफल समापन पर मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को राष्ट्रपति ने बधाई दी। उन्होंने पूरे देश की ओर से चुनाव आयोग, उसके अधिकारियों , कर्मचारियों , मतदान के प्रबंधन और पर्यवेक्षण में शामिल अन्य अधिकारियों, पुलिस तथा सुरक्षा कर्मियों, केंद्र और राज्य सरकारों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बड़ी संख्या में चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने वाले मतदाताओं की भी सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि यह पूरी तरह से हमारे संविधान और देश की गहरी तथा मजबूत लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप है।

**आदर्श आचार संहिता हटी**

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही 16 मार्च से लागू आदर्श आचार संहिता गुरुवार को हटा ली गई है। केंद्रीय कैबिनेट सचिव और राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजे पत्र में निर्वाचन आयोग ने कहा कि लोकसभा, कई प्रदेश में विधानसभा और कुछ सीटों पर उपचुनाव के नतीजों के बाद आदर्श आचार संहिता हटा ली गई है।

**पड़ोसी देश भी शपथ ग्रहण समारोह में होंगे शामिल**

**ढाका।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के नई दिल्ली में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण के समारोह में शामिल होने के लिए शुक्रवार को ढाका से रवाना होने की उम्मीद है। राजनयिक सूत्रों ने बताया कि हसीना ने बुधवार को मोदी से फोन पर बात की थी। हसीना शुक्रवार शाम चार बजे नई दिल्ली के लिए ढाका से रवाना होंगी। वहीं श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने बुधवार शाम को मोदी को जीत की बधाई दी। श्रीलंकाई राष्ट्रपति कार्यालय के मीडिया प्रभाग ने 'एक्स' पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति विक्रमसिंघे को आमंत्रित किया जिसे स्वीकार कर लिया गया है। वहीं मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भूटान, नेपाल और मॉरीशस के शीर्ष नेताओं के भी शामिल होने की उम्मीद है।

**एक नजर**

**एसआईटी हिरासत में 10 जून तक रहेगा प्रज्वल**

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की अदालत ने महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों में जद(एस) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की एसआईटी हिरासत गुरुवार को 10 जून तक के लिए बढ़ा दी। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत के समक्ष रेवन्ना को पेश किया गया, जिसने 31 मई को उसे छह जून तक के लिए एसआईटी की हिरासत में भेज दिया था। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा का पोता रेवन्ना हाल में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में हासन सीट से हार गया।

**बराड़ से जुड़े लोगों के घर एनआईए का छापा**

**नई दिल्ली।** एनआईए ने कनाडा से काम कर रहे आतंकी गोल्डी बराड़ के सहयोगियों के पंजाब स्थित नौ ठिकानों की गुरुवार को तलाशी ली। रंगदारी और गोलीबारी मामले से जुड़ी जांच के तहत एजेंसी ने कार्रवाई की है। एजेंसी ने सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ और उसके गिरोह की जानकारी के लिए लोगों से मदद की अपील की है। एनआईए की यह कार्रवाई करणी सेना प्रमुख सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या में आरोप पत्र दाखिल करने के एक दिन बाद की गई। गोगामेडी की पिछले साल हत्या कर दी गई थी।

## महिला सिपाही ने कंगना रनौत को मारा थप्पड़

चंडीगढ़/नई दिल्ली, एजेंसी



- चंडीगढ़ के हवाई अड्डे पर मंडी लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद के साथ हुई घटना
- सीआईएसएफ की महिला सिपाही निलंबित, खुद को बताया था किसान आंदोलन का समर्थक

पंजाब व हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की एक महिला सिपाही ने गुरुवार को दिल्ली जा रहीं भाजपा की नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत को थप्पड़ मार दिया।

अधिकारियों ने बताया कि महिला सिपाही पर कार्रवाई करते हुए उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि कंगना के विमान में सवार होने से पहले हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ की सिपाही ने अभिनेत्री को थप्पड़ मारा दिया। वहीं, कंगना ने जारी किए एक वीडियो में दिए बयान में कहा कि दिल्ली जाते वक्त चंडीगढ़ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ की एक महिला सिपाही ने उन्हें थप्पड़ मारा और उनके साथ गाली-गलौज की।

कंगना ने पंजाब में आतंक और हिंसा में हैरान करने वाली वृद्धि शीर्षक से एक वीडियो बयान पोस्ट किया है। कंगना ने जारी वीडियो में कहा कि वह सुरक्षित और ठीक हैं, लेकिन पंजाब में बढ़ते आतंकवाद को लेकर काफी चिंतित भी हैं। कंगना ने दिल्ली पहुंचने के बाद बयान जारी कर कहा कि महिला सिपाही उनकी ओर आई।

कंगना ने कहा कि उसने मुझे थप्पड़ मारा और मुझे गाली देनी शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि जब मैंने उससे पूछा कि उसने ऐसा क्यों किया, तो उस महिला सिपाही ने कहा कि वह किसान आंदोलन का समर्थन करती है। हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से लोकसभा के लिए निर्वाचित होने वाली कंगना रनौत ने कांग्रेस के प्रत्याशी को 74 हजार मतों से शिकस्त दी थी।

## चंद्रबाबू नायडू 12 को लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

विजयवाड़ा, एजेंसी



- चौथी बार संभालेंगे आंध्र प्रदेश की कमान
- मोदी सहित नई कैबिनेट के कई मंत्री रहेंगे मौजूद

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू 12 जून को आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। तेदेपा पोलित ब्यूरो के सदस्य एवं विधायक गोरंटला बुचैया चौधरी ने गुरुवार को यहां मीडिया को यह जानकारी दी।

चौधरी ने बताया कि विधायक दल का नेता चुनने के लिए 11 जून को विधायक दल की बैठक होगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा नए केंद्रीय कैबिनेट के कई सदस्य भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि नायडू भी दिल्ली में प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होंगे। चौधरी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह राजधानी क्षेत्र अमरावती में किया जाएगा लेकिन जगह फिलहाल तक तय नहीं है। नायडू का शपथ ग्रहण समारोह पहले 9 जून को होने वाला था लेकिन मोदी के नेतृत्व में नई केंद्रीय सरकार के शपथ ग्रणह समारोह को देखते हुए इसे टाल दिया गया।

**चीनी वीजा घोटाला**

## दिल्ली की कोर्ट ने कार्ति चिदंबरम को दी जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने कथित चीनी वीजा घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम को गुरुवार को जमानत दे दी। कार्ति एक समन की तामील करते हुए अदालत में पेश हुए थे और ईडी तथा सीबीआई के लिए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उन्हें राहत प्रदान की। अदालत ने इससे पहले मामले में ईडी की ओर से दायर आरोपपत्र का संज्ञान लेते हुए आरोपी के खिलाफ समन जारी किया था।

## कोटा में नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने की खुदकुशी

कोटा, एजेंसी

- इमारत की नौवीं मंजिल से कूदी अस्पताल में मौत
- मध्य प्रदेश के रीवा जिले की रहने वाली थी बागीशा

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-यूजी (नीट-यूजी) के परिणाम घोषित होने के एक दिन बाद ही राजस्थान के कोटा में 18 वर्षीय एक अभ्यर्थी ने एक इमारत की नौवीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली।

पुलिस ने गुरुवार को बताया कि मृतका की पहचान बागीशा तिवारी के रूप में हुई है और वह इसी इमारत की पांचवीं मंजिल पर अपनी मां और भाई के साथ रहती थी। पुलिस ने बताया कि उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मूलरूप से मध्य प्रदेश के रीवा जिले की निवासी बागीशा तिवारी कोटा के एक कोचिंग संस्थान में नीट-यूजी की तैयारी कर रही थी। जवाहर नगर पुलिस थाने के सर्किल इंस्पेक्टर हरिनारायण शर्मा ने बताया कि उसका भाई 12वीं कक्षा में पढ़ता है और वह संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी कर रहा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने मंगलवार को मेडिकल प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित किए थे।

## तिहाड़ में भिड़े कैदी, एक घायल

नई दिल्ली, एजेंसी

- टिल्लू ताजपुरिया व गोगी गिरोह के कैदियों के बीच हुई मारपीट
- घायल कैदी अस्पताल में भर्ती हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

तिहाड़ जेल संख्या 3 में टिल्लू ताजपुरिया और गोगी गिरोह के सदस्यों के बीच हुई भिड़ंत में एक कैदी को नुकीला सुआ घोपकर घायल कर दिया गया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि हत्या के मामले में विचाराधीन कैदी हितेश घायल हुआ है और उसे उपचार के लिए दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि जेल के अंदर बुधवार सुबह करीब 11:15 बजे गोगी गिरोह के सदस्य हितेश और टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के दो अन्य सदस्यों के बीच कथित तौर पर झगड़ा हुआ था। एक पुलिस सूत्र ने बताया कि हितेश को बर्फ तोड़ने वाला नुकीला सुआ घोपा गया है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने बताया कि बुधवार को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल की ओर से हरि नगर पुलिस थाने को सूचना मिली कि तिहाड़ जेल से एक घायल व्यक्ति को अस्पताल लाया गया है। इस सूचना पर स्थानीय पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की पड़ताल की। उन्होंने कहा कि हितेश पर हमला करने वालों के नाम गौरव लोहरा और गुरिंदर के तौर पर सामने आए हैं। फिलहाल हमलावरों की पहचान की पुष्टि जांच का विषय है। हितेश घायल हुआ है और उसे दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि हितेश वर्ष 2019 से जेल में है, जबकि गौरव और गुरिंदर पर हत्या और हत्या के प्रयास के मामले में मुकदमा चल रहा है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ने कहा कि जख्मों को देखते हुए आईपीसी की धारा 307 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। जेल के अंदर के सूत्रों ने बताया कि हितेश अन्य कैदियों से बात कर रहा था, तभी दोनों वहां पहुंचे और उससे बहस शुरू कर दी। जल्द ही बहस हाथापाई में बदल गई और आरोपियों में से एक ने उस पर बर्फ तोड़ने वाले सुए से हमला कर दिया। गैंगस्टर ताजपुरिया की पिछले साल मई में इसी जेल में चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी।

## बहू ने ही सुपारी देकर सास की करवाई हत्या

ब्यूरो, देहरादून



देहरादून में सास की हत्या के आरोप में पकड़ी गई बहू व तीन आरोपी।

- तानों और प्रताड़ना से परेशान बहू ने एक लाख रुपये की दी थी सुपारी
- तहरीर के बाद पुलिस ने महिला व तीन अन्य को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार :** आए दिन की किच-किच से परेशान बहू ने अपनी सास की ही हत्या करा दी। बहू ने इसके लिए तीन लोगों को एक लाख रुपये की सुपारी दी थी। पुलिस ने मामले में बहू समेत चारों लोगों को गिरफ्तार किया है।

डोईवाला कोतवाल प्रभारी विनोद गुसाईं ने बताया कि लाल तप्पड़ फन वैली के पास घर के आंगन में सो रही बुजुर्ग महिला कुलदीप कौर की बीती रात तकिए से मुंह दबाकर हत्या कर दी गई थी। महिला के बेटे जगदेव सिंह ने इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच में पुलिस को जगदेव की पत्नी ज्योति उर्फ डिंपी की भूमिका संदिग्ध लगी। कड़ाई से पूछताछ किए जाने पर उसने सारा सच उगल दिया। कुलदीप कौर की हत्या आवेश अंसारी उर्फ छोटू पुत्र शेर अली (20), सोनू पुत्र कृष्णपाल (18) व राहुल पुत्र अशोक (18) ने की थी। तीनों आरोपी हरिद्वार के लक्सर थाना क्षेत्र के ग्राम बसेड़ी के रहने वाले हैं। इन तीनों ने आंगन में सो रही कुलदीप कौर की तकिए से मुंह दबाकर हत्या कर दी थी और मौके से भाग निकले थे।

जगदेव सिंह की वर्कशॉप है और आवेश वहां मैकेनिक था और वह अक्सर जगदेव के घर पर ही रहता था। जगदेव की पत्नी ज्योति ने उसे धर्म भाई बना रखा था। ज्योति ने बताया कि कुलदीप कौर उसे प्रताड़ित करती थी, जिससे परेशान होकर उसने उन्हें मरवाया है। इसके लिए आवेश को एक लाख देना तय था। आवेश ने इसके लिए सोनू व राहुल को बुलाया। दोनों को 10-10 हजार देने की बात कही गई। पुलिस ने तीनों आरोपियों के बयान पर ज्योति को भी गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट के आदेश पर चारों को जेल भेज दिया गया।

## विदेश भेजकर साइबर फ्रॉड कराने वालों पर शिकंजा

### नौकरी के नाम पर विदेश ले जाकर बंधक बनाने के मामले में मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप पर दर्ज हुआ मुकदमा

ब्यूरो, देहरादून



- रायवाला के युवक को बैंकॉक से अगवाकर म्यांमार में बंधक बनाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सख्त

**अमृत विचार :** युवकों को नौकरी दिलाने के नाम पर विदेश ले जाकर बंधक बनाने का मामला सामने में आया है। रायवाला (देहरादून) के युवक को बैंकॉक से अगवा कर म्यांमार में बंधक बनाने के मामले का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संज्ञान लिया है। इस पर देहरादून पुलिस ने विदेश भेजने वाले एजेंट के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर भारतीय विदेश मंत्रालय व इंटेलीजेंस ब्यूरो से संपर्क साधा है।

रायवाला की इंद्रा कालोनी, प्रतीत नगर निवासी कु. जिया गौतम ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका भाई विधान, जो आईटी सेक्टर में काम करने के लिए इसी साल मार्च में दुबई गया था लेकिन मई में वहां से 7 अन्य भारतीयों के साथ वापस आ गया। मई में ही गुजरात के एजेंट जय जोशी ने विधान को वीडियो कॉल किया तथा विधान व उसके 7 साथियों को थाइलैण्ड में बड़ी आईटी कंपनी में जॉब व अच्छी सेलरी दिलाने की बात कही। सारी औपचारिकता के बाद 21 मई को जय जोशी सभी को लेकर दिल्ली से बैंकाक, थाईलैंड पहुंच गया।

जिया ने बताया कि बैंकॉक पहुंचने के बाद से उनका विधान से संपर्क नहीं हो पाया। पूछने पर जय जोशी उन्हें गुमराह करता रहा। कुछ समय बाद पिता के व्हाट्सएप नंबर पर विधान का कॉल आया और उसने बताया कि जय जोशी ने धोखाधड़ी की है। एजेंट के साथियों ने उसे और उसके साथियों को बैंकाक एयरपोर्ट से बंदूकें दिखाकर को अगवा कर म्यांमार बॉर्डर पार कराकर उन्हें बधंक बना लिया है। वहां पर 70 भारतीय युवकों सहित अन्य देशों के 200 लोग बंधक है। इनमें से 10 उत्तराखंड से हैं तथा उनको प्रताड़ित कर साइबर फ्रॉड करवाया जा रहा है।

**युवाओं को नौकरी का लालच देकर फंसाते हैं जाल में**

युवाओं को विदेश में नौकरी और अच्छी सैलरी दिलाने का लालच देकर कुछ एजेंट फंसाने की कोशिश करते हैं और उन्हें बंधक बनाकर गैर कानूनी काम करने के लिए बाध्य करते हैं , युवाओं के ऐसा न करने पर उनको तमाम तरीकों से प्रताड़ित किया जाता है। ऐसी गतिविधियों में ऐसे तमाम एजेंट देश में सक्रिय हैं जिनके खिलाफ शासन व प्रशासन लगातार कार्रवाई भी करता रहा है पर ऐसी घटनाएं कम नहीं हो रही हैं।

देश के विभिन्न क्षेत्रों से 121 गोल्फर करेंगे प्रतिभाग, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने दी जानकारी, 9 जून तक होगा आयोजन

# गवर्नर्स कप गोल्फ प्रतियोगिता का आगाज आज से

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल राज भवन में शुक्रवार को तीन दिवसीय गोल्फ कप प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। गुरुवार को गोल्फ मैदान में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने कर्टेन रेजर कार्यक्रम के दौरान बताया कि इस बार राजभवन में 19वां गवर्नर्स कप गोल्फ प्रतियोगिता 7 से 9 जून तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न क्षेत्रों से 121 गोल्फर प्रतिभाग कर रहे हैं।

राज्यपाल ने कहा कि गोल्फ प्रतियोगिता में इस बार 6 वर्ष तक के बच्चों से लेकर 75 वर्ष तक के सुपर वेटरन प्रतियोगिता का हिस्सा बन रहे हैं। प्रतियोगिता में सुपर वेटरन कैटेगरी 75 वर्ष से अधिक आयु के 7, वरिष्ठ (वेटरन) 65 से 75 आयु वर्ग के 18, सामान्य आयु वर्ग के 61, महिला वर्ग के 11 खिलाड़ी, जूनियर गोल्फर्स 15 से 17 आयु वर्ग के 8, जिसमें 5 बालक और 3 बालिका खिलाड़ी, जूनियर गोल्फर्स 12 से 15 आयु वर्ग के 8, जिसमें 7 बालक और 1 बालिका खिलाड़ी और 12 वर्ष से कम आयु के 8, जिसमें 5 बालक और 3 बालिका खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।


राजभवन में पत्रकार वार्ता करते राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह।

### प्रातः 8:30 बजे टी ऑफ के बाद खेल शुरू होगा

राजभवन गोल्फ क्लब के कैप्टन कर्नल विवेक भट्ट ने बताया कि यह प्रतियोगिता तीन दिन तक चलेगी, जिसमें देश भर के 121 गोल्फर विभिन्न वर्गों में खेलेंगे जिनमें सुपर वेटरन, वेटरन, जनरल, लेडिज और जूनियर गोल्फर केटेगरी शामिल हैं, 7 जून को प्रात : 8 :30 बजे राज्यपाल द्वारा टी ऑफ कर खेल का शुभारम्भ किया जायेगा।

राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल में पर्यटन को बढ़ावा देने, महिला, युवाओं को गोल्फ से जोड़ने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिवर्ष किया जा रहा है। राजभवन गोल्फ कोर्स का नैसर्गिक सौन्दर्य गोल्फरों की पसंदीदा जगह है। देश के विभिन्न भागों से यहां आने वाले खिलाड़ी गोल्फ खेलने के साथ ही उत्तराखण्ड की नैसर्गिक सुंदरता, यहां के पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार भी करते हैं।

गोल्फ से स्कूली बच्चों को भी खेलों से जोड़ने के प्रयास किये गए हैं। बीते दिनों इंटर स्कूल गवर्नर गोल्फ कप का आयोजन किया गया जिसमें कई स्कूलों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया, जिसमें बेटियों का भी अच्छा प्रतिनिधित्व रहा। राज्यपाल ने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में उत्तराखण्ड से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी यहां का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस दौरान सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी अमित कुमार सिरोही, आयुक्त कुमाऊं मंडल दीपक रावत, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, डीआईजी योगेंद्र रावत, एसएसपी पी.एन. मीणा, परिसहाय राज्यपाल अमित श्रीवास्तव, मेजर सुमित कुमार, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### श्रीमद् देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आज से

**गरमपानी :** भुजान-बेतालघाट मोटर मार्ग पर स्थित तल्ला बर्धो गांव में श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान यज्ञ कथा की तैयारियां तेज हो गई हैं। देवी मंदिर परिसर में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को आयोजन समिति सदस्य जोरशोर से जुटे हैं। कार्यक्रम को लेकर गांव के बाशिंदे बढ़-चढ़कर भागीदारी कर रहे हैं। देवी मंदिर में सात जून से कथा ज्ञान यज्ञ शुरू होगा। गांव की महिलाएं पारंपरिक परिधानों में भव्य कलश यात्रा निकालेगी। समिति अध्यक्ष महंत बनवारी गिरी की देख रेखा में होने वाले कार्यक्रम में कथा व्यास पंडित दयाकृष्ण शास्त्री होंगे। रोजाना पूजा अर्चना के साथ धार्मिक अनुष्ठान किए जाने के बाद कथा पाठ होगा। शाम को भजन कीर्तन होंगे। 16 जून को हवन, पूर्णाहुति व महाआरती के बाद भंडारा लगेगा।

### खैरना बाजार में दो बाइकों की भिड़ंत में युवक घायल

**गरमपानी :** अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर खैरना बाजार क्षेत्र में दो बाइकों की टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ताड़ीखेत ब्लॉक के लछिना गांव निवासी सुमित बाइक से हल्द्वानी की ओर रवाना हुआ। सुमित हाईवे पर खैरना बाजार क्षेत्र में पहुंचा ही था कि विपरित दिशा से आ रही बाइक से उसकी बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गई। व्यापारी संजय पांडे से दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो चुके सुमित को अपने निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर हल्द्वानी रेफर कर दिया गया।

### जेब कतरने का आरोपी गिरफ्तार, सामान बरामद

**नैनीताल :** मल्लीताल क्षेत्र में भीड़ भाड़ के दौरान पुलिस ने पर्यटकों की जेब काटने का प्रयास करते मुरादाबाद निवासी युवक को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार देर शाम कोतवाली पुलिस को लोगों ने सूचना दी पंत पार्क क्षेत्र में एक युवक पर्यटकों की जेब काट रहा है। लोगों की सूचना के बाद कोतवाली पुलिस पंत पार्क पहुंची तो पुलिस को देखकर युवक भाग खड़ा हुआ, लेकिन पुलिस ने पीछा कर उसको ठंडी सड़क क्षेत्र में दबोच लिया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास चोरी का एक पर्स, नगदी, मोबाइल, एटीएम कार्ड, ग्रीन कार्ड व अज्ञात व्यक्ति का आधार कार्ड भी बरामद किया। पुलिस युवक को गिरफ्तार कर कोतवाली ले गई। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि नारखेड़ा, मुरादाबाद निवासी 21 वर्षीय मारूफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को न्यायालय पेश करने की तैयारी की जा रही है।

# पालिका की टीम पर भारी पड़े अतिक्रमणकारी

पुलिस के सामने जब्त किए सामान को फड़ कारोबारियों ने ट्रक से उतारा, टीम के लौटते ही फिर से सजाईं अवैध फड़

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पंत पार्क में अवैध फड़ें प्रशासन के लिए नासूर बनती जा रही हैं। कई बार कार्रवाई के बावजूद पंत पार्क से अवैध फड़ कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। वहीं बुधवार को एक बार फिर से पुलिस व नगर पालिका प्रशासन की ओर से संयुक्त रूप से अवैध फड़ों को हटाने का अभियान चलाया गया, लेकिन हर बार की तरह इस बार भी फड़ कारोबारियों के आगे प्रशासन की नहीं चली। इस दौरान कई लोगों पर चालान की कार्रवाई भी की गई।

अधिशासी अधिकारी अतुल भंडारी के नेतृत्व में पालिका की टीम और पुलिस की ओर से चलाए गए अभियान के दौरान टीम ने पंत पार्क में अवैध रूप से रखे हुए फड़ों को हटाया। कई लोगों के सामान भी जब्त किए लेकिन कुछ ही देर में फड़ कारोबारियों ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में जब्त सामान को ट्रक से उतार लिया। पुलिस व पालिका की टीम मूकदर्शक बनी रही। जैसे ही टीम वापस लौटी तो फिर से तुरंत अवैध रूप से फड़ों का संचालन शुरू हो गया। ईओ अतुल भंडारी ने कहा कि वेंडर जोन का चयन होने तक पंत पार्क में समय का अनुपालन कर 121 लोग ही फड़ लगा सकते हैं। उसके अलावा जो भी फड़ लगाएगा उसका समान जब्त किया जा रहा है। आगे भी यह कार्रवाई पालिका की ओर से की जाएगी। इस दौरान कोतवाल हरपाल सिंह, टीएस सुनील खोलिया, टीआई हिमांशु चंद्रा, मोहन चिलवाल, कमल कटियार, दीपराज, जफर अली सहित दर्जनों पालिका व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।


नैनीताल के पंत पार्क में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान जुटी भीड़ व तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार

### 121 की जगह लगती हैं 400 से अधिक फड़

**नैनीताल :** हाईकोर्ट की ओर से वेंडर जोन बनाये जाने तक पंत पार्क में पालिका द्वारा 121 लाइसेंस धारक फड़ों को शाम दो घंटे तक लगाने की अनुमिति दी गई है, लेकिन वर्तमान में पुलिस चौकी से गुरुद्वारे तक सड़क के दोनों ओर करीब 400 से अधिक फड़ों का संचालन किया जा रहा है, जिससे पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों को भोटिया बाजार, नयना देवी मंदिर, गुरुद्वारे व ठंडी सड़क की ओर जाने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं पंत पार्क में खाने पीने की चीजें प्रतिबंधित होने के बावजूद यहां पर धड़ल्ले से खाने पीने की चीजों बेची जा रही हैं, जिससे इन फड़ों से गंदगी सीधे झील में समा रही है, जिसको लेकर कभी कभी खाद्य सुरक्षा विभाग इन लोगों पर मात्र चालान की कार्रवाई कर पाता है।


अतिक्रमण को हटवाती पालिका की टीम। ● अमृत विचार

### सड़क से पलटकर खाई में लटका ट्रक

**नैनीताल :** नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग में देर रात ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक पलटकर खाई में लटक गया। बुधवार देर रात अग्निशमन विभाग को ज्योलीकोट से आगे दो गांव के पास गाड़ी गिरने कि सूचना मिली। मौके पर पहुंची टीम ने पाया कि ट्रक जो हल्द्वानी से पहाड़ की ओर जा रहा था, खाई में दो पेड़ों के बीच फंस गया।

दमकल कर्मियों व एसडीआरएफ की टीम ने बामुश्किल कड़ी मशक्कत कर ट्रक चालक को सकुशल बाहर निकाला। अग्निशमन अधिकारी किशोर उपाध्याय ने बताया कि ट्रक चालक राजू जोशी मामूली रूप से चोटिल है।

## पहले दिन 19 नामांकन पत्रों की बिक्री

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** जिला बार चुनाव में पहले दिन अलग-अलग पदों पर कुल 19 नामांकन पत्र खरीदे गए। अध्यक्ष पद पर तीन, उपाध्यक्ष पद पर दो, सचिव पद पर दो, उपसचिव पद पर दो सहित कार्यकारणी सदस्य पद पर सात नामांकन पत्र खरीदे गए।

मुख्य चुनाव अधिकारी नीरज साह व उप-चुनाव अधिकारी दीपक रुवाली ने बताया कि पहले दिन अध्यक्ष पद पर ओंकार गोस्वामी ने नामांकन पत्र दाखिल किया तो वहीं उपाध्यक्ष पद पर अनिल हर्नवाल सचिव पद पर पंकज कुमार व संजय सुयाल ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर प्रीति साह व महिला कार्यकारिणी सदस्य पद स्वाति परिहार ने नामांकन किया। अध्यक्ष पद को लेकर खासा गहमा गहमी रही यहां पूर्व में बार अध्यक्ष रहे हरिशंकर कंसल ओंकार गोस्वामी सहित निर्वितमान अध्यक्ष ने नामांकन पत्र खरीदा है। जिससे अध्यक्ष पद पर मुकाबला त्रिकोणीय होने की संभावना है। शुक्रवार को नामांकन व नाम वापसी के बाद ही चुनावी स्थिति साफ होगी।



नैनीताल में जिला बार एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया में भाग लेते अधिवक्ता।

### रोडवेज की बसें होनी चाहिए संचालित

**भीमताल :** ओखलकांडा ब्लॉक में जब तक रोडवेज बस चालू नहीं होगी तब तक ओवरलोडिंग रोक पाना असम्भव है।



यह बात मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मदन परगाईं ने कही।

उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग को सड़कों को ठीक कर पहाड़ों में डेन्जर जोन में बैरिकेडिंग लगवाना चाहिए। पुलिस को सभी वाहन स्वामियों तथा चालकों के साथ प्रतिमाह बैठक कर जागरूक करते रहना चाहिए।

**आस्था** ज्येष्ठ माह की अमावस्या को रखा जाता है वट सावित्री व्रत, उत्तर भारत के अधिकतर हिस्सो में इस पर्व को मनाया जाता है

# पति की दीर्घायु और सौभाग्य के लिए सुहागिनों ने रखा वट सावित्री व्रत

संवाददाता, भवाली

**अमृत विचार :** अपने अखण्ड सौभाग्य व पति की लम्बी उम्र के लिए सुहागिनों ने गुरुवार को वट सावित्री का व्रत रखकर पूजन किया। जहां वट वृक्ष था वहां वृक्ष का पूजन किया, जहां वट वृक्ष नहीं मिला तो वट के तने का पूजन कर व भोग लगाकर व्रत को उतारा। अधिकतर महिलाएं समूहों में वट वृक्ष व तने का पूजन करतीं नजर आईं।

वट सावित्री व्रत एक महत्वपूर्ण हिन्दू धार्मिक पर्व है। जिसे विशेष रूप से विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र, सुख और समृद्धि के लिए करती हैं। यह व्रत उत्तर भारत के अधिकतर हिस्सो में मनाया जाता है। वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ माह की अमावस्या को रखा जाता है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत करती हैं।

ऐसा माना जाता है कि व्रत का पालन करने से महिलाएं अपने पति के लिए सौभाग्य और समृद्धि लाने में सक्षम होती हैं। वट सावित्री पूजा विवाहित महिलाओं द्वारा की जाती है। इसमें महिलाएं वट यानी बरगद की पूजा करती हैं। बरगद के पेड़ की पूजा का हिंदू धर्म में बहुत महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बरगद के पेड़ में हिंदू पौराणिक कथाओं के त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश विद्यमान हैं। पेड़ की जड़ें ब्रह्मा का प्रतिनिधित्व करती हैं। वट वृक्ष का तना विष्णु का प्रतिनिधित्व करता है और भगवान शिव बरगद के पेड़ के ऊपरी हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस पवित्र पेड़ के नीचे पूजा करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जिस तरह सावित्री ने अपने समर्पण से अपने पति सत्यवान को यमराज से वापस लाई थीं, उसी तरह इस शुभ व्रत को रखने वाली विवाहित महिलाओं को एक सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

विवाहित महिलाएं इस दिन सुबह जल्दी स्नान करने के बाद दुल्हन के रूप में तैयार होती हैं, अपने माथे पर सिंदूर लगाती हैं। इसके बाद वट वृक्ष या बरगद के पेड़ को चावल और फूल अर्पित करती हैं। इसके बाद पेड़ के तने के चारों ओर पीले या लाल रंग के धागे (रोली) बांधते हैं। उस पर सिंदूर छिड़कती हैं और प्रार्थना कर पेड़ की परिक्रमा करती हैं। देवी सावित्री की भी पूजा की जाती है। इसके बाद महिलाएं भोग लगाकर अपने व्रत को तोड़ती हैं।


भवाली में वट वृक्ष का पूजन करतीं सुहागिनें।


नैनीताल में पूजा व अर्चना करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### मां नयना देवी मंदिर में की पतियों की दीर्घायु की कामना

**नैनीताल :** गुरुवार को वट सावित्री पर्व के मौके पर नगर के विभिन्न मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। मां नैना देवी मंदिर में सुबह से भक्त जनों की भीड़ दिखी। इस दौरान महिलाओं ने मंदिर में पूजा अर्चना की। मंदिर में जगह जगह पर महिलाओं की ओर से वट पौधे की पूजा अर्चना की जा रही थी यहां पहुंचे सैलानियों ने भी नैना देवी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। इसके अलावा बाजार में खरीदारी के लिए भी लोगों की काफी भीड़ जुटी रही। मंदिर के मुख्य पुजारी ने बताया कि वट सावित्री पर विवाहित स्त्रियां वट वृक्ष की पूजा कर अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना की। वट वृक्ष को भगवान शिव का प्रतीक माना गया है। बरगद के वृक्ष के तने में भगवान विष्णु, जड़ में ब्रह्मा और शाखाओं में भगवान शिव का वास है। इस वृक्ष में कई सारी शाखाएं नीचे की ओर रहती हैं। इन्हें देवी सावित्री का रूप माना जाता है, इसलिए इस वृक्ष की पूजा करने से भगवान का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस दिन पत्नियां अपने पति की दीर्घायु की कामना एवं सुखद वैवाहिक जीवन की कामना हेतु स्त्रियां वट सावित्री का उपवास रखती रखती हैं।

## सार-संक्षेप

### आंधी-तूफान से मकान के ऊपर गिरा पेड़, भारी नुकसान

**नैनीताल :** नगर में अचानक तेज आंधी चलने से लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। अंधड़ से लोगों के घरों की छत उड़ गई। पेड़ भी गिर रहे हैं। कई किसानों की फसल को भी नुकसान पहुंच रहा है। बीते दिनों भी स्प्रिंग फील्ड क्षेत्र में एक घर की छत पर पेड़ गिर गया था, जिससे परिवार के लोग बाल-बाल बचे थे। बुधवार को भी अचानक तेज आंधी अंधड़ से स्टाफ हाउस के पास भवानी राम के घर में पेड़ टूटकर छत में जा गिरा, जिससे छत क्षतिग्रस्त हो गयी। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। वहीं दूसरी ओर रहेली निवासी धन सिंह के घर में भी तूफान से भारी नुकसान हुआ है, जिसके लिए उनकी ओर से मुआवजे की मांग की गई है।


भवाली में लगे कंपनी के कैंप में मौजूद कर्मचारी व प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

### हाइब्रिड मॉडल का कैम्प लगाकर लोगों को दी जानकारी

**भवाली :** टोयोटा कम्पनी के हल्द्वानी शोरूम ने नगर पालिका भवाली मैदान में कम्पनी के हाइब्रिड मॉडल का कैम्प लगाकर लोगों को जानकारी दी। कम्पनी के प्रतिनिधि ने बताया कि यह कम्पनी की पाल्युशन फ्री कार है, जो कि बिजली व पेट्रोल दोनों से चलती है और फास्ट चार्जिंग है। भवाली में पहली बार लगे इस ग्राहक कैम्प में काफी लोगों ने जानकारी ली। वहीं कुछ लोगों ने टेस्ट ड्राइव भी किया। कैम्प प्रबन्धक देवेश पाण्डे ने बताया कि हमें यहां पर लोगों का अच्छा रिसपॉन्श मिला है। आगे भी कम्पनी की ओर से यहां ग्राहक कैम्प लगाया जायेगा।


दक्षिणी गौला रेंज ओखलकांडा में पौधरोपण करते लोग। ● अमृत विचार

### ओखलकांडा के गौला रेंज में लगाए पौधे

**भीमताल :** विश्व पर्यावरण दिवस पर दक्षिणी गौला रेंज ओखलकांडा में वन कर्मियों के साथ किसान मोर्चा अध्यक्ष दीपक बर्गली और ग्राम वासियों ने मिलकर पौधरोपण किया। सभी को घरों एवं आसपास स्वच्छ पर्यावरण को रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया। इस अवसर पर वन आरक्षी नरेश भट्ट, हरीश बिष्ट, गोपाल फर्त्याल, विजय त्रिपाठी समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।


हरेला महोत्सव कार्यक्रम की तैयारी करतीं लेक सिटी वेलफेयर क्लब की महिलाएं।

### हरेला महोत्सव की तैयारी शुरू, समिति गठित

**नैनीताल :** लेक सिटी वेलफेयर क्लब ने हरेला महोत्सव की तैयारी शुरू कर दी हैं। क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढोंडियाल ने बताया इस बार महोत्सव 20 और 21 जुलाई को सीआरएसटी इंटर कॉलेज में होगा। कार्यक्रम के लिए प्रगति जैन के नेतृत्व में आठ सदस्यीय संयोजक मंडल का गठन किया, जिसमें रानी शाह को शोभायात्रा संयोजक, गीता शाह को हरेला बोने का संयोजक, खष्टि बिष्ट गार्डन, प्रेमा अधिकारी, रमा भट्ट, कंचन जोशी और दीपिका बिनवाल को शह संयोजक बनाया। महोत्सव संयोजक प्रगति जैन ने बताया कि 7 जुलाई को हरेला बोया जाएगा, 14 जुलाई को गेठिया क्षेत्र में पौधरोपण किया जाएगा।


हरमन माइनर डिग्री कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

### विद्यार्थियों ने जाने संतुलित आहार के फायदे

**भीमताल :** हरमन माइनर डिग्री कॉलेज भीमताल में संकल्प : सम्पूर्ण स्वास्थ्य : विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें मुख्य अतिथि डॉ. संजय निरंजन (लखनऊ) एवं एडवोकेट कैलाश जोशी (नैनीताल) रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. दीपक (गुजरात) ने संतुलित आहार को लेकर छात्रों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संतुलित आहार स्वास्थ्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। संतुलित आहार के रूप में हमें एक दिन में 5 बार खाना लेना चाहिए, जिसमें दो मुख्य भोजन और तीन अल्पाहार शामिल है। भोजन में हमें अनाज, दालें फल, सब्जियां, डेयरी उत्पाद हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा हैं। संस्थान की प्राचार्या डॉ. मुक्ता ने स्वस्थ्य जीवन के मंत्र बताए।


नैनीताल में नेचर वॉक का लुत्फ लेते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### नेचर वॉक के साथ लिया फोटोग्राफी का लुत्फ

**नैनीताल :** सीआरएसटी इंटर कालेज नैनीताल के पूर्व प्रबन्धक स्व. चंद्र लाल साह ठुलघरिया के 101वें जन्मोत्सव के मौके पर विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों की ओर से गुरुवार एक नेचर वॉक तथा मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें शहर के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 90 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। नेचर वॉक अयार जंगल कैंप, टिफिन टॉप से होता हुआ बारा पत्थर स्थित एनटीएमसी के शिलारोहण प्रशिक्षण स्थल पर संपन्न हुआ। छात्र-छात्राओं ने मोबाइल व्हाट्सएप नंबर पर अपने आसपास के वातावरण की फोटो भेजी। विजेता प्रतिभागियों को 9 जून को स्व. चंद्र लाल साह के 101वें जन्म महोत्सव के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

### शहीद सैनिक स्कूल में दो दिवसीय बाल फिल्म मेला शुरू



**नैनीताल :** रचनात्मक शिक्षक मंडल उत्तराखंड की पहल पर शहीद सैनिक स्कूल में दो दिवसीय बाल फिल्म मेला शुरू हो गया। जवाहर लाल नेहरू की पुस्तक भारत एक खोज पर श्याम बेनेगल की ओर से बनाए गए नाटक भारत एक खोज के पहले एपिसोड भारत माता की जय से हुई। बच्चों ने ऑस्कर पुरस्कार समेत अनेकानेक पुरुस्कारों से से नवाजी गई फिल्म द रेड बलून भी देखी। द रेड बलून एक कालातीत क्लासिक है, जिसने दशकों से दर्शकों को आकर्षित किया है। 1956 में रिलीज हुई यह फ्रेंच शॉर्ट फिल्म पास्कल नाम के एक युवा लड़के की दिल को छू लेने वाली कहानी बताती है जो एक जादुई लाल गुब्बारे से दोस्ती करता है।

## आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

| 38.0° | 25.2° |
| --- | --- |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 07.08 | सूर्यास्त 05.12 |

## एक नजर

### 21 को एफटीआई में योग करेंगे सीएम धामी



**हल्द्वानी :** आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा। इस मौके पर जिला आयुर्वेदिक विभाग की ओर से हल्द्वानी एफटीआई में कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लोगों के साथ योग करेंगे। योग दिवस कार्यक्रम को भव्य बनाने की तैयारियां चल रही हैं। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आयुष विभाग कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने में जुट गया है। आयुष अस्पताल हल्द्वानी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रदीप मेहरा ने बताया कि योग कार्यक्रम भव्य होगा। जिसमें लोगों के साथ-साथ मुख्यमंत्री धामी भी योग करेंगे।

### नगदी समेत सटोरिया पकड़ा

**हल्द्वानी :** पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते एक सटोरिये को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। राजपुरा चौकी पुलिस के अनुसार आरोपी रेलवे पटरी के पास से पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम विजय आर्या पुत्र राजेश कुमार आर्या निवासी राजेन्द्र नगर वार्ड नंबर 13 बताया। उसके पास से 1080 रुपये और सट्टा पर्ची बरामद हुई है।

### टिकट जांच अभियान से प्राप्त हुए 1.99 करोड़

**हल्द्वानी :** इज्जतनगर मंडल की ओर से बिना टिकट यात्रा और बिना बुक सामान के साथ यात्रा करने पर रोक लगाने के उद्देश्य से मई माह में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि अभियान के तहत 36,146 मामले पकड़े गये। जिससे 1.99 करोड़ रुपये का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। बताया कि वर्ष 2022 में चले अभियान के दौरान 32,951 मामलों से 1.91 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे। रेलवे प्रशासन की ओर से आठ किलाबंदी, 10 ब्रांच लाइन और 28 स्पॉट चैक किए गए।

### जनता ने नरेंद्र मोदी पर जताया विश्वासः बिष्ट



**हल्द्वानी :** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने जारी बयान में कहा कि नैनीताल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने राज्य में सबसे अधिक मतों के अंतर से जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि आगामी निकाय चुनाव एवं पंचायत चुनाव में कार्यकर्ताओं की बदौलत पार्टी राज्य में इसी तरह क्लीन स्वीप करेगी। कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया है। डबल इंजन सरकार में राज्य में ऐतिहासिक विकास कार्यों की निरंतरता बनी रहे, उसके लिए जनता ने दूसरी बार पांचों लोकसभा सीटें भाजपा की झोली में डाली हैं।



**हम नहीं सुधरेंगे :** पर्वतीय मार्गों पर आये दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, वाहन चालक क्षमता से अधिक सवारियां भरकर ले जा रहे हैं। जिन पर नकेल कसने में पुलिस-प्रशासन विफल साबित हो रहा है। गुरुवार को पड़ताल के दौरान हल्द्वानी से पर्वतीय मार्गों को रवाना होते वाहनों का हाल। ● अमृत विचार

# हल्द्वानी से पहाड़ तक धड़ल्ले से दौड़ रहे ओवरलोड वाहन

## पर्वतीय मार्गों पर लगातार हो रही दुर्घटनाएं, सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की उड़ रहीं धज्जियां, मुख्य मार्गों पर दौड़ रहे वाहन तो फिर चेकिंग किसकी हो रही?

अमृत विचार पड़ताल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पर्वतीय मार्गों पर आये दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। हाल ही में जितने भी हादसे हुए उन सभी वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियां थीं। हल्द्वानी से पूरे पहाड़ को ओवरलोड वाहन धड़ल्ले से चल रहे हैं। पर्यटन सीजन के नाम पर संबंधित विभागों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों की बैठकें तो खूब हो रही हैं, मगर बैठकों में लिए गए निर्णयों पर अमल कहां हो रहा है मालूम नहीं। ओवरलोड सवारी वाहन रोजाना बेरोकटोक हल्द्वानी से पहाड़ तक दौड़ रहे हैं। न पुलिस इन्हें रोकती है और न ही परिवहन विभाग की चेकिंग का इन्हें कोई खौफ है।

नैनीताल जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाएं चिंता का विषय बनी हुई हैं। बीते बुधवार को ओखलकांडा के पुटपुड़ी जा रही मैक्स गाड़ी पतलोट सड़क मार्ग पर अनरबन के पास अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। इस हादसे में दंपति और उनकी बेटी समेत सात लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोगों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। हाल ही में पर्वतीय मार्गों पर कई घटनाएं हुई हैं, इसके बाद भी इन पर अंकुश नहीं लग रहा है। डग्गामारी का सारा खेल हल्द्वानी से चल रहा है। वो भी पुलिस, तहसील, एसडीएम ऑफिस, डीएम ऑफिस के सौ-दो सौ मीटर के दायरे में। यहां से ओवरलोड सवारी वाहनों की नैनीताल मुख्य मार्ग से पहाड़ के लिए आवाजाही धड़ल्ले से जारी है।

गुरुवार को अमृत विचार की टीम ने हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्रों को जाने वाले टैक्सी (मैक्स, पिकअप, बोलेरो) स्टैंड पर जाकर पड़ताल की। बुधवार को ओखलकांडा क्षेत्र में हुए हादसे का जरा सा भी असर नहीं दिखा। रोजाना की तरह क्षमता से डेढ़ गुना अधिक सवारियों को वाहनों में बैठाया जा रहा था। लगेज स्टैंड पर ऊपर सामान का पहाड़ खड़ा किया जा रहा था। नैनीताल रोड स्थित प्रेम टॉकीज के पास से गरुड़, बागेश्वर, अल्मोड़ा सहित अन्य पर्वतीय क्षेत्रों के लिए टैक्सियों का संचालन किया जाता है। इसी तरह गोलचा कंपाउंड और रेलवे बाजार से खनस्यू, झड़गांव आदि पर्वतीय मार्ग पर भी वाहन अपनी क्षमता से अधिक यात्री और सामान ले जा रहे थे।

इन वाहनों पर कार्रवाई करने के लिए परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीमें और पुलिस कहीं नजर नहीं आई। पर्वतीय मार्गों पर जाने वाले इन वाहनों के चालक यात्रियों की जान से खिलवाड़ कर बेखौफ सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं। शहर की सड़कों में टैक्सी वाहनों के साथ ही अन्य दोपहिया व चौपहिया निजी वाहन धड़ल्ले से नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, जिन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### पर्वतीय मार्गों पर हुए पिछले कुछ प्रमुख हादसे

1. बीती 24 मई को ज्योलीकोट के पास नैनीताल से हल्द्वानी की ओर आ रही पर्यटकों की कार अनियंत्रित होकर 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। जिसमें एक की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई थी और 11 लोग घायल हुए थे।
2. बीते अप्रैल माह में बेतालघाट ब्लॉक के ऊंचाकोट क्षेत्र में बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। जिसमें 8 लोगों की मौत हो गई थी। 7 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। बोलेरो 10 नेपाली मूल के लोगों को ले जा रही था।
3. नैनीताल-कालाढूंगी रोड पर घटगढ़ के पास पिछले वर्ष अक्टूबर माह में हुए भयानक सड़क हादसे में एक बच्चे और पांच महिलाओं सहित सात लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 24 लोग घायल हो गए थे। पर्यटकों की बस खाई में गिर जाने से यह हादसा हुआ था।



### बोले अधिकारी

"समय-समय पर अभियान चलाया जाता है, लेकिन हर रोज चेकिंग करना संभव नहीं है। दो-चार दिन अभियान चलाकर भी बहुत बड़ा परिवर्तन नहीं किया जा सकता है। कैंची धाम में होने वाले मेले और वीकेंड पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए 4 से 5 प्रवर्तन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। रही बात डग्गामारी की तो यह शहरी क्षेत्र में पुलिस व स्थानीय प्रशासन का मामला है। फिर भी परिवहन विभाग की ओर से प्रवर्तन टीमें नो पार्किंग में खड़े वाहनों का चालान भी करती हैं।
**-नंद किशोर**, आरटीओ प्रवर्तन

"पतलोट के पास हुए सड़क हादसे के बाद मौका मुआयना किया गया। सड़क में कहीं भी गड्ढे नहीं थे। सड़क पूरी तरह से ठीक है। हादसे वाली जगह में खाई की ओर डामर से भरे ड्रम रखे हुए थे। वाहन की गति तेज होगी, जिससे वाहन डामर से भरे ड्रम को तोड़ने हुए नीचे खाई में गिर गया होगा। अगर गति कम होती तो वाहन ड्रम से टकराकर रूक जाता और हादसा नहीं होता।
**- एमसी तिवारी**, अधिशासी अभियंता, लोनिवि भवाली खंड

### 205 वाहनों के चालान, तीन की फिटनेस निरस्त

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** ओखलकांडा के पतलोट मार्ग पर हुए हादसे के बाद परिवहन विभाग की चार प्रवर्तन टीमों ने गुरुवार को जिले के पर्वतीय क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ओवरलोड वाहनों के चालान के साथ ही बैगर परमिट, फिटनेस, लाइसेंस आदि अभियोगों में कार्रवाई की गई। करीब 205 वाहनों के चालान किये गये, जबकि तीन वाहनों की फिटनेस निरस्त की गई। 13 ओवरलोड वाहन, 6 बिना फिटनेस, 5 बिना परमिट, 13 बिना कर और 6 बिना डीएल के चालान किये गए। साथ ही ओवरलोड के लिए प्रयोग किये जाने वाले अनाधिकृत कैरियर के 26 वाहनों के चालान किये गए।

# पर्यटकों को मामूली चोट 66 हजार का बिल थमाया

**मामला**
- दो कारों की भिड़ंत में घायल हुए थे प्रयागराज के पर्यटक
- खुद चल कर पहुंचे अस्पताल, इंजेक्शन के बाद सुबह आया होश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एक दिन पहले मुखानी में दो कारों के बीच भिड़ंत हो गई। प्रयागराज के दो पर्यटकों को मामूली चोट आई। पुलिस ने उन्हें सरकारी के बजाय निजी अस्पताल पहुंचा दिया। पर्यटक खुद चल कर अस्पताल पहुंचे। उन्हें इंजेक्शन लगाया और फिर सुबह होश आया तो अस्पताल ने 66 हजार का बिल थमा दिया गया।

बुधवार की देर शाम लामाचौड़ क्षेत्र में दो कारों में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार उत्तर प्रदेश के प्रयागराज निवासी पांच पर्यटक व रामपुर निवासी चार युवक-युवतियां घायल हो गए थे। पुलिस के अनुसार यूपी के प्रयागराज निवासी पांच युवक अपनी कार से लामाचौड़ के रास्ते प्रयागराज वापस लौट रहे थे। वहीं रामपुर के शाहबाद निवासी दो युवक और दो युवती नैनीताल से घूमकर हल्द्वानी लौटे थे। इसी बीच वन चौकी के पास दोनों कारें आपस में भिड़ गईं। सभी को मामूली चोटें आईं। हादसे में घायल हुए प्रयागराज के पर्यटक अनुपम मिश्रा व विशेष तिवारी ने बताया कि उन्हें मामूली चोट थी। पुलिस ने प्राथमिक उपचार के लिए नैनीताल रोड स्थित निजी अस्पताल में पहुंचाया। आरोप है कि दोनों को चिकित्सक ने बेहोशी का इंजेक्शन लगाया। सुबह होश आया तो उन्होंने स्वयं को बेड पर पाया।

अनुपम ने बताया उन्हें चिकित्सक ने उपचार के नाम पर 45 हजार व विशेष को 21 हजार का बिल दे दिया। दोनों पर्यटकों ने अस्पताल प्रशासन पर मनमानी व इंजेक्शन लगाकर जबरन बेहोश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# एक साथ जलीं छह चिताएं, हर आंख हुई नम

**दुखद**
- गमगीन माहौल में हुई सड़क हादसे के मृतकों की अंत्येष्टि
- बुधवार को ओखलकांडा क्षेत्र में गधेरे में गिरा था मैक्स वाहन

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** विकासखंड ओखलकांडा में सड़क दुर्घटना में मरने वालों की संख्या सात हो गई, जिसमें से दो पुटपुडी गांव तथा चार लोग भद्रकोट गांव के हैं। एक मृतक बेतालघाट ब्लॉक का बताया जा रहा है, जिनका नाम महेश चंद्र रेखाड़ी है। गुरुवार को एक साथ छह चिताओं का अंतिम संस्कार किया गया। एक साथ छह चिताओं को जलता देख हर कोई सिहर गया। हर किसी की आंख नम हो गई।

चालक भुवन चंद्र भट्ट को मुखाग्नि उनके पुत्र रवि भट्ट ने दी। ममता भट्ट निवासी पुटपुडी को मुखाग्नि उसके भाई नीरज भट्ट और दीपक भट्ट ने दी। भद्रकोट गांव के महेश परगाई, पार्वती परगाई, कविता परगाई को मुखाग्नि मोहित परगांई ने दी। उमेश परगाई को मुखाग्नि उसके भाई हेम परगांई ने दी। इस दौरान विधायक राम सिंह कैड़ा, पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी, हरीश पनेरू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष ओखलकांडा मदन परगांई, मुकेश परगाई, भुवन भट्ट, खीमेश जोशी, रवि, कीर्तन फुलारा, पंकज भट्ट, शेखर, कुंदन नयाल, राजू भट्ट, खिलेश भट्ट, कुंदन नयाल, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख गोपाल सिंह मटियाली, गिरधर पनेरू सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।



सड़क हादसे के मृतकों की एक साथ जलतीं चिताएं। ● अमृत विचार

### एसटीएच में दो घायलों की स्थिति गंभीर

**हल्द्वानी :** हादसे के बाद घायलों को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में बुधवार की रात करीब पौने 11 बजे भर्ती कराया गया। भर्ती किए गए सात घायलों में से तीन को कम चोटें आईं थीं। इनका उपचार करने के बाद घर भेज दिया गया है। घायलों में दो लोगों को गंभीर चोट आई है। इसमें कमला (49 वर्ष) के पैर में फ्रैक्चर है। एक अन्य घायल कृष्णानंद उम्र 47 को ट्रामा आईसीयू में भर्ती किया गया है। अस्पताल में इनके अलावा ललित मोहन 48 साल और मनोज उम्र आठ साल भर्ती हैं। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि सभी घायलों का उपचार किया जा रहा है और डॉक्टरों को भी निर्देश दिए हैं कि उन्हें सुबह और शाम घायलों की स्थिति के बारे में रिपोर्टकरें।

### बेटी ने पिता और बेटों ने मां को पाकर फिर खो दिया

**हल्द्वानी :** सड़क हादसे ने तीन भाइयों से उनके माता-पिता और बहन को छीन लिया। परिजनों के मुताबिक महेश परगाई की पार्वती देवी से दूसरी शादी थी। पंकज व मनोज, महेश की पहली पत्नी की संतान हैं। उनकी कुछ साल पहले मौत हो गई थी। मृत कविता के साथ भी ऐसा ही हुआ था। वह भी पार्वती देवी के पहले पति की संतान थी। कुछ साल पहले उनका शव दिल्ली में रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला था। परिजनों के मुताबिक कविता के स्कूल व अन्य पहचान संबंधी दस्तावेजों में मर चुके उसके पहले पिता का नाम दर्ज है। कविता के दस्तावेजों में पिता के तौर पर महेश का नाम दर्ज कराना था। इसलिए वह कविता को भी साथ ले गए थे। स्कूल की छुट्टी होने के चलते वह पंकज, मनोज और लक्की को भी अपने साथ ले गए।

# मोबाइल शोरूम में तमंचा तानने वाले को नोटिस देकर छोड़ा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**मामला**
- बीती तीन जून को हुई थी घटना व्यापारियों ने घेरी थी कोतवाली
- आरोपी ने डराने के लिए किया था एयर गन का इस्तेमाल

**अमृत विचार :** मोबाइल शोरूम में कर्मचारियों पर तमंचा तानने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। जांच में पता चला कि तमंचा असली नहीं था, बल्कि उसने एयर गन का इस्तेमाल किया था। जिसके बाद पुलिस ने उसे 41 का नोटस देकर छोड़ दिया। मामले में तीन जून को व्यापारियों ने कोतवाली का घेराव भी किया था।

श्री श्याम इंटर प्राइजेज भोटिया पड़ाव के मालिक राजीव अग्रवाल ने पुलिस को बताया था कि दो जून को उनकी दुकान पर एक ग्राहक महिला के साथ आया था। युवक ने मोबाइल फोन खरीदने की बात कही। इस पर स्टाफ ने ग्राहक को डैमो फोन दिखाए। ग्राहक ने डैमो मोबाइल पर एक ऑडियो चलाकर दिखाने को कहा। स्टाफ ने उसे बताया कि डैमो फोन में आडियो नहीं चल सकती। इसी बात पर युवक तैश में आ गया और स्टाफ को धमकाने लगा। आरोप था कि ग्राहक ने जेब से तमंचा निकालकर उनके व स्टाफ पर तान दिया।

युवक ने धमकी दी कि वह पीरूमदारा का रहने वाला केके आनंद है। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि गुरुवार को आरोपी को पकड़ लिया गया। जांच में पता चला कि कारोबारी पर तमंचा नहीं, एयर गन तानी थी। ग्राहक को पकड़ने के बाद कारोबारी को बुलाया गया। मामले में नया मोड आने पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**पत्रकार वार्ता** — कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने जताया जनता का आभार, बोले-निकाय चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेंगे

# हमारा प्रदर्शन बेहतर, कमियों पर करेंगे मंथन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नैनीताल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने पत्रकार वार्ता में कहा कि लोकसभा चुनाव में उन्हें जनता से काफी प्यार मिला है। पार्टी कहां-कहां कमजोर रही, इस पर मंथन किया जायेगा। कहा कि आने वाले चुनावों में और भी मजबूती के साथ वापसी करेंगे।

गुरुवार को नैनीताल रोड स्थित एक होटल में प्रकाश जोशी ने लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए जनता का आभार जताया और कहा कि जनता चुनाव के प्रकार के हिसाब से अपना वोट तय कर रही है। रुद्रपुर विधानसभा सीट पर लोकसभा, विधानसभा और निकाय चुनाव में पार्टियों को जो वोट मिलता है, वह काफी अलग होता है। इसलिए हमें विश्वास है कि आने वाले निकाय चुनाव में कांग्रेस अच्छा प्रदर्शन करेगी। लोकसभा चुनाव के नतीजों का असर निकाय चुनाव पर दिखेगा।



पत्रकार वार्ता करते कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी, साथ में विधायक सुमित हृदयेश व अन्य।

उन्होंने कहा कि पिछले बार की तुलना में इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस नैनीताल सीट पर ज्यादा वोट लाई है। हमारा प्रदर्शन पहले से बेहतर रहा है। हम जनता के बीच उनके मुद्दों को लेकर गए फिर भी हम हारे हैं तो इस पर हमें विमर्श करना होगा। कहा कि सांसद अजय भट्ट बैंगन, प्याज के पौधे बांटकर सांसद बने हैं। उनके पास रक्षा राज्य मंत्री जैसा पद था, इसके बावजूद उन्होंने क्षेत्र के लिए कुछ नहीं किया। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि उत्तराखंड में कांग्रेस इसलिए अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई, क्योंकि यहां चुनाव पहले चरण में था। अगर चुनाव तीसरे या चौथे चरण में होता तो कांग्रेस का प्रदर्शन कुछ और होता।

उत्तराखंड में पार्टी को जरूर निराशा मिली है, लेकिन इंडिया गठबंधन ने इस बार पीएम मोदी के अहंकार को तोड़ दिया है। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष गोविंद बिष्ट, रोहित भट्ट, शोभा बिष्ट, मुकुल बल्यूटिया आदि रहे।

### इशारों-इशारों में ईवीएम पर जताया संदेह

**हल्द्वानी :** प्रकाश जोशी ने इशारों-इशारों में ईवीएम पर भी संदेह जताया। कहा कि इस बार के चुनाव नतीजे पिछली बार के चुनाव के नतीजे की ही तरह हैं। पिछली बार नैनीताल लोकसभा सीट पर पड़े कुल वोट, भाजपा, बसपा और कांग्रेस को मिले वोट के साथ ही नोटा को मिले वोट सब पिछले बार के नतीजों के आसपास ही हैं। जोशी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि ऐसा लग रहा है कि पुरानी ईवीएम मशीनों को खोल दिया गया।

# रात भर चली तेज हवाएं दिन में गर्मी से हाल बेहाल

संवाददाता, हल्द्वानी

**मौसम**
- पहाड़ों में हुई झमाझम बारिश मैदानी इलाकों में गर्मी का प्रकोप
- 37 डिग्री सेल्सियस रहा अधिकतम तापमान

**अमृत विचार :** बुधवार की रात हल्द्वानी में तेज हवा चलती रही। सुबह मौसम साफ था और तेज धूप के साथ दिन की शुरूआत हुई। पहाड़ों में बारिश से मौसम सुहावना हो गया है।

हल्द्वानी में बुधवार की रात तेज हवा चल रही थी। जिस वजह से रात के समय गर्मी कम रही। न्यूनतम तापमान भी विगत दिनों की अपेक्षा कम रहा और यह 23.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुरुवार को सुबह की शुरुआत तेज धूप से हुई। दोपहर के समय गर्मी का असर रहा।

हालांकि विगत दिनों की अपेक्षा पारा कम दर्ज हुआ। अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस रहा। उधर, पर्वतीय क्षेत्रों में जमकर बारिश हुई। पिथौरागढ़ में 59 मिमी, डीडीहाट में 12 मिमी, लोहाघाट में 10.2 मिमी, बेरीनाग में 8.1 मिमी और गरुड़ में 7.5 मिमी बारिश हुई।

### आठ जून से चल सकती है उष्ण लहर

**हल्द्वानी :** मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि मैदानी इलाकों में अब मौसम साफ रहेगा। आठ जून से मैदानी इलाकों में उष्ण लहर की स्थिति बन सकती है। साथ ही अधिकतम तापमान फिर से 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर सकता है। आने वाले दिनों में लोगों को फिर से प्रचंड गर्मी झेलनी पड़ेगी।

# पानी के लिए खाली बर्तन लेकर प्रदर्शन, आंदोलन की चेतावनी

## गौलापार के खेड़ा क्षेत्र में नलकूप खराब होने से गहराया संकट, गुस्साए लोगों ने सिंचाई विभाग के खिलाफ नारेबाजी की, शीघ्र व्यवस्था करने की मांग


गौलापार के खेड़ा में पेयजल समस्या को लेकर खाली बाल्टियों के साथ प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गौलापार स्थित खेड़ा क्षेत्र में सिंचाई विभाग का नलकूप खराब होने से लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। पिछले एक सप्ताह से पानी का संकट झेल रहे लोगों का गुस्सा गुरुवार को फूट पड़ा। उन्होंने खाली बर्तन लेकर प्रदर्शन करते हुए सिंचाई विभाग के खिलाफ जमकर नारे लगाये।

लोगों का कहना था कि कुछ समय पूर्व ही विभाग ने नलकूप की मोटर ठीक कराई थी, जो पुनः खराब हो गई है। उन्होंने बार-बार मोटर खराब होने पर विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन व जल संस्थान विभाग के आपसी मतभेद के कारण समस्या बढ़ गई है। मवेशियों तक के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। जल संस्थान पानी का बिल तो समय से भेजता है, मगर घरों में नल की टोंटी से एक बूंद भी पानी नहीं टपक रहा है। विभागीय टैंकर 3 से 4 दिन बाद पानी लेकर पहुंच रहे हैं। जिस कारण उन्हें दूरदराज के क्षेत्रों से पानी ढोना पड़ रहा है।

पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्जुन सिंह बिष्ट ने कहा कि यदि शीघ्र पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीणों को साथ लेकर विभाग के खिलाफ आंदोलन किया जायेगा। इस दौरान ललित जोशी, विक्की जोशी, चम्पा जोशी, मंजू शर्मा, दीपा भट्ट, नंदी गरवाल, चिंतामणि भट्ट, कमल भट्ट, ममता गोस्वामी, पुष्पा रौतेला, मधु भट्ट, लीला जोशी, चम्पा शामिल रहे।

> नलकूप की मरम्मत का कार्य चल रहा है। दो से तीन दिन में कार्य पूरा हो जायेगा। टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है।
> **-अंचित रमन**, ईई सिंचाई विभाग

# भीमताल में बिजली-पानी के लिए त्राहि-त्राहि

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** भीमताल नगर और आसपास के क्षेत्रों में बिजली और पानी की समस्या का अंत होने का नाम ही नहीं ले रहा है। समस्या के समाधान के लिए अब स्थानीय लोगों ने जल संस्थान और बिजली विभाग के खिलाफ आंदोलन करने का ऐलान किया है।

सवेरे व्यापारी, स्थानीय उपभोक्ता, जनप्रतिनिधि और अन्य लोग विकास भवन पहुंचे और जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरि को समस्या से संबंधित ज्ञापन सौंपा। सामाजिक कार्यकर्ता नितेश बिष्ट, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा मनोज भट्ट, प्रान्तीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरव रौतेला के नेतृत्व में पहुंचे लोगों ने अवगत कराया कि प्रचंड गर्मी के चलते जल स्रोत सूख गए हैं। ऐसे में बिजली नहीं आने से पंपिंग योजनाएं भी ठप्प पड़ी हैं। वहीं लोगों ने 48 घंटे के भीतर व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर विभागों के खिलाफ व्यापक स्तर पर आंदोलन करने का ऐलान किया। बताया कि भीमताल नगर के अलावा पांडे गांव, करकोटक, बिलासपुर और इससे लगे क्षेत्रों में ना बिजली है और ना पानी। इसके बाद सभी लोग उपखंड कार्यालय विद्युत विभाग जा पहुंचे और बताया कि आश्वासन के बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं है।

ऐसे में आम जनमानस के पास आंदोलन के सिवाय कोई रास्ता नहीं रह जाता है। अधिकारी ने शीघ्र ही व्यवस्था में सुधार होने का आश्वासन दिया। इस दौरान निर्वतमान नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र चनौतिया, मोहित पडियार, भूपेन्द्र कन्नौजिया, बिशन पोखरिया, नवीन पंत, रामपाल गंगोला, पंकज जोशी, महेश जोशी, बिशन पोखरिया, नवीन पंत आदि लोग उपस्थित थे।


जिला विकास अधिकारी नैनीताल को ज्ञापन देते लोग। ● अमृत विचार


> व्यापारी वर्ग के साथ-साथ सभी वर्ग पानी और बिजली की नियमित सप्लाई हो इसकी मांग कर रहा है। पर दोनों ही उपलब्ध नहीं होने के कारण अब समस्या गंभीर होते जा रही है। शीघ्र ही समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन होगा।
> **-सौरभ रौतेला**, अध्यक्ष, व्यापार मंडल


> ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में बिजली कटौती के चलते पानी भी नहीं आ रहा है। जल स्रोत भी सूख गए हैं। बिजली की व्यवस्था ठीक हो तो पानी भी आए
> **-नितेश बिष्ट**, सामाजिक कार्यकर्ता


> पूरा क्षेत्र पानी और बिजली की समस्या से ग्रसित है। लोगों की मांग बिजली और पानी उपलब्ध कराने की है। आठ माह से पानी नहीं बरसा है। ऐसे में जानवरों के साथ-साथ अब मनुष्यों के लिए भी पानी नहीं है। **-मनोज भट्ट**, पूर्व मंडल अध्यक्ष, भाजपा


> जनता बिजली कटौती से परेशान है। बिजली नहीं आने से पानी भी नहीं आ रहा है। सवेरे से लोग दोनों सुविधाओं के लिए परेशान रहते हैं। विभाग को चाहिए कि कार्यप्रणाली में सुधार लाए।
> **-देवेन्द्र चनौतिया**, निर्वतमान नगर पंचायत अध्यक्ष

## पांच दिन से बिजली ठप कई परिवार परेशान

**गरमपानी :** भुजान-बेतालघाट मोटर मार्ग से सटे हिडाम गांव में पांच दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने से 80 से ज्यादा परिवार परेशान हैं। विद्युत संचालित उपकरण शोपीस बन चुके हैं। भीषण गर्मी के बीच आपूर्ति ठप पड़े होने से लोग परेशान हैं। मोबाइल चार्ज न होने से लोगों का दूसरे गांव के बाशिंदों से भी संपर्क भंग हो चुका है। 11 केवी लाइन टूटने से आपूर्ति ठप है। गांवों में पेयजल संकट के बाद अब विद्युत आपूर्ति भी बड़ी समस्या बन चुकी है। आए दिन अंधड़ से गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप हो जा रही है जिस कारण गांवों के बाशिंदों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। समीपवर्ती हिडाम गांव के बाशिंदे पिछले पांच दिनों से विद्युत आपूर्ति ठप होने से परेशान हैं। शाम होते ही पूरा गांव अंधेरे में डूब जा रहा है। जंगली जानवरों के खतरे से लोग घरों से बाहर निकलने में तक डर रहे हैं। महानगरों से छुट्टी बिताने गांव पहुंचे लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसार गांव की 11 केवी की लाइन टूटने से आपूर्ति ठप हुई है। जिसे दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय दीप चंद्र नैनवाल, हेम चन्द्र नैनवाल, मोहन चंद्र, गिरीश राम, रामकिशन, चंदन राम, भूपाल राम, खुशी राम, भुवन चंद्र ने पांच दिनों से आपूर्ति ठप पड़े होने पर गहरी नाराजगी जताई है। ग्रामीणों ने जल्द आपूर्ति सुचारु किए जाने की मांग उठाई है। विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी आयुष चौहान के अनुसार कर्मचारी आपूर्ति सुचारु करने में जुटे हैं। जल्द व्यवस्था दुरुस्त कर दी जाएगी।

## सार-संक्षेप


गुनियालेख में स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अध्ययन के लिए पहुंचीं छात्राएं।

### सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने का दिया संदेश

**भीमताल :** राजकीय इंटर कॉलेज गुनियालेख धारी के सीनियर वर्ग के बच्चों ने पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्थानीय पर्यटन स्थल पाटा पोखरी के भ्रमण के साथ-साथ स्थानीय गांव च्यूरीगाड़, पुटगांव, पोखरी एवं पाटा क्षेत्र के स्थानीय नागरिकों, दुकानदारों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश के साथ-साथ सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग न करने एवं एकल उपयोग में आने वाले प्लास्टिक को निर्धारित डस्टबिन में ही डालने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम संयोजक गौरी शंकर काण्डपाल के नेतृत्व एवं विज्ञान शिक्षक पुष्पेश सांगा एवं लक्ष्मी पांडे के साथ 62 बच्चों की टीम पर्यावरण संरक्षण एवं स्थानीय पारिस्थितिकीय तंत्र के अध्ययन, ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण, जन जागरूकता प्रचार प्रसार कार्यक्रम के लिए गए। बच्चों ने स्थानीय ग्रामीण अंचल की पगडंडियों च्यूरीगाड़ बाजार एवं पाटा पोखरी मंदिर परिसर क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक को उठाकर डस्टबिन में डाला, जिसके अंतर्गत लगभग 10 कट्टे कूड़ा एकत्र किया।

### मां नयना देवी मंदिर में अब नहीं बना पाएंगे रील

**नैनीताल :** 51 शक्तिपीठो में से एक विश्वविख्यात मां नयना देवी मंदिर में बीते कुछ दिनों से लोगों द्वारा अमर्यादित ढंग से वीडियो व रील बनाई जा रही थी। जिसको लेकर अब मंदिर ट्रस्ट द्वारा मंदिर परिसर में वीडियो व रील बनाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह की ओर से कहा गया कि अगर मंदिर परिसर के अंदर किसी के द्वारा रील या वीडियो बनाई जाती है तो उस पर कार्रवाई की जा सकती है। बता दे कि मंदिर परिसर में अमर्यादित वस्त्र पहन कर जाने में भी प्रतिबंध लगाया गया है।

### नेत्र चिकित्सा शिविर में 230 लोगों की जांच

**लालकुआं :** सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल में आयोजित निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 230 श्रमिकों एवं अधिकारियों ने आंखों की जांच कराने के साथ-साथ उचित परामर्श दिया। सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल के तत्वाधान में सेंचुरी डिस्पेंसरी में आयोजित निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में वेदांता नेत्रालय के वरिष्ठ नेत्र परीक्षक द्वारा 230 कर्मचारी एवं अधिकारियों के आंखों की जांच की गई। शिविर में सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल के सीईओ अजय गुप्ता, एचआर हेड डॉ. अरुण पांडे, एसके बाजपेई, डॉ. सुनील मधवार आदि लोग मौजूद रहे।


रामनगर में कार्यक्रम का उद्घाटन करते वरिष्ठ पत्रकार विनोद पपनै व अन्य।

### संगीत से होता है अच्छे व्यक्तित्व का निर्माण

**रामनगर :** संगीत सीखने से व्यक्तित्व और चरित्र का निर्माण होता है। खुशी और खुशहाली बढ़ती है। बच्चों के अंदर पनप रही झिझक तो दूर होती ही है साथ ही सामाजिक कौशल में भी सुधार होता है। यह बात प्राइमरी स्कूल दुर्गापुरी में चल रही संगीत, नृत्य व नाट्य कार्यशाला के शुभारम्भ पर गुरुवार को वरिष्ठ पत्रकार विनोद पपनै ने कही। कार्यक्रम अध्यक्ष नीमा मठपाल ने कहा कि संगीत विधा बच्चों के अंदर बालपन से उभरे यही हमारा उद्देश्य है। बता दें कि कार्यशाला में 65 बच्चे संगीत के गुर सीख रहे हैं। इस दौरान संगीत प्रशिक्षक प्रकाश कोतवाल, कार्यक्रम सहयोगी रंजना भट्ट, अंजू अग्रवाल, दीपा कोटिया, अनीता गौड़, कल्पना शर्मा, ममता नयाल, ललित बिष्ट, राजा सत्यवली, पंकज, कुनाल, लक्की, लोकेश, पंकज कोहली, कंचन ललित बिष्ट, विजय जमवाल मौजूद रहे।

### पेयजल लाइन हुई क्षतिग्रस्त, गहराया संकट

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा लाइन नंबर 16 में सीवर लाइन का कार्य चल रहा है। इसके चलते पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। जिससे लाइन नंबर 17, 18 व नई बस्ती क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया है। स्थानीय लोगों ने जब सीवर लाइन के ठेकेदार से क्षतिग्रस्त लाइन को ठीक कराने की बात कही तो ठेकेदार हीलाहवाली की बात करने लगा। इसके बाद लोगों ने जल संस्थान के अधिकारियों से शिकायत की, जिस पर अधिकारियों ने शीघ्र पेयजल लाइन ठीक करने का आश्वासन दिया।

### सिंचाई गूल में मिला अज्ञात शव, मोर्चरी में रखवाया

**रामनगर :** गुरुवार तड़के कानिया-करनपुर रोड पर सैर करने वाले लोगों ने सिंचाई गूल में शव पड़ा देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस टीम ने शव को बाहर निकाला और शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। एसएसआई यूनुस खान ने बताया कि शव को 72 घंटे के लिए मोर्चरी में रखा गया है, अगर शिनाख्त नहीं हुई तो उसके अंतिम संस्कार की कार्रवाई की जाएगी।

# पर्यावरण बचाने का संदेश दिया

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** डिग्री कालेज के एनसीसी कैडेटों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए स्वच्छता अभियान चलाया, 79 यूके बटालियन एनसीसी इकाई के कैडेटों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पुनीत सागर अभियान के तहत कोसी नदी क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया।

स्वच्छता अभियान का शुभारम्भ प्राचार्य प्रो.एम.सी.पाण्डे ने किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण कर जल,जंगल,जमीन से जुड़े रहकर पर्यावरण संरक्षण करने का आह्वान किया। महाविद्यालय से कोसी बैराज क्षेत्र तक पर्यावरण जागरूकता रैली निकालकर जनजागरण किया गया। इसके बाद कैडेटों ने कोसी बैराज क्षेत्र में प्लास्टिक की बोतल, पॉलीथिन, प्लास्टिक रेपर्स आदि को बीनकर नदी क्षेत्र को स्वच्छ कर प्लास्टिक मुक्त बनाने का जन समाज को संदेश दिया। चीफ प्रॉक्टर प्रो.एस.एस.मौर्य, प्रो.जे.एस. नेगी,डॉ.भावना पन्त, डॉ.सिराज अहमद,डॉ.योगेश चन्द्र,डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, डॉ.पी.सी.पालीवाल, अन्डर ऑफिसर सक्षम चौहान व श्रेया रावत, सुमित महक,आशु आर्या,मुकेश रावत, मुस्कान ,किरन,गुंजन डांगी मौजूद रहे। उधर ग्राम पंचायत कानिया की प्रधान सुनीता घुघत्याल के नेतृत्व में कानिया, ढिकुली, टेड़ा और गांव में पर्यावरण सखियों और सीटीआर द्वारा सफाई अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ढिकुली गांव में डिप्टी डायरेक्टर दिकांत नायक, पार्क वार्डन अमित ग्वासीकोटी, रेंजर ढिकाला बिन्दर पाल, रेंजर आमडंडा और ढेला रेंजर, भानु प्रताप हरबोला, पूनम, राजेंद्र छीमवाल मौजूद रहे। इधर कल्पतरु वृक्ष मित्र संगठन द्वारा विश्व प्रकृति पर्यावरण दिवस पर पौध रोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मैनेजर आयुष पोदार व राजवंत तड़ियाल व अन्य लोग मौजूद रहे।


जागरूकता रैली निकालते एनसीसी कैडेट्स। ● अमृत विचार

## अधिक वोल्टेज से फुंके उपकरण, रोष

**रामनगर, अमृत विचार :** ग्राम सभा चोरपानी भट्ट कालोनी में दो साल से डबल फेस लाइन में विद्युत प्रवाह की वजह क्षेत्र के लोगों के घरेलू उपकरण खराब हो रहे हैं। कई बार व्यक्तिगत एवं कस्टमर केयर में शिकायत दर्ज करने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। क्षेत्र के लोगों ने अधिशाषी अभियंता को सौंपे गए ज्ञापन में नाराजगी जताते हुए कहा कि 27 मई को वोल्टेज ज्यादा आ जाने से लोगों के एसी, कूलर, पंखे आदि जलकर नष्ट हो गए। कोमोवेश यह समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है।

ग्रामीणों ने कहा कि इस संदर्भ में सीएम पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई जाएगी। इस दौरान डॉ. रमेश चंद्र जोशी, जसवंत सिंह, हरपाल सिंह नेगी, भरतेंद्र कुमार लोहिया, हर गोविंद मासीवाल, हेमा पंत, ललिता भट्ट, उर्बा दत्त सुयाल, गणेश दत्त जोशी मौजूद रहे।

## नशे के 60 इंजेक्शनों के साथ एक दबोचा

**रामनगर, अमृत विचार :** पुलिस और एसओजी ने 60 नशीले इंजेक्शन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि गुरुवार को अभियान के तहत पुलिस ने एसओजी के साथ मिलकर वाहनों की तलाशी ली। तभी नयागांव के पास चिलकिया पावर हाउस से शंकरपुर भूल को आने वाले तिराहे पर एक काले रंग की बाइक पर एक व्यक्ति आता दिखाई दिया, जिसे चेक किया तो उसने अपना नाम कैलाश सिंह सैनी बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 60 नशे के इन्जेक्शन मिले। आरोपी कैलाश सैनी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी बाइक को सीज कर दिया गया। रामनगर कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत किया गया। आरोपी को जेल भेज दिया।

# बैंकों में 20 रुपये में हो रहा है दो लाख का दुर्घटना बीमा

संवाददाता, हल्द्वानी

**सौगात**
- एक जून से शुरू हुई प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना
- 18 से 70 साल तक के लोग ले सकते हैं लाभ

**अमृत विचार :** मात्र 20 रुपये में 2 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा हो रहा है। जी हां केंद्र सरकार ने एक जून से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना चलाई है। जिसका लाभ बैंकों के माध्यम से हर कोई उठा सकता है। जिन लोगों ने योजना का लाभ पहले से ले रखा है, वह अपने बीमा का नवीनीकरण करवा रहे हैं।

केंद्र सरकार की ओर से आम लोगों के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में लोग इन योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। ऐसी ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना है, जिसमें महज 20 रुपये का प्रीमियम देकर 2 लाख का दुर्घटना बीमा कराया जा सकता है। जीवन में कई घटनाएं व्यक्ति के बस में नहीं होती हैं, लेकिन उसके बाद के परिणामों को कम जरूर किया जा सकता है। इसलिए लोग बीमा करवाते हैं। जो लोग बीमे का महंगा प्रीमियम नहीं भर नहीं पाते, वह प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ ले सकते हैं। बैंकों के माध्यम से योजना में मात्र 20 रुपये में 2 लाख रुपये का बीमा कराया जा सकता है। बैंक अधिकारियों के मुताबिक एक जून से योजना शुरू हो चुकी है। हालांकि, इसे वर्ष 2016 में शुरू किया गया था। हर वर्ष योजना का नवीनीकरण कराया जा सकता है। योजना में आवेदन करने के लिए आवेदक की उम्र 18 से 70 साल होनी चाहिए। बीमा धारक के दुर्घटना में विकलांग होने पर उसे 2 लाख रुपये तक का बीमा दावा दिया जाता है। इसके अलावा बीमाधारक की दुर्घटना में मृत्यु होने पर राशि उसके नॉमिनी को दी जाती है।

> कई लोग योजना का लाभ पहले से ले रहे हैं, लेकिन अन्य लोग भी इसका लाभ ले सकते हैं। इसमें सालभर में 20 रुपये का प्रीमियम जमा करने पर 2 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा मिलता है। **-कृष्ण मोहन शर्मा**, क्षेत्रीय प्रबंधक, ग्रामीण बैंक

# बेलदार ने ब्लॉक में डाले गए पत्थर निकलवा दिए

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर करोड़ों रुपये के बजट के बावजूद गुणवत्ताविहीन कार्य कर बजट ठिकाने लगाया जा रहा है। जौरासी के बाद अब अतिसंवेदनशील लोहाली क्षेत्र में कार्यदाई कंपनी का कारनामा सामने आया है। एनएच के बेलदार ने सख्त रुख अपनाकर ब्लॉक में डाले गए पत्थर निकलवा दिए। वहीं बड़े बजट से हो रहा कार्य महज कुछ ही दिनों में दरकने लगे हैं।

कुमाऊं की लाइफ लाइन कहे जाने वाले अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे को चार वर्ष पूर्व आपदा ने भारी नुकसान पहुंचाया। जनहित को ध्यान में रख सड़क व भूतल मंत्रालय भारत सरकार ने हाईवे की मरम्मत को 39 करोड़ रुपये के बजट को हरी झंडी दी। मरम्मत का कार्य शुरू होने के साथ ही सवालों के घेरे में आ गया। पहले बारिश के बीच डामरीकरण करने व रामगढ़ क्षेत्र में निर्माण कार्यों में धांधली का मामला जोर शोर से उठा। अब जौरासी क्षेत्र में ब्लाक निर्माण में पत्थर प्रतिबंधित होने के बाद धड़ल्ले से पत्थर डाले जाने से कार्यदाई संस्था की कार्यप्रणाली की कलई खुल गई। एनएच के अधिशासी अभियंता प्रवीन कुमार के अनुसार महत्वपूर्ण हाइवे पर घटिया कार्य कतई बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। मामले की जानकारी जुटाकर कार्रवाई की जाएगी।


स्निफर डॉग के बारे में जानकारी प्राप्त करते सीटीआर के निदेशक।

## कार्बेट में वन्यजीवों की सुरक्षा करेंगे तीन स्निफर डॉग

**रामनगर :** वन एवं वन्यजीव की सुरक्षा में तीन प्रशिक्षित स्निफर डॉग निगहबानी करते दिखाई देंगे। वकायदा इन तीन स्निफर डॉग के साथ इनके हैण्डलर्स को कार्बेट टाइगर रिजर्व की वन सुरक्षा ईकाई में तैनाती दी गयी है। बेल्जियन मैलीनोइस प्रजाति के लगभग 1 वर्ष की उम्र के तीनो स्निफर डॉग बढी, ट्रॉस व जैकी तथा इनके हैण्डलर्स द्वारा श्वान प्रशिक्षण/ प्राथमिक प्रशिक्षण केन्द्र, भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल, भानू, पंचकुला, हरियाणा में प्राप्त किया है। तीनों स्निफर डॉग में से बड़ी व ट्रॉस की तैनाती कार्बेट टाइगर रिजर्व तथा जैकी की तैनाती कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग में की गयी है। वन्यजीव अंगों को सूंघकर पहचानने तथा छुपाकर तस्करी के माध्यम से ले जाये जा रहे वन्यजीव अंगों को बरामद करने में दक्ष एवं प्रशिक्षित स्निफर डॉग बडी, ट्रॉस व जैकी के वन सुरक्षा ईकाई, कार्बेट टाइगर रिजर्व के डॉग स्क्वायड में तैनाती के फलस्वरुप टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत विशेषकर दक्षिणी सीमा में वन एवं वन्यजीव सुरक्षा के सुदृढ़ीकरण में सार्थक योगदान प्राप्त होगा।

## सार-संक्षेप


नलनी गांव में लीकेज से बर्बाद होता पानी। ● अमृत विचार

### लीकेज के कारण बर्बाद हो रहा पानी, ग्रामीण प्यासे

**कालाढूंगी :** नैनीताल विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ गांव नलनी में पेयजल लाइन लीक होने से पानी जंगलों में बर्बाद हो रहा है, जिससे कारण गांव में पेयजल आपूर्ति बाधित हुई है। ग्रामीणों ने जलसंस्थान पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए जल्द लीकेज बंद कराने की मांग की है। ग्रामीण भगवान रावत, विजय, मोहित अधिकारी, पूरन चंद्र,नवीन चंद्र, शेर सिंह अधिकारी, गोधन अधिकारी ने बताया कि जल संस्थान की पेयजल लाइन बीते पांच महीनों से बारह जगहों से लीक हो रही है, जिसकी शिकायत सीएम पोर्टल के साथ ही समस्या से कई बार जल संस्थान कर्मियों व अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। इस पेयजल योजना से कई घरों को जलापूर्ती होती है। पाइप लीक होने स भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पर्याप्त पानी नहीं मिलने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों में जल संस्थान के खिलाफ रोष पनप रहा है।


कालाढूंगी में वट सावित्री पर पूजा करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### कालाढूंगी में महिलाओं ने रखा वट सावित्री का व्रत

**कालाढूंगी :** ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को वट सावित्री का व्रत रखने का विधान है। इसी व्रत को लेकर कालाढूंगी,कोटाबाग,बैलपड़ाव व चकलुवा क्षेत्र में गुरुवार को महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रख सुबह से हि मंदिरों व वट वृक्ष की पूजा कर परिवार की सुख समृद्धि के साथ पति की लंबी उम्र की कामना कर रही हैं। महिलाओं ने पांरपरिक वेशभूषा में महिलाओं ने सजधज कर वट वृक्ष के नीचे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर सत्यवान व सावित्री की कथा सुनती नजर आयी। व्रत के दौरान बरगद के पेड के चारों ओर घूम कर महिलाएं रक्षा सूत्र बांध पति व परिवार के लिए सुख शांति के लिए आशीर्वाद मांगा।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# असली स्मैक तस्करों को 'शह', 'मोहरों' को मात दे रही पुलिस

## स्मैक पीने के आदी लोगों को तस्कर बनाकर जेल भेज रही पुलिस, 10, 20 और 30 ग्राम स्मैक बरामद कर अपनी पीठ थपथपा रही

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कुमाऊं के प्रवेश द्वार हल्द्वानी में ड्रग्स का धंधा थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। आए दिन स्मैक, चरस, नशीली दवाएं, इंजेक्शन बरामद होती हैं। लगातार कार्रवाई के बाद भी इस पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। कार्रवाई के नाम पर या तो ड्रग्स का सेवन करने वाले अथवा ड्रग्स की डोज पहुंचाने वाले ही पुलिस की पकड़ में आते हैं। लेकिन मुख्य आरोपी अथवा सप्लायर अभी तक नहीं पकड़ा जा सका है।

ड्रग्स माफिया के गिरेबां तक पुलिस के हाथ नहीं पहुंच पा रहे हैं। आखिर माफिया को कौन शह दे रहा है? नैनीताल जिले का बनभूलपुरा थाना क्षेत्र ऐसा इलाका है, जहां नशे का सबसे बड़ा कारोबार होता है। न सिर्फ स्मैक बल्कि नशे के इंजेक्शन बेचने वालों की इस क्षेत्र में भरमार है। बनभूलपुरा और बनभूलपुरा थाना क्षेत्र का गांधीनगर नशे के कारोबार में अर्से से लिप्त है।

**20** प्रतिशत ही नशे की खेप बरामद कर पाती है पुलिस

**39** .57 ग्राम स्मैक पिछले माह 20 मई को पकड़ी गई थी



### दावा बरेली में हैं बड़े धंधेबाज, पकड़े एक भी नहीं

**हल्द्वानी :** पुलिस हमेशा यह कहकर बचती है कि स्मैक के बड़े धंधेबाज बरेली में बैठे हैं। वहीं स्मैक बनती है और फिर हल्द्वानी के रास्ते पहाड़ों तक सप्लाई होती है। बड़ी बात यह है कि पुलिस दावा तो करती है कि धंधेबाज बरेली में बैठे हैं, लेकिन पकड़ एक को भी नहीं पाई है। इस मामले में बहेड़ी भी कम नहीं है, जो बरेली जिले का ही हिस्सा है। पुलिस ने आज तक उत्तर प्रदेश पुलिस से संपर्क साध कर इसका स्थाई समाधान नहीं निकाला।

### पिछले एक माह में पकड़े गए ये छोटे धंधेबाज

- 1 मई को मुखानी पुलिस ने लालडांठ मुखानी निवासी आकाश कुमार को 19 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा।
- 1 मई को भवाली पुलिस ने 2.30 ग्राम स्मैक के साथ टम्टा मोहल्ला अल्मोड़ा निवासी मिहिर टम्टा को गिरफ्तार किया।
- 12 मई को 12 ग्राम स्मैक के साथ मुखानी पुलिस ने शक्ति विहार मल्ली बमौरी मुखानी निवासी हेम चन्द्र पांडेय को पकड़ा।
- 20 मई को बनभूलपुरा पुलिस ने 39.57 ग्राम स्मैक कुंवर ललित विजय सिंह निवासी बरेली व मो. ताहिर निवासी किदवई नगर बनभूलपुरा को पकड़ा।
- 21 मई को बनभूलपुरा पुलिस ने 32.36 ग्राम स्मैक शोएब सिद्दीकी निवासी गफूर बस्ती को गिरफ्तार किया।
- 24 मई को मुखानी पुलिस ने चंद्रशेखर पाठक उर्फ अनुज को आरके टेंट रोड से 15.58 ग्राम स्मैक साथ पकड़ा।
- 30 मई को बनभूलपुरा पुलिस ने 9.54 ग्राम स्मैक के साथ सराफत हुसैन उर्फ कबाड़ी निवासी गफूर बस्ती को गिरफ्तार किया।

### 30 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर पकड़ा

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा पुलिस के मुताबिक थाने की टीम को पैदल गश्त के दौरान स्मैक बिक्री की खबर मिली थी। टीम मछली बाजार के पास पहुंची तो एक युवक पुलिस को देख भागा। हालांकि वह पकड़ा गया। तलाशी ली तो उसके पास से 29.51 ग्राम स्मैक बरामद की। पूछताछ में उसने अपना नाम शाकिब पुत्र मो. राशिद निवासी लाइन नंबर 8 आजादनगर बनभूलपुरा बताया। साथ ही बताया कि वह बरामद स्मैक गांधीनगर निवासी रघु से खरीदकर लाता था। जिसे वह रेलवे स्टेशन के आसपास बेचता था। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी, एसआई विरेन्द्र चन्द, कांस्टेबल भूपेन्द्र सिंह जेष्ठा, लक्ष्मण राम व शिवम कुमार थे।

### सही ठिकाने पर पहुंच जाता है 80 प्रतिशत माल

**हल्द्वानी :** नैनीताल जिले के तत्कालीन एसएसपी पंकज भट्ट ने इस बात को स्वीकार किया था कि पुलिस लगातार कार्रवाई के बावजूद सिर्फ 20 प्रतिशत ही नशे की खेप बरामद कर पाती है, जबकि 80 प्रतिशत माल अपने सही ठिकाने पर पहुंच जाता है। वर्ष 2022 के 365 दिनों में पुलिस ने नशे से जुड़े 193 केस दर्ज किए और 254 लोगों को गिरफ्तार किया। इस गिरफ्तारी में न सिर्फ पैडलर्स हैं, बल्कि तस्कर भी हैं। इस वर्ष पुलिस की कार्रवाई न के बराबर है।

### वर्ष 2022 के बाद थमी पुलिस की कार्रवाई

**हल्द्वानी :** वर्ष 2022 से फरवरी 2023 तक पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। इस दौरान 22 किलो 727 ग्राम चरस, 5 किलो 151 ग्राम 859 मिग्रा स्मैक, 141 किलो 800 ग्राम गांजा, 541 ग्राम हैरोइन और 3439 नशे के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले इंजेक्शन बरामद किए गए। फरवरी 2023 के बाद नशे के खिलाफ अभियान थम गया। फरवरी 2023 से जून 2024 तक के आंकड़ों पर नजर डालें तो पुलिस की कार्रवाई उक्त कार्रवाई का 25 प्रतिशत भी नहीं है।

## सार-संक्षेप



अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपते क्षेत्रवासी। ● अमृत विचार

### बारात घर में मांस बनाने देने की मांग

**लालकुआं :** नगर के अंबेडकर पार्क स्थित बारात घर में विवाह व अन्य समारोह में मीट मांस शुरू करने की मांग को लेकर क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राहुल सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञातव्य हो नगर पंचायत लालकुआं द्वारा पिछले माह बारात घर में चिकन मटन मांस बनाने पर रोक लगा दी थी। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राहुल कुमार को सौंप गए ज्ञापन में मांग की है कि नगर के वार्ड नंबर एक स्थित अम्बेडकर पार्क में बारात घर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया था और इसका लाभ वर्तमान तक आर्थिक रूप से कमजोर समाज के लोग पूर्ण रूप से उठा रहे हैं, लेकिन पखवाड़े पूर्व एक कार्यक्रम में नगर पंचायत द्वारा बारात घर में चिकन बनने पर रोक लगा दी गई थी जिस कारण खासी परेशानी का सामना करना पड़ा था। ज्ञापन देने वालों में नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन रामबाबू मिश्रा, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन पांडे, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रविशंकर तिवारी, समाजसेवी फिरोज खान, राहुल कश्यप, बबलू, ठाकुर रवि, बिस्मिल खान, सईद सिद्दीकी, सलमान शाह शामिल रहे।

### ग्रीष्मकालीन शिविर में दी जानकारी

**हल्द्वानी :** जिले के राजकीय स्कूलों में पर्यावरण दिवस पर ग्रीष्मकालीन शिविर चलाया जा रहा है। शिविर में पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज फूलचौड़ में गुरुवार को सस्टेनेबल फूड सिस्टम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इकोक्लब प्रभारी लाल सिंह ने छात्र-छात्राओं को रासायनिक खाद्य और कीटनाशक के दुष्परिणामों के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को सुपर फूड को अपने आहार में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### पेंशनर्स की विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन का ऐलान

**हल्द्वानी :** राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने पेंशनर्स के डीए बढ़ाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन का ऐलान किया है। समिति के संयोजक जगत सिंह डोभाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दो बार आशवासन दिया, लेकिन अभी तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो पाई हैं। नैनीताल रोड स्थित पाल कॉलेज के सिटी कार्यालय में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक नारायण पाल ने दीप प्रज्जवलित कर और केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान पान सिंह नेगी, गणेश मेल्कानी, बलेश कमार मौजूद रहे।

### संयुक्त मोर्चा ने दी हड़ताल की चेतावनी

**हल्द्वानी :** जल निगम व जल संस्थान संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर 11 से 15 जून तक जल संस्थान के प्रधान कार्यालय में धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है। पत्र में कहा है कि कर्मचारियों के वेतन व पेंशन भुगतान के लिए राज्य सरकार की ओर से प्रस्ताव मांग था, जिस पर कोषागार से वेतन व पेंशन भुगतान के लिए सरकार की ओर से सहमति दी गई थी। लेकिन उत्तराखंड जल संस्थान के प्रबंधन तंत्र ने प्रस्ताव को खारिज करते हुए असहमति जता दी है। जिसके चलते जल संस्थान और पेयजल निगम के कर्मचारियों में निराशा छाई है। इसलिए कर्मचारियों को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कहा कि यदि शीघ्र जल संस्थान प्रबंधन की ओर से कोई फैसला नहीं लिया गया तो सभी कर्मचारी प्रदेश व्यापी हड़ताल पर चले जाएंगे।



पटेल चौक में वट वृक्ष की पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### सुहागिनों ने पति की दीर्घायु के लिए रखा उपवास

**हल्द्वानी :** सुहागिनों ने गुरुवार को वट सावित्री का उपवास रखा और वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की। उन्होंने पति की दीर्घायु और सभी मनोकामनाएं पूरी करने की कामना की। पटेल चौक पिपलेश्वर महादेव मंदिर के पास स्थित वट वृक्ष और रामपुर रोड में स्थित वट वृक्ष सहित शहर के अन्य स्थानों पर सुहागनों ने पूजा-अर्चना की। पारंपरिक वेशभूषा में महिलाएं सज-धज कर सुबह से ही मंदिरों और वट वृक्ष की पूजा के लिए पहुंची। महिलाओं ने वट वृक्ष के चारों ओर घूमकर रक्षा सूत्र बांधा और सावित्री व सत्यवान की कथा पढ़ी।

### जेब काटकर बैंक खाता खाली करने वाला गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** पुलिस ने जेब काट कर बैंक खाता खाली करने वाले शातिर को गिरफ्तार कर लिया है। शातिर ने जेब काटने के बाद पीड़ित के एटीएम से एक लाख रुपये निकाल लिए थे। गंगोलीहाट बेरीनाग पिथौरागढ़ निवासी चंदन सिंह बिष्ट यहां एकता बिहार भगवानपुर रोड में किराये के मकान में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया था 28 मई को वह घर जा रहे थे तभी किसी ने उनका पर्च चुरा लिया। पर्स में 600 रुपये, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड व आधार कार्ड था। पर्स चोरी करने के बाद शातिर ने पर्स से एटीएम कार्ड निकाला और एक लाख रुपये निकाल लिए। मामले में पुलिस ने जहांगीर पुत्र नसीर अहमद को प्राइमरी स्कूल भगवानपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पर्स में मौजूद दस्तावेज समेत एक लाख रुपये बरामद कर लिए हैं। आरोपी मूलरूप से बिहारमल इज्जतनगर बरेली का रहने वाला है। पुलिस टीम में एसआई मनोज सिंह अधिकारी, कांस्टेबल धीरज सिंह सुगड़ा व बलवन्त सिंह थे।

# वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता श्याम सिंह क्वीरा नहीं रहे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और साधन सहकारी समिति कमलुवागांजा के पूर्व निदेशक श्याम सुंदर सिंह क्वीरा का गुरुवार सुबह लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे और सेना से हवलदार पद से सेवानिवृत थे।



श्याम सिंह क्वीरा। फाइल

उन्होंने गुरुवार सुबह लगभग पौने आठ बजे बचीनगर नंबर एक स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंच गए। उनकी अंत्येष्टि चित्रशिला स्थित श्मशान घाट पर की गई। चिता को मुखाग्नि उनके पुत्रों नवीन सिंह क्वीरा और हेमू क्वीरा ने दी। श्याम सिंह क्वीरा सालों तक कमलुआगांजा रामलीला कमेटी से भी जुड़े रहे और कई पात्रों का किरदार निभाया। वह अपने पीछे पत्नी हंसा क्वीरा के साथ ही दो पुत्रों और पुत्रियों उषा बिष्ट व दीपाली बिष्ट का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंत्येष्टि में कर्नल (सेनि) भूपाल सिहं महरा, कैप्टन मोहन सिंह महरा, दलीप सिंह नौला, आनंद सिंह बिष्ट, राम सिंह क्वीरा, संजीव क्वीरा, पूरन सिंह बिष्ट, नरेन्द्र सिंह क्वीरा, हरीश बिष्ट, हितेश बिष्ट समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे। उनके निधन पर कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष भवाली संजय वर्मा ने शोक व्यक्त किया।

# एमबीपीजी में 218 छात्रों ने लिया प्रवेश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज की प्रवेश प्रक्रिया गुरुवार को कॉलेज में ही संपन्न हुई। इस दौरान कॉलेज में प्रवेश के लिए छात्र-छात्राओं की भारी भीड़ उमड़ी। करीब 218 छात्रों ने प्रवेश लिया।

प्रवेश प्रक्रिया के दौरान बीए प्रथम सेमेस्टर में 132, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में 32, बीएससी पीसीएम में 34, बीएससी जेडबीसी में 20 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया। कॉलेज में अब तक 279 छात्र-छात्राएं प्रवेश ले चुके हैं। लोकसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन ने एमबीपीजी कॉलेज को अधिग्रहित किया था। जिस वजह से बीती एक जून से पांच जून तक एमबीपीजी कॉलेज की प्रवेश प्रक्रिया महिला डिग्री कॉलेज में हुई। लोकसभा चुनाव की मतगणना होने के बाद जिला प्रशासन ने कॉलेज परिसर को कॉलेज प्रबंधन के सुपुर्द कर दिया है। इधर, कॉलेज में प्रवेश के लिए कई छात्र-छात्राओं को विषयों का चुनाव करने और टीसी व अंकपत्र न होने के कारण दिक्कत हुई। प्रवेश प्रभारी अमित सचदेवा ने बताया कि जिन छात्रों का अंकपत्र और टीसी डिजीलॉकर में नहीं दिखा रहा है, उनमें अधिकांश उत्तराखंड बोर्ड के हैं। ऐसे छात्रों को छूट दी गई है, लेकिन एक निर्धारित समय में उन्हें अपना अंकपत्र और टीसी सौंपना होगा। इसके लिए छात्र लिखित तौर पर वचनबद्धता दे रहे हैं।



एमबीपीजी कॉलेज में प्रवेश के लिए पहुंचे छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### प्रवेश प्रक्रिया

- एमबीपीजी कॉलेज में अब तक 279 छात्र ले चुके हैं प्रवेश
- टीसी व अंकपत्र न दिखाने पर छात्रों को दी जा रही है छूट

### महिला कॉलेज में हुए 74 प्रवेश

**हल्द्वानी :** राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में गुरुवार को 74 छात्राओं के प्रवेश हुए। जिसमें बीए में 24, बीकॉम में 6, बीकॉम ऑनर्स में 3, बीएससी पीसीएम में 14 और बीएससी जेडबीसी में 27 प्रवेश हुए। कॉलेज में अब तक कुल 154 छात्राओं के प्रवेश हो चुके हैं।

### 14 जून तक होंगे समर्थ पोर्टल में पंजीकरण

**हल्द्वानी :** समर्थ पोर्टल में प्रवेश पंजीकरण की तिथि 14 जून तक बढ़ा दी गई है। किसी कारण से अभी तक पंजीकरण न करा पाने वाले छात्र-छात्राएं पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। महिला डिग्री कॉलेज और एमबीपीजी कॉलेज के प्रवेश प्रभारी ने बताया कि प्रवेश के लिए छात्र समर्थ पोर्टल से पंजीकरण कर सकते हैं।

# नालियां बनाने व सड़कें ठीक करने की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नगर निगम के अधिकारी इन दिनों वार्डों में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं। बुधवार को नगर निगम की टीम वार्ड 55 और 50 में पहुंची। यहां लोगों ने अधिकारियों के सामने वार्ड में नालियां बनाने, खराब स्ट्रीट लाइटों व सड़कें ठीक करने की मांग उठाई।

चौपाल के दौरान वार्ड 50 के लोगों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि नगर निगम में शामिल होने के बाद भी सड़कें खराब हैं। वार्ड में नाली नहीं बनाई गई है। जिस वजह से बारिश होने पर सड़क पानी से लबालब हो जाती है। कहा कि वार्ड में जब पेयजल लाइन बिछाई गई थी तब सड़कें खोदी गई थीं। कार्य पूरा होने के बाद से सड़कें ऐसी ही पड़ी हैं। वार्ड 55 के लोगों ने बताया कि उनके वार्ड में सड़कों का निर्माण नगर निगम ने कराया है, लेकिन नालियां नहीं बनी हैं। वार्ड में पूरी तरह से स्ट्रीट लाइटें भी नहीं लगाई गई हैं। उन्होंने बरसात से पूर्व नाली बनाने की मांग की। चौपाल में लोगों ने सफाई का मुद्दा भी उठाया। कहा कि सफाई कर्मी सही समय पर सफाई करने नहीं आते हैं। इस पर नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने कहा कि सफाई निरीक्षकों के नंबर वार्ड वासियों को देने के निर्देश दिये। जिससे दिक्कत होने पर लोग स्वयं ही सफाई निरीक्षक से संपर्क करें। इस दौरान वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट आदि मौजूद रहे।

### किरायेदार से मकान मालिक को दिलवाना होगा यूजर चार्ज

**हल्द्वानी :** बैणी सेना घरों से कूड़ा उठाने का यूजर चार्ज वसूलती है, लेकिन कई घरों के किराएदार 60 रुपये प्रतिमाह का मामूली शुल्क भी नहीं दे रहे हैं। किरायेदारों का कहना है कि यूजर चार्ज केवल मकान मालिक ही देंगे, जबकि नियम के तहत मकान मालिक हो या किरायेदार सभी को यूजर चार्ज देना होता है। नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने आदेश जारी किया है कि अगर किरायेदार यूजर चार्ज नहीं देगा तो इसकी वसूली मकान मालिक से होगी। मकान मालिक को इससे बचना है तो उसे किरायेदार से यूजर चार्ज दिलवाना होगा।

### विधायक आवास में जलभराव की समस्या देखी

**हल्द्वानी :** विधायक सुमित हृदयेश के आवास में बारिश के दिनों में जलभराव हो जाता है। इस विधायक सुमित हृदयेश ने नगर निगम के अधिकारियों से समस्या का हल निकालने को कहा था। गुरुवार को सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट टीम के साथ सिंचाई नहर का मुआयना करने पहुंचे। उन्होंने बताया कि कई जगह जलभराव के कारण नजर आए हैं, जिन्हें सही किया जाएगा।

# ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने को सात घंटे गुल रही बिजली

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बिजली विभाग की ओर से गुरुवार को काठगोदाम बिजली घर की पावर क्षमता बढ़ाने के लिए सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शटडाउन किया गया। जिस कारण आसपास के क्षेत्रों में सात घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।

काठगोदाम बिजली घर से जुड़े दमुवाढूंगा, मुखानी, लालडांठ रोड व तल्ली बमौरी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिसके चलते उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ी। बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या को दूर करने के लिए विभाग ने बिजली घरों के ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने का कार्य शुरू कर दिया है। विभाग का दावा है कि इससे बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या से उपभोक्ताओं को निजात मिलेगी।

# छुट्टी न लेकर काम पर गया मनीष, बना आखिरी सफर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बीते मंगलवार को हल्द्वानी डिपो की बस संख्या यूके 07 पीए 4183 नैनीताल से दिल्ली रूट के लिए निकली, लेकिन रामपुर हाईवे पर बिलासपुर चीनी मिल के पास बस हादसे का शिकार हो गई। जिसमें परिचालक मनीष मिश्रा की मौत हो गई।

गुरुवार को जब अमृत विचार की टीम हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन पहुंची तो नाम न छापने की शर्त पर एक परिचालक ने बताया कि मनीष मंगलवार को नैनीताल से हल्द्वानी बस लेकर पहुंचे थे। बस में तकनीकी दिक्कत आ गई थी। मनीष का काम समाप्त हो गया था और वह छुट्टी ले सकता था, लेकिन मनीष ने छुट्टी नहीं ली। मनीष डिपो से दूसरी बस लेकर हल्द्वानी से दिल्ली रूट के लिए बस लेकर निकल गये, लेकिन कुछ ही घंटे बाद रात साढ़े 11 बजे बस बिलासपुर चीनी मिल के समीप बस ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई और यह सफर मनीष का आखिरी सफर बन गया। मनीष की पत्नी ने बताया कि तीन माह पूर्व ही पिता के देहांत के बाद मनीष को मृतक कोटा में नौकरी मिली थी। घर में कमाने वाले मनीष ही थे, लेकिन उनके जाने के बाद 4 बेटियां और 1 बेटे के पालन-पोषण की जिम्मेदारी बढ़ गई है।

> घटना बहुत ही दुखद है। मृतक की पत्नी को साक्षारता योग्यता के अनुसार परिवहन निगम में मृतक कोटे के तहत नौकरी दी जाएगी। वहीं दुर्घटना बीमा व अन्य मद के तहत मृतक परिवार की आर्थिक मदद की जाएगी।
> **-सुरेंद्र बिष्ट**, एआरएम, हल्द्वानी डिपो

# टैक्सी वाहन बुक होने से ग्रामीणों की बढ़ी फजीहत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नगर में इन दिनों ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन चरम सीमा पर है, जिससे नगर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों पंगूट, बगड़, घुग्घूखान आदि कई ग्रामीण क्षेत्रों में भी काफी पर्यटक आ रहे हैं, लेकिन इस सब के बीच इन दिनों इन ग्रामीण क्षेत्रों के लिए छोटे वाहनों का टोटा पड़ गया, जिसकी वजह से इन क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को नैनीताल जिला मुख्यालय आने-जाने के लिए काफी परेशानियों का सामना उठाना पड़ रहा है।

इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में काफी होटल और रिजार्ट व कैम्प आदि बने हुए हैं। बगड़, महरोडा, घुग्घूखान व सौड़ आदि क्षेत्रों में किसान और आमजन का यातायात का मुख्य साधन छोटी टैक्सी गाड़ियां हैं, लेकिन वर्तमान में ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन बढ़ने से टैक्सी गाड़ियां होटल वालों ने अपने पर्यटकों के लिए बुक कर ली हैं, जिसकी वजह से क्षेत्र के किसान और आमजन समेत बीमार पुरुष व महिलाओं और बच्चों को आने जाने के लिए छोटे वाहन नहीं मिल पा रहे हैं, जिसके चलते लोगो को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि शासन प्रशासन को ग्रीष्मकालीन सीजन के दौरान जनता की समस्या को ध्यान में रखते हुए यातायात की सुविधा के लिए बसें चलायी जानी चाहिए।

# समस्या का समाधान तलाशें अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कोटाबाग में जनता की शिकायत पर विधायक बंशीधर भगत नाराज हो गए। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि एक दिन के भीतर समस्या का समाधान तलाशें और काम शुरू कर दें। जल जीवन मिशन के काम में जुटे ठेकेदार को भी स्पष्ट कह दिया कि अगर काम नहीं हो रहा तो दूसरा क्षेत्र तलाश लें।

विधायक गुरुवार को कोटाबाग क्षेत्र के ग्राम सभा पतलिया पहुंचे। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि जल जीवन मिशन के कामों में लापरवाही बरती जा रही है। पानी नहीं मिल रहा है और जल निगम व जल संस्थान के कनिष्ठ अभियंता गायब रहते हैं। वह बिछ रही पाइप लाइन का निरीक्षण नहीं कर रहे और ठेकेदार मनमानी कर रहा है। इस पर विधायक ने कहा कि तीन वर्षों में लगभग छह करोड़ रुपए खर्च किए गए, फिर भी पीने के पानी के लिए वजूनिया हल्दू, पतलिया, नाथू नगर, मूसा नवाड़ आदि ग्राम के ग्रामीण गर्मी में पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। विधायक भगत ने कनिष्ठ अभियंताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि एक दिन के भीतर समस्याओं को सूचीबद्ध कर समाधान में जुट जाएं। अन्यथा अपने तीन वर्ष के निष्क्रिय कार्यकाल को यही विराम देकर किसी नए क्षेत्र की तलाश कर लें।

विधायक को बताया गया कि 8 इंच की जगह 6 इंच की पेयजल लाइन बिछाई जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को 8 इंच की पाइप लाइन बिछाने के लिए प्रस्ताव बनाने को कहा।



ग्रामीणों की शिकायत सुनते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

# लोनिवि बनायेगा काठगोदाम रेलवे स्टेशन की दीवार

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग नरीमन तिराहा से काठगोदाम रेलवे स्टेशन तक बोतल नेक को सही कर रहा है। सड़क चौड़ीकरण के लिए राजकीय संपत्तियों को तोड़ दिया गया है। काठगोदाम रेलवे स्टेशन की दीवार की तरफ गहराई है। इस वजह से सड़क को चौड़ा करने के बाद वहां हादसों का डर है। लोक निर्माण विभाग अब दीवार बनाने का काम शुरू कर रहा है। जिससे बाद में सड़क पर हादसे न हों। नरीमन तिराहा से लेकर काठगोदाम रेलवे स्टेशन तक सड़क काफी पतली होने की वजह से यहां आये दिन जाम लगता है। लोनिवि ईई अशोक कुमार ने बताया कि काम को समय पर खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है।

# कचरा बनने से बची 40 लाख दूध की थैलियां

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ 'आंचल' दुग्ध उत्पादन के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहा है। संघ ने उपभोक्ताओं से दूध की खाली थैली वापस करने पर ईनाम देकर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

राज्य सहकारी डेयरी लिमिटेड की ओर से संचालित दुग्ध संघ ने उपभोक्ताओं से आंचल दूध व छांछ की खाली थैली वापस करने को लेकर प्रदेश भर में बीती एक अप्रैल से 31 मई तक अभियान चलाया था। इसी योजना के तहत जिले में दो माह में करीब 40 लाख थैलियों को कचरे में जाने से बचाया गया, जिससे काफी हद तक पर्यावरण को नुकसान से बचाव हुआ।

नैनीताल दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा ने बताया कि उपभोक्ताओं से मिली खाली थैलियों को रिसाइकल करके अन्य कार्यों में प्रयोग में लाया जाता है। योजना को गर्मी के कारण कुछ समय के लिए रोका गया है, लेकिन जाड़ों में फिर से इसे शुरू किया जाएगा। इससे पहले साल 2004 व 2014 में भी आंचल डेयरी ने यह योजना चलाई थी।

मार्केटिंग अधिकारी संजय भाकुनी ने बताया कि योजना के तहत 30 खाली साफ थैली वापस करने पर उपभोक्ताओं को एक स्क्रैच कूपन कार्ड दिया गया।

## सार-संक्षेप



किच्छा में ग्रामीणों को जागरुक करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

### ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक में साइबर क्राइम से किया सचेत

**किच्छा :** ग्राम खुरपिया में प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा की अध्यक्षता में ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक शर्मा ने ग्रामीणों को नशा मुक्ति अभियान, महिला संबंधी अपराध, साइबर क्राइम, आदि मुद्दों पर विस्तार से जानकारी देते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया। इस मौके पर हल्का प्रभारी उपनिरीक्षक विजय कुमार, उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह, बीट कर्मचारी कांस्टेबल नरेंद्र कन्याल, कांस्टेबल भागवत परिहार, कांस्टेबल बसंत जोशी आदि मौजूद रहे।



किच्छा में सर्वे कार्य का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### गन्ना क्षेत्रफल का जीपीएस के माध्यम से किया जा रहा सर्वे

**किच्छा :** किच्छा चीनी मिल क्षेत्र के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी, (काशीपुर) निलेश कुमार ने निकटवर्ती ग्रामों में गन्ना पर्यवेक्षकों द्वारा किए गए सर्वे कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने गन्ना पर्यवेक्षकों से विस्तार से जानकारी हासिल कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उनके द्वारा ग्राम आजाद नगर, चुकटी, महाराजपुर आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने पर्यवेक्षकों को सर्वे के समय किसानों को मौके पर बुलाकर गन्ना क्षेत्रफल की जानकारी से अवगत कराने के निर्देश दिए। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक महेश प्रसाद ने बताया कि सर्वे कार्य प्रगति पर है तथा पूर्ण रूप से जीपीएस पद्धति से सर्वे कार्य किया जा रहा है। 75 प्रतिशत सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है तथा जून के अंतिम सप्ताह तक पूरा सर्वे हो जाएगा। इस मौके पर गन्ना समिति सचिव संजीव कुमार चौधरी, गन्ना पर्यवेक्षक रविशंकर कांडपाल, सुधीर आहूजा, विशाल सेतिया आदि मौजूद रहे।

# ऊधमसिंह नगर में स्मार्ट मीटर लगाने के लिए सर्वे का काम शुरू

## जिले में जुलाई से लगने हैं 399320 उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर, 289.46 करोड़ होंगे खर्च

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** बिजली चोरी मामलों को रोकने के लिए ऊधमसिंह नगर में स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। इसके लिए सर्वे का काम शुरू हो चुका है। पहले चरण में बिजली घर, फीडर और ट्रांसफार्मरों का सर्वे किया जा रहा है। इसके बाद घरेलू उपभोक्ताओं का सर्वे किया जा रहा है। संभावना है कि इस माह के अंत तक सर्वे पूरा होने के बाद जुलाई से स्मार्ट मीटर लगने शुरू हो जाएंगे। जिले में घरेलू, व्यावसायिक और सिडकुल क्षेत्र में करीब 399320 स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे।

यूपीसीएल को जिले में बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए आरडीएसएस योजना के तहत केंद्र सरकार से मिले 555.15 करोड़ की धनराशि से करीब 265.59 करोड़ रुपये स्मार्ट मीटर को लगाने में खर्च करेगा। जबकि 289.46 करोड़ रुपये अन्य इंफ्रास्ट्रकचर को बनाने में खर्च कर रहा है। इसके लिए यूपीसीएल ने बिजली घर, फीडर और ट्रांसफार्मरों का सर्वे शुरू कर दिया है। इसके बाद घर-घर उपभोक्ताओं को कनेक्शनों का सर्वे किया जाएगा।

इसके बाद जुलाई से यूपीसीएल की टीम पुराने मीटर हटाकर उनकी जगह स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर देगी। यूपीसीएल के अधिकारियों के अनुसार स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को एसएमएस के जरिये इस्तेमाल की गई यूनिट की जानकारी समेत कई अन्य जानकारियां फोन पर मिलेंगी। इन मीटरों के लगने के बाद उपभोक्ताओं को न तो मीटर रीडिंग की टेंशन रहेगी और न ही बिल भुगतान को लेकर लाइन में खड़ा होना पड़ेगा। इसके लिए उपभोक्ताओं को एक ऐप डाउनलोड करना होगा।

### कंट्रोल रूम में बने सॉफ्टवेयर से होंगे कनेक्ट



**रुद्रपुर :** यूपीसीएल के अधिकारियों के अनुसार स्मार्ट मीटर पर नजर रखने के लिए एक कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। इसके लिए जिले के सब स्टेशनों के फीडर में 460 स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। ये सभी स्मार्ट मीटर कंट्रोल रूम में लगे साफ्टवेयर से कनेक्ट होंगे। मीटर खराब होने या मीटर में छेड़खानी होने पर सीधे सूचना कंट्रोल रूम में आयेगी। इसके बाद यूपीसीएल की टीम कार्रवाई करेगी।

### उपभोक्ताओं को यह होगा फायदा

- स्मार्ट मीटर को फोन से रिचार्ज करना होगा।
- स्मार्ट मीटर में बिना रिचार्ज किए बिजली नहीं जला पाएंगे।
- रिचार्ज के प्लान के मुताबिक बिजली खपत कर सकेंगे।
- स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को पहले से ही पता होगा कि कितना बिजली बिल खपत करना है।
- अगर आप घर से बाहर जाते हैं तो आपको एक भी रुपये नहीं देने होंगे।

> ऊधमसिंह नगर में स्मार्ट मीटर लगने से पहले सर्वे का काम शुरू हो गया है। पहले चरण में बिजली घरों, फीडरों और ट्रांसफार्मर का सर्वे किया जा रहा है। इसके बाद उपभोक्ताओं के घरों में सर्वे किया जाएगा। जुलाई माह से आरडीएसएस योजना के तहत करीब 399320 घरेलू, व्यावसायिक और सिडकुल क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाये जाने शुरू हो जाएंगे। इसमें 265 .59 करोड़ रुपये खर्च होंगे।
>
> **-शेखर चंद्र त्रिपाठी**, अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण खंड रुद्रपुर

# अगले वर्ष से ग्रीष्मकालीन धान की खेती पर प्रतिबंध

**सख्ती**

- जिलाधिकारी ने जीबी पंत विवि के फार्मों को दिए निर्देश
- कहा-किसानों से इस अवधि में कराएं अन्य फसलों की खेती

संवाददाता, रुद्रपुर



**अमृत विचार:** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि जनपद में अधिकांश कृषकों द्वारा कृषि से अतिरिक्त आय अर्जित करने के लिए ग्रीष्मकालीन धान की खेती पद्धति अपनायी जा रही है, जोकि पर्यावरण के दृष्टिकोण एवं भूमिगत जल संरक्षण की दृष्टि से भी हानिकारक है। उन्होंने कहा कि जनपद में आगामी फसली वर्ष में 1 फरवरी से 15 जून की अवधि में ग्रीष्मकालीन धान की खेती को प्रतिबंधित करने की प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

गुरुवार को जिलाधिकारी ने गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय फार्म एवं उत्तराखंड सैनिक पुनर्वास संस्थान, सैनिक फार्म पत्थरचट्टा पंतनगर को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने प्रक्षेत्रों में आगामी फसली वर्षों में 1 फरवरी से 15 जून की अवधि में ग्रीष्मकालीन धान की खेती को प्रतिबंधित करें। साथ ही इस अवधी में अन्य फसलों की खेती का विकल्प अपनाएं। यहां बता दें कि पूर्व में जिलाधिकारी ने जनपद के सभी उप जिलाधिकारियों को अपनी-अपनी तहसील में गर्मियों में धान की खेती को रोकने के लिए कृषकों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए थे।

साथ ही इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अपने कार्य क्षेत्र में भ्रमण करने के साथ ही किसानों को जागरूक करने लिए कहा था। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी भ्रमण के दौरान जनपद के सभी कृषकों को ग्रीष्मकालीन धान की खेती न करने एवं विकल्प के रूप में मक्का, मूंग, उड़द व गन्ने की फसलों की खेती करने के लिए प्रेरित करने को कहा था। ताकि आगामी वर्ष में ग्रीष्मकालीन धान की खेती को पूर्णतया प्रतिबंधित करने की कार्रवाई की जा सके।

### विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**काशीपुर:** पति ने बहन की शादी के लिए दो लाख रुपये मायके से न लाने पर विवाहिता को पीट कर घर से निकाला। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना भगतपुर जिला मुरादाबाद व हाल महुआखेड़ागंज निवासी एक विवाहिता ने बताया कि उसका विवाह सिक्ख रीति रिवाज के साथ महुआखेड़ागंज निवासी सोनू के साथ वर्ष 2019 में हुआ था। विवाह के बाद से उसका पति व ससुराली दहेज कम लाने के ताने देते हुए मारपीट कर घर से निकालने की धमकियां देते थे। संबंधित चौकी व थाने में तहरीर देने पर राजीनामा होने पर वह अपने पति के साथ महुआखेड़ागंज में रहने लगी। बीती 19 फरवरी 2024 को पति ने बहन की शादी के लिए मायके से दो लाख रुपये की मांग की। असमर्थता जताने पर पति उसे मारपीट कर अधमरा कर उसके पुत्र को अपने साथ ले गया। उसने भाई को फोन कर मारपीट की जानकारी दी।




शिविर में रक्तदान करते लोग। ● अमृत विचार

### रक्तदान शिविर में 27 यूनिट खून एकत्र किया गया

**रुद्रपुर :** ऊधमसिंह मेमोरियल ब्लड बैंक की प्रथम वर्षगांठ पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें 27 यूनिट रक्तदान किया गया। इसका शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने किया। इस मौके पर डॉ. उपासना अरोरा, डॉ. प्रशांत पाठक, डॉ.मनदीप सिंह, डॉ.अजय अरोरा, डॉ. राहुल किशोर, डॉ. देसराज कंबोज आदि उपस्थित रहे।


**कार्यालय-परियोजना निदेशक आतमा / मुख्य कृषि अधिकारी**
**विकास भवन-भीमताल, जनपद नैनीताल**

पत्रांक : 164/आतमा/2024-25 **विज्ञप्ति** दिनांक : 06 जून, 2024

**किसान सम्मान / पुरस्कार**

जनपद नैनीताल के कृषक बंधुओं को सूचित किया जाता है कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आतमा परियोजना के अन्तर्गत फसली वर्ष 2023-24 के आधार पर वर्ष 2024-25 में ब्लाक स्तर, जनपद स्तर एवं राज्य स्तर पर विभिन्न इण्टर प्राईजेज यथा-फसलोत्पादन, बागवानी, सब्जी उत्पादन, डेयरी उत्पादन / पशुपालन, मत्स्य एवं रेशम से सम्बंधित क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों को पुरस्कृत किया जाना प्रस्तावित है। पुरस्कार हेतु कृषक बंधु आवेदन पत्र अपने विकासखण्ड से सम्बंधित विकासखण्ड प्रभारी (कृषि), ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक (आतमा), पशु चिकित्साधिकारी (बी०टी०टी० संयोजक), प्रभारी सचल दल उद्यान, मत्स्य प्रभारी, रेशम निरीक्षक अथवा जिला स्तर से मुख्य कृषि अधिकारी / परियोजना निदेशक आतमा, नैनीताल के कार्यालय विकास भवन से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त कर दिनांक 05-07-2024 सांयः 5.00 बजे तक आवेदन पत्र प्रत्येक दशा में सम्बंधित विकासखण्ड प्रभारी (कृषि) / पशुचिकित्साधिकारी कार्यालय में भरकर अभिलेखों एवं प्रमाण पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति फोटाग्राफ सहित जमा करायें। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। जिन कृषकों द्वारा विगत तीन वर्षों में किसी भी स्तर का पुरस्कार प्राप्त किया गया है उनका पुनः पुरस्कार हेतु उसी इण्टरप्राइजेज उसी स्तर में आवेदन मान्य नहीं होगा। ऐसे कृषक उच्च स्तर एवं अन्य इण्टरप्राइजेज में पुरस्कार हेतु आवेदन कर सकते है। अधिक जानकरी हेतु मुख्य कृषि अधिकारी/परियोजना निदेशक 'आतमा' कार्यालय के मोबाइल नं.-9720006825 पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्य कृषि अधिकारी / परियोजना निदेशक आतमा, नैनीताल — मुख्य विकास अधिकारी / उपाध्यक्ष, आतमा, नैनीताल — जिलाधिकारी / अध्यक्ष, आतमा, नैनीताल



**हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**
HINDUJA HOUSING FINANCE
कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015
असवानी कॉम्प्लेक्स गोल्डन फर्नीचर के पास बरेली रोड हलद्वानी-263132

आरआरएम – पंकज सिंह चौधरी – 7081828333, आरएलएम – अरुण कुमार सिंह – 9506011777, सीआरएम– जनेश्वर प्रसाद–9917778324, सीएलएम– श्री रवि दीक्षित 9794347032

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी एक्ट) 2002 के अंतर्गत प्रतिभूतिहित नियम 2002 के नियम 13(2) के अन्तर्गत यह सूचना जारी की जाती है।**

हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड से प्राप्त किये गये ऋण जो कि एन पी ए हो चुके हैं व जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्नवर्णित बकाया राशि शेष थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्नवर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को वित्तीय आस्तियों के प्रतिभुतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत निम्न वर्णित दिनांकों को पंजीकृत डाक पावती सहित /स्पीड पोस्ट/कोरियर द्वारा आप सभी को भेजी गयी थी, जिसकी पावती प्राप्त नही हुई/जो बिना तामील वापस प्राप्त हो गयी है। मांग सूचना निम्नांकित दिनांकों में हमने आशय को स्पष्ट कर दिया था, कि आपके द्वारा सूचना में दर्शायी राशि 60 दिनों के अन्दर जमा नही करायी गयी तो उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अनुसार बैंक में बंधक सम्पत्तियाँ जो कि निम्नलिखित ऋणियों/जमानतदारो के नाम है, उनका आधिपत्य ले लिया जायेगा और कब्जा सूचना/ई-नीलामी सूचना में कर्जदार व गारंटरों की फोटो प्रकाशित की जायेगी। बकाया राशि का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर के नाम और एनपीए की तारीख | मांग सूचना की तारीख / बकाया राशि | सिक्योर्ड आस्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | रविन्द्र सिंह और श्रीमती किरनजीत कौर, दोनों पताः दोपहरिया किच्छा, किच्छा, सेमीअर्बन किच्छा, उत्तराखंड भारत - 26314<br>खाता नं. UP/HDW/HDWN/AOOOOO0394 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 06-03-2024 | मांग सूचना की तारीख 06-05-2024<br>बकाया राशि ₹ 16,80,826/- दिनांक 06-04-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | गाटा सं. 17 और 18, मकान सं. X-12, क्षेत्रफल 700 वर्ग फीट अर्थात 65.03 वर्ग मी., कवर्ड क्षेत्रफल 60.39 वर्ग मी., शारदा एन्क्लेव, डिबडिबा, बिलासपुर, रामपुर, उत्तर प्रदेश 244921, शारदा एन्क्लेव, डिबडिबा, बिलासपुर, रामपुर, उत्तर प्रदेश 244921, भानु प्रताप मेमोरियल स्कूल, रामपुर, उत्तर प्रदेश, 244921, उत्तर में – खाली प्लॉट, दक्षिण में – 28 फीट रोड, पूरब में – प्लॉट सं. X-11, पश्चिम में – प्लॉट सं. I-2 पर हरपाल सिंह का मकान |
| 2 | श्री अमित कुमार गुप्ता और श्रीमती पिंकी गुप्ता, दोनों पताः निवासीः साधु नगर रोड सिसईखेड़ा शिव मंदिर डोहरा सितारगंज के पास, सितारगंज मंदिर, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत - 262405<br>खाता नं. UP/HDW/STGJ/A000000093 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 06-03-2024 | मांग सूचना की तारीख 06-05-2024<br>बकाया राशि ₹ 20,65,771/- दिनांक 06-04-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | खसरा नंबर 60 मिन, क्षेत्रफल 630 वर्ग फीट अर्थात 58.53 वर्ग मी., कवर्ड एरिया 102.19 वर्ग मी., वार्ड नं. 7, रामपुरा, सितारगंज, उत्तराखंड 262405, वार्ड नं. 7, रामपुरा, सितारगंज, उत्तराखंड 262405, मुख्य बाजार, सितारगंज, उत्तराखंड, 262405 उत्तर में – जलीस की संपत्ति, दक्षिण में – रोड़, पूरब में – शफीक अहमद का मकान, पश्चिम में – नईम का मकान |
| 3 | श्री गुरविंदर सिंह, निवासी टुकरी टिकुरी नानकमत्ता सितारगंज नानकमत्ता, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तर' 262311, उधारकर्ता श्रीमती सुखमीत कौर, निवासी – बिडौरा सितारगंज सितारगंज, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262405<br>खाता नं. UP/HDW/STGJ/A000000137 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 06-03-2024 | मांग सूचना की तारीख 06-05-2024<br>बकाया राशि ₹ 10,75,963/- दिनांक 06-04-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | खसरा नं. 60 मिन, क्षेत्रफल 2121 वर्ग फीट अर्थात 197.05 वर्ग मी., कवर्ड क्षेत्रफल 137.93 वर्ग मी., वार्ड नं. 7, रामपुरा, सितारगंज, उत्तराखंड 262405, वार्ड नं. 7, रामपुरा, सितारगंज, उत्तराखंड 262405, मुख्य बाजार, सितारगंज, उत्तराखंड, 262405, उत्तर में – सतपाल सिंह का प्लॉट दक्षिण में – पान सिंह व अन्य की भूमि, पूरब में – 20 फीट रोड़, पश्चिम में – 20 फीट रोड़ |
| 4 | श्री राजेश सिंह और श्रीमती शकुन्तला देवी, दोनोंः दरियाल मसवासी रामपुर, सेमीअर्बन, रामपुर, उत्तर प्रदेश भारत-244925<br>खाता नं. UP/HDW/RDRP/AOOOO0281 & UP/UDA/RUDR/A00OO0032 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 06-03-2024 | मांग सूचना की तारीख 06-05-2024<br>बकाया राशि ₹ 29,28,221/- दिनांक 06-04-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | गाटा सं. 202, क्षेत्रफल 5026 वर्ग मी. अर्थात 329.8 वर्ग मी., क्षेत्रफल 466.93 वर्ग मी., गांव- जटपुरा, मसवासी, टांडा- दरियाल रोड, दरियाल मुस्तकीम, टांडा, रामपुर, उत्तर प्रदेश 244925, टांडा मु, उत्तर में – प्रेम सिंह का प्लॉट, दक्षिण में – सरोज देवी का प्लॉट, पूरब में – रोड, पश्चिम में – रामपाल सिंह का प्लॉट |

उक्त वर्णित ऋणियों / जमानतदारों को सलाह है कि (1) अधिक एवं विस्तृत जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी से मूल नोटिस प्राप्त कर लें (2) मांग सूचना में दर्शायी गयी बकाया राशि ब्याज एवं खर्चे आदि सहित मांग सूचना की दिनांक के 60 दिनों के भीतर जमा करें ताकि सरफेसी अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही से बच सकें।

दिनांक : 06.06.2024, स्थान : हलद्वानी — प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड


# शांतिपुरी में 10 जून से होगा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन



पंचायत भवन में आयोजित बैठक में ग्रामीणों से प्रस्ताव लेतीं ग्राम विकास अधिकारी गुरप्रीत कौर।

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार:** शांतिपुरी नंबर दो पंचायत भवन में चुनाव आचार संहिता हटने के बाद प्रथम बैठक हुई। इसमें तय किया गया कि आगामी 10 जून से स्वच्छ भारत कार्यक्रम के तहत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन घूमाने के साथ ही प्रति परिवार 50 रुपये कूड़ा कलेक्शन शुल्क की वसूली भी की जाएगी।

ग्राम प्रधान चंद्रकला विशन कोरंगा की अध्यक्षता में हुई बैठक को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत विकास अधिकारी गुरप्रीत कौर ने बैठक में उपस्थित सभी वार्ड सदस्यों की सहमति से कूड़ा कलेक्शन वाहन का रूट चार्ट तैयार कर चालक को सौंपने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड में सप्ताह में 2 दिन कूड़ा कलेक्शन हेतु वाहन डोर टू डोर पहुंचेगा। इसके साथ ही प्रतिमाह 50 रुपये यूजर चार्ज भी लिया जाएगा। बैठक में विधवा, असहाय, दिव्यांग एवं वृद्धा पेंशन के प्रस्ताव भी पारित किए। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थलों तथा बाजार की साफ सफाई के लिए कार्यक्रम निर्धारित किए गए। प्रधान चंद्रकला विशन कोरंगा ने गांव के नागरिकों से भारत सरकार के स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाते हुए अपने-अपने घर के सूखे कूड़े को कूड़ा वाहन में कलेक्शन सेंटर भेजने तथा कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए यूजर चार्ज प्रतिमा निर्धारित समय पर देने की अपील की। बैठक में पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद कोरंगा, दुग्ध संघ निर्देशक इंद्र मेहता, एडवोकेट राजेंद्र प्रसाद शर्मा, वार्ड सदस्य भगवती आर्या, पूर्व प्रधान नारायण सिंह कोरंगा, भूपेश आर्या, सस्ता गल्ला विक्रेता हेमंत दफोटी, महिपाल कोरंगा, सीमा कोरंगा, दीपा बिष्ट, कमला चौहान, कुसुम पंत, रेखा कोरंगा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती ममता बिष्ट, दीपा आनंदजोशी आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



किच्छा में पकड़े गए वाहन के साथ वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

### 25 क्विंटल बेंत ले जा रहे पिकअप वाहन को पकड़ा

**किच्छा :** तराई पूर्वी वन प्रभाग की टीम ने वन संपदा की चोरी कर ले जा रहे पिकअप वाहन को पकड़ लिया। वाहन से करीब 25 क्विंटल बेंत बरामद किया गया है। वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर किच्छा बाईपास से एक वाहन को पकड़ लिया। टीम ने पिकअप वाहन में बेंत बरामद किए। टीम ने वाहन को कब्जे में लेकर सीज कर दिया है। वन विभाग के अनुसार पिकअप वाहन चालक कौशर अली ने पूछताछ में बताया कि तराई केंद्रीय वन प्रभाग, टांडा रेंज के जंगल से वाहन में बेंत लादा गया था।



किच्छा में शराब का लहन नष्ट करती पुलिस टीम। ● अमृत विचार

### शराब भट्टी तोड़कर नष्ट किया 8000 लीटर लहन

**किच्छा :** अवैध कच्ची शराब के खिलाफ पुलिस टीम ने छापामार कार्रवाई की। इस दौरान सभी तस्कर मौके से फरार हो गए। कलकत्ता चौकी प्रभारी एसआई धीरेंद्र पंत की अगुवाई में पुलिस टीम ने ग्राम सूर्य नगर नदी किनारे कई भट्ठियों को ध्वस्त करते हुए करीब 8000 लीटर लहन को नष्ट किया। उधर, पुलिस झाड़ियों के बीच नदी किनारे बड़े-बड़े गड्ढों में छुपाकर रखे गए लाहन को देखकर हैरत में पड़ गई। शराब तस्करों ने करीब 2 दर्जन गड्ढों में हजारों लीटर लहन रखा था। प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने चेतावनी दी कि अवैध कच्ची शराब के कारोबार को पनपने नहीं दिया जाएगा।



फलों की जांच करती खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम। ● अमृत विचार

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने फलों के लिए सैंपल

**काशीपुर :** फलों के सीजन को देखते हुए जिला खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने काशीपुर की फल मंडी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मौसमी फलों के सैंपल लिए गए। इसके बाद सैंपल को जांच के लिए रुड़की स्थित लैब में भेजा गया। अधिकारियों ने बताया कि जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को जिला खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम में शामिल अभिहित अधिकारी डॉ प्रकाश चंद्र फुलेरा एवं वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा शाह ने काशीपुर मंडी एवं सब्जी मार्केट का निरीक्षण किया और आम, तरबूज, केले, पपीता के नमूने जांच के लिए। उन्हे जांच के लिए रुड़की भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। डॉ. फुलेरा ने फल विक्रेताओं को चेताया कि कोई भी विक्रेता फलों को पकाने के लिए कार्बाइड व एसिटिलीन गैस का प्रयोग न करें। जिसका प्रयोग करते पाए जाने पर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लायी जाएगी। विशेष अभियान में कुल सात आढ़तियों एवं 15 फल विक्रेताओं का निरीक्षण किया गया।


दैनिक समाचार पत्र — कम खर्च, ज्यादा मुनाफा

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अख़बार

आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट

| | | |
|---|---|---|
| साइज | 4x5 सेमी | 600/- रु. |
| साइज | 4x6 सेमी | 720/- रु. |
| साइज | 4x7 सेमी | 840/- रु. |

स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15

अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अख़बार — लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कुमाऊं संस्करण — स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

अमृत विचार

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### पत्नी को लेने ससुराल गए युवक को सास व साले ने पीटा

**काशीपुर :** पत्नी को लेने ससुराल गए युवक को सास व साले ने पीट दिया। मामले में पीड़ित के पिता ने ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र के पच्चावाला निवासी गुरदेव सिंह ने पुलिस को तहरीर सौंपी। बताया कि उसके बेटे बलिहार की ससुराल ग्राम भीम नगर में है। कुछ दिन पूर्व उसके बेटे की पत्नी नाराज होकर अपने मायके चली गई थी। 15 मई को उसका बेटा बलिहार अपनी पत्नी को लेने ससुराल चला गया। जहां पर उसके साले कृष्णा सहदेव व उसकी सास ने बेटे को जान से मारने की नीयत से सरिया व डंडों से हमला कर दिया। इससे बलिहार के सिर, हाथ व टांग पर गंभीर चोटें आईं हैं। बलिहार को उसके पिता ने गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### अधिवक्ता की बाइक चुराता चोर सीसीटीवी में कैद

**काशीपुर :** कोर्ट परिसर से एक अधिवक्ता की बाइक चोरी हो गई। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। मोहल्ला अल्लीखां व हाल बैलजुड़ी निवासी मौहम्मद फैजान अख्तर ने बताया कि बीती 8 मई 2024 को वह अपने विधि व्यवसाय के कार्य से जसपुर खुर्द स्थित दीवानी न्यायालय बाइक से गया था। बाइक को एसडीएम कोर्ट के पास खड़ी कर थोड़ी देर बाद जब वह लौटा, तो उक्त स्थान पर बाइक नदारद मिली। एसडीएम कोर्ट में लगे सीसीटीवी कैमरे में चेक करने पर उक्त बाइक को अज्ञात चोर चोरी करते देखा गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दहेज उत्पीड़न में 6 ससुरालियों पर मुकदमा

**जसपुर :** पुलिस ने एक नव विवाहिता के पति समेत ससुराल पक्ष के 6 लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है। जसपुर के मोहल्ला भूप सिंह हाल निवासी नवविवाहिता पिंकी ने कोतवाली में तहसील देकर अपनी ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने उसकी तहरीर के आधार पर भारत माता पुरम, हरिद्वार हाल मोहल्ला सब्जी मंडी काशीपुर निवासी उसके पति मोहित, ससुर मदन, सास ऊषा, देवरा आकाश, नंद ज्योति व नैना कुल 6 लोगों के खिलाफ दहेज अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बिजली चोरी करते तीन लोग पकड़े

**जसपुर :** विद्युत विभाग के अधिकारियों ने तीन लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ लिया। उनके खिलाफ पुलिस ने बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी जसपुर प्रथम सुनील कुमार ने बताया कि जसपुर के मोहल्ला डहरिया निवासी सरताज अहमद व नईम तथा मोहल्ला निकट चांद मस्जिद निवासी शरीफ को विद्युत लाइन में कटिया डालकर बिजली चोरी करते पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 135 विद्युत अधिनियम के तहत बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### घर में घुसकर की मारपीट

**बाजपुर :** पड़ोसी परिवार के सदस्यों पर रंजिशन घर में घुसकर गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए ग्राम केशोवाला निवासी मेविस पत्नी शकील ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच करने का भरोसा दिलाया है।

# बाइक सवार को बंधक बनाकर लूटे दस हजार

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**कार्रवाई**

- मारपीट कर चोटिल करने का भी लगा आरोप, पुलिस ने तहरीर के आधार पर दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप में बाइक सवार को बंधक बनाकर मारपीट करने और हजारों की नगदी लूटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अमरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वह सिडकुल की एक कंपनी के परचेज विभाग में कार्यरत है। बताया कि वह मशीन का पार्ट खरीदने के लिए थाना ट्रांजिट कैंप बाजार गया था कि बुधवार की शाम छह बजे के करीब नारायण कॉलोनी के समीप वीरु सिंह, ललित, सोनू ,राजेश सक्सेना, बबलू ने अपने साथियों के साथ रोक दिया। साथ ही बाइक की चाबी छीन ली और घसीटते हुए सौ मीटर स्थित पार्क में ले जाकर पहले बंधक बनाया और फिर जमकर मारपीट की।

आरोप था कि हमलावर में से एक युवक जिसका नाम कैलाश भट्ट पता चला है और कंपनी प्रबंधन से जान पहचान की धमकी दे रहा था। इसके बाद पुनः हमलावर उसे पकड़ कर एक कमरे में ले गए और बंधक बनाकर फिर पीटना शुरू कर दिया। इससे वह चोटिल भी हो गया। आरोप था कि हमलावरों ने दस हजार की नगदी भी लूट ली और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया।

## आंधी में बिजलीघर का केबल बॉक्स फटा

**काशीपुर:** बुधवार देर शाम तेज आंधी से काशीपुर के कई मोहल्लों में बिजली गुल रही है। वहीं आवास विकास के 20 नंबर बिजली घर का केबल बॉक्स फटने हड़कंप मच गया। इसके साथ ही शहर के तीन अन्य स्थानों पर लगे ट्रांसफार्मरों के जम्पर फुंक गए। बुधवार देर रात आंधी से आवास विकास के 20 नंबर बिजलीघर का केबल बॉक्स, जबकि अन्य तीन मोहल्लों में ट्रांसफार्मरों के जम्पर फुंक गए। इसके चलते रात दो बजे से सुभाष नगर, जसपुर खुर्द, आवास विकास, गिरिताल, बाजपुर रोड समेत अन्य स्थानों पर बिजली गुल रही। यूपीसीएल के अधिशासी अभियंता विवेक कांडपाल ने बताया कि बुधवार रात को आई आंधी से कई स्थानों पर छोटे फाल्ट हुए थे। जिन्हें गुरुवार सुबह आठ बजे तक ठीक कर बिजली सुचारू कर दी गई।

### तीन नए कैमरे लगाने के लिए एआरटीओ ने भेजा शासन को प्रस्ताव, सर्वे के बाद मिलेगी मंजूरी

# अब एएनपीआर कैमरा काटेगा चालान

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचार :** सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन कराने के लिए काशीपुर में दो नए एएनपीआर (ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन) कैमरे लगाए जा रहे हैं। एएनपीआर कैमरा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों का ऑटोमेटिक चालान काटेगा। इसके बाद चालान को वाहन स्वामी के मोबाइल नंबर भेजेगा। परिवहन विभाग के अनुसार एएनपीआर कैमरा लगने से सड़क हादसों में भी कमी आएगी।

काशीपुर में विगत वर्ष चार एएनपीआर कैमरा धर्मपुर, सूर्या चौकी, नादेही और दोराहा में लगाए गए थे। कैमरे लगाने के बाद से इन क्षेत्रों में सड़क हादसों में कमी है। इसके साथ ही काटे गए चालान से सरकार को करोड़ों का राजस्व प्राप्त हुआ है। वहीं इसी को देखते हुए एआरटीओ ने दो नए कैमरों को लगाने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। वहीं शासन की मंजूरी मिलने के बाद कैमरे को लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा।

**टीम ने किया कैमरों के स्थानों का सर्वे:** विगत कुछ समय पूर्व दो एएनपीआर कैमरा लगाने के लिए एआरटीओ ने शासन को प्रस्ताव भेजा था। इसमें एआरटीओ ने कैमरे लगाने के लिए दो स्थान दड़ियाल चौकी व पैगा चौकी के पास स्थानों को चयनित किया था। जिसके बाद गुरुवार को टीम ने कैमरों के चयनित स्थानों का सर्वे कर रिपोर्ट शासन को भेज दी है।



दड़ियाल चौकी के पास सर्वे करती टीम। ● अमृत विचार



काशीपुर में दो नए एएनपीआर कैमरा लगाए जा रहे हैं। इसके लिए गुरुवार को सर्वे का कार्य पूरा हो गया। एएनपीआर कैमरा लगने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी।
**-विमल पांडेय,** एआरटीओ, काशीपुर।

# मांगों को लेकर भड़के सिडकुल कंपनी के मजदूर

### कंपनी गेट पर धरना-प्रदर्शन कर प्रबंधन पर भेदभाव और हठधर्मिता का लगाया आरोप, आंदोलन की चेतावनी

**आक्रोश**

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** सिडकुल कंपनी प्रबंधन पर भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए मजदूरों ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर आक्रोश जताया और कंपनी गेट पर धरना प्रदर्शन कर आंदोलन की चेतावनी दी। आरोप था कि कंपनी प्रबंधन की हठधर्मिता के कारण ही तमाम मजदूरों के साथ रोजी रोटी का संकट गहराने लगा है।

गुरुवार को कंपनी गेट पर धरना प्रदर्शन करते हुए श्रमिकों ने आरोप लगाया कि कंपनी प्रबंधन ने ठेकेदार के साथ मिलकर श्रमिकों के जबरन हस्ताक्षर कर अविधिक कृत्य दर्शा दिया। उन्होंने एएलसी को ज्ञापन देकर अविधिक कार्य की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने, निकाले गए श्रमिकों की कार्य बहाली करने, श्रमिकों का न्यूनतम वेतनमान, ओवर टाइम व बोनस का तत्काल भुगतान करने, कर्मचारियों के पंच नंबर को जबरन बदलने पर रोक लगाने, 12 घंटे की शिफ्ट को समाप्त करने, कर्मचारियों को स्थाई करने और वेतन में 25 फीसदी वृद्धि किए जाने की मांग की है।

आरोप था कि कई बार कंपनी प्रबंधन से सात सूत्रीय मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। बावजूद प्रबंधन ने हठधर्मिता दिखाते हुए मुद्दों को दरकिनार कर दिया। उन्होंने आगाह किया कि यदि कंपनी प्रबंधन ने उनकी मांगों पर गौर नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर कांता प्रसाद, सोनू कुमार, राजेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार, राजीव कुमार, भगवान दास, सुंदर लाल, महिपाल सिंह, मुकेश कुमार, भूपराम, प्रमोद कुमार, सुभाष चंद्र, हरी राम आदि मौजूद रहे।



रुद्रपुर में कंपनी गेट पर धरना प्रदर्शन करते श्रमिक। ● अमृत विचार

# फायरिंग मामले में भाजपा नेता सहित आठ पर केस

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**मामला**

- कारोबारी के घर पर पथराव व फायरिंग का है मामला
- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच

**अमृत विचार:** एक जून को अपने साथियों के साथ मिलकर कारोबारी के घर पथराव और फायरिंग प्रकरण में भाजपा नेता सहित आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया है। पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।

कस्तूरी वाटिका बिगवाड़ा निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2023 में उसने अरुण खुराना उर्फ सोनू खुराना निवासी श्यामा गार्डन भूरारानी के साथ पार्टनरशिप में कारोबार शुरू किया था। आरोप था कि एक जुलाई की रात्रि ढाई बजे सोनू खुराना जो कि भाजपा का कार्यकर्ता भी है, अपनी पत्नी शिवानी खुराना, साथी अरुण अरोरा, विक्की मुंजाल, नीरज बाजपाई, अभिनव बाजपाई, साहिल व एक अज्ञात युवक के साथ घर पर आया और अभद्रता करते हुए पथराव शुरू कर दिया।

इस दौरान उनकी पत्नी के पेट में पत्थर लगने से उसकी हालत बिगड़ गई और भयभीत होकर परिवार छत पर चला गया। जहां से वीडियो बनाने से बौखलाए भाजपा नेता सोनू खुराना ने हवाई फायर कर इलाके में दहशत पैदा की। जब कॉलोनी के लोग एकत्रित होने लगे तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। कारोबारी ने थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आठ नामजद व एक अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर, थाना ट्रांजिट कैंप प्रभारी भारत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों के आधार पर हमलावरों की तलाश कर जांच कर रही है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

# कैंटर से कुचलकर सेल्समैन की मौत

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचार:** तेज रफ्तार कैंटर की चपेट में आकर बाइक सवार पेट्रोल पंप के सेल्समैन की मौत हो गई।

यूपी के जिला रामपुर थाना स्वार के ग्राम लाड़पुर सेमरा निवासी योगेंद्र कुमार (40) पुत्र प्रेम प्रकाश यहां बाजपुर रोड स्थित आलू फार्म के पास कल्याण फीलिंग स्टेशन पर सेल्समैन के पद पर कार्यरत था। बुधवार की रात ड्यूटी खत्म करके बाइक से घर वापस जा रहा था। इसी दौरान रात लगभग 9.30 बजे शुगर मिल के पास एक तेज रफ्तार कैंटर की चपेट में आकर योगेंद्र कुमार की घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद कैंटर चालक वाहन लेकर फरार हो गया। उधर बृहस्पतिवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों के मुताबिक योगेंद्र कुमार दो भाइयों में बड़ा था। बताया योगेंद्र अपने पीछे तीन बेटी व एक बेटा और पत्नी को रोता-बिलखता छोड़ गया है।

### हादसे में घायल सिडकुल कर्मी की हालत नाजुक

**रुद्रपुर :** 31 मई को सड़क हादसे में घायल सिडकुल कर्मी की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। शक्तिफार्म अरविंद नगर सितारगंज निवासी विप्लव गोलदार ने बताया कि 31 मई की शाम आठ बजे उसका भाई बिलोक गोलदार डीडी चौक रुद्रपुर से शक्ति फार्म बाइक से घर जा रहा था। गंगापुर रोड के समीप अज्ञात वाहन संख्या यूके- 06 सीबी-8036 ने बाइक को टक्कर मार दी। घायल भाई को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया कि भाई के सिर पर 18 टांके आए हैं। वर्तमान में उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

### सड़क हादसे के आरोपी डंपर चालक पर मुकदमा

**काशीपुर :** सड़क हादसे में स्कॉर्पियो को एक डंपर ने टक्कर मार दी। इस पर आरोपी डंपर चालक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम गढी इन्द्रजीत निवासी लवदीप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके माता-पिता बीती 25 मई की प्रातः करीब 9.30 अपनी स्कॉर्पियो से बाजपुर निजी कार्य से जा रहे थे। तभी बल्ली ढाबा फाटक के पास लापरवाही से सामने से आ रहे डंपर के चालक ने गलत साइड में आकर स्कॉर्पियो में टक्कर मार दी। इसमें उसकी माता इन्द्रजीत कौर को चोंटे आईं।

## रोडवेज डिपो खाली कराएगा अपनी जगह

**काशीपुर:** फ्लाईओवर बनाने वाली कार्यदायी संस्था को रोडवेज डिपो अपना परिसर खाली करने का नोटिस जारी करेगा। कार्यदायी संस्था का आरओबी निर्माण कार्य से संबंधित सामान रोडवेज परिसर में पड़ा हुआ है।

रोडवेज डिपो के एआरएम अनिल कुमार सैनी ने बताया कि वर्ष 2017 में बाजपुर रोड पर रोडवेज डिपो के पास आरओबी का निर्माण कर रही कार्यदायी संस्था ने रोडवेज परिसर की जगह पर अपना निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाला सामान रखा था। अब आरओबी बनकर तैयार हो गया है। जिस पर यातायात पर भी सुचारू हो गया। इसके चलते अब कार्यदायी संस्था को अपना निर्माण संबंधी सामान रोडवेज परिसर से हटाने के लिए पत्राचार किया जाएगा।

# कार ने बाइक को मारी टक्कर

**हादसा**

- अनियंत्रित बाइक दूसरी बाइक से टकराई
- घटना के बाद आरोपी कार चालक वाहन सहित मौके से फरार

**संवाददाता, किच्छा**

**अमृत विचार:** टांडा रोड पर अज्ञात कार चालक ने दो बाइकों को टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने बाइक सवार घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

किच्छा-टांडा रोड पर ग्राम सैंजना मोड़ के निकट तेज रफ्तार कार ने एक बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। कार से टकराने के बाद अनियंत्रित बाइक आगे चल रही बाइक से टकरा गई। घटना के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा को फोन पर घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस को घायलों ने बताया कि दोनों बाइक पर सवार सभी लोग गुरुद्वारा नानकपुरी टांडा जा रहे थे। घटना में भूत बंगला, रुद्रपुर निवासी सचिन पाल पुत्र रमेश पाल, गीता देवी पत्नी रमेश पाल, रेखा देवी पत्नी सचिन पाल, मनीष पाल पुत्र सचिन पाल, शैलेंद्र पाल पुत्र रमेश पाल सड़क पर गिरने से चोटिल हो गए। घायलों ने दरऊ पुलिस चौकी पहुंचकर अज्ञात कार चालक के खिलाफ शिकायत की।



दरऊ पुलिस चौकी में कार्रवाई की मांग करते पीड़ित। ● अमृत विचार

**तैयारी** | सीडीओ ने मनरेगा समेत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की, लक्ष्य के सापेक्ष स्वीकृत आवास की जानकारी ली

# 10 से 16 जून तक मनाया जाएगा जल संरक्षण उत्सव

**सख्ती**

- लापरवाही बरतने वाले ग्राम विकास अधिकारियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने मनरेगा, एनआरएलएम, लखपति दीदी, पीएम आवास (ग्रामीण), पीएम जनमन के साथ ही जल संरक्षण आदि के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में सभी खंड विकास अधिकारियों से उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले ग्राम विकास अधिकारियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

गुरुवार को विकास भवन सभागार में बैठक के दौरान सीडीओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लक्ष्य के सापेक्ष स्वीकृत आवास, अनुपलब्ध और भूमिहीन व्यक्तियों के बारे में जानकारी ली। साथ ही निर्देश दिए कि आवासहीन परिवारों को शीघ्रता से आवास उपलब्ध हों, इसलिए सभी अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेते हुए कार्य करें। निर्माणाधीन आवासों को जल्द पूर्ण कराने और विवादित प्रकरणों जो न्यायालयों में लंबित हैं के लिए राजस्व विभाग से समन्वय करते हुए नई भूमि का चयन करें।

सारा के तहत रिचार्ज पिट, रिचार्ज शाफ्ट, पौधरोपण आदि की कार्ययोजनाएं ग्राम पंचायत वार बनाएं। उन्होंने कहा कि 10 से 16 जून तक जनपद व विकास खंड स्तर पर जल संरक्षण उत्सव मनाया जाना है। इसके लिए जल संरक्षण क्षेत्र में यदि कोई संस्था या एनजीओ कार्य कर रहे हैं तो उनको भी शामिल करें व इसी के साथ विचार गोष्ठी का भी आयोजन करें।



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते सीडीओ मनीष कुमार। ● अमृत विचार

**बैठक में ये लोग रहे मौजूद**

परियोजना निदेशक डीआरडीए अजय सिंह, निदेशक आरसेटी वरुण पंत, खंड विकास अधिकारी बीबी जोशी, केएस सामंत, कुंदन सिंह, असित आनंद, कमल किशोर पांडे, धर्मेन्द्र सिंह सहित डीपीओ, बीएमएम व अन्य संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## शादी समारोह में पहुंचे लोगों ने डाला खलल

**काशीपुर:** शादी समारोह में पहुंचे कुछ लोगों ने खलल डाल दिया। इस दौरान आरोपियों ने नवविवाहिता के पति व ससुरालियों के साथ अभद्रता भी की। मामले में पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर एक महिला सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मधुवन नगर निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 29 मई 2024 को उसकी मुरादाबाद रोड स्थित एक पैलेस में शरीफ नगर ठाकुरद्वारा निवासी शाहिद अहमद के साथ शादी हो रही थी। शादी समारोह में रात्रि करीब 10.30 बजे बबली उर्फ कौशर जहां, मुमताज आलम, नफीस आलम निवासी ठाकुरद्वारा व जुल्फिकार उर्फ डॉक्टर निवासी ढकिया डिलारी घुस आए। इस दौरान उन्होंने उसके पति एवं रिश्तेदारों के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की। उक्त लोगों ने शादी में खलल डालकर समारोह को बर्बाद कर दिया। इसका खामियाजा वह व उसका परिवार भुगत रहा है।


प्रवेश प्रारम्भ

**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट**
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# वट सावित्री : सुहागिनों ने की पति की लंबी आयु की प्रार्थना

## सुहागिनों ने वट वृक्ष के साथ सत्यवान और सावित्री की विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की, मंदिरों में सुबह से ही उमड़ी रही भीड़



पांच मंदिर में पूजा अर्चना करतीं सुहागिन महिलाएं। ● अमृत विचार

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार :** शहर में वट सावित्री का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान सुहागिनों ने वट वृक्ष के साथ सत्यवान और सावित्री की विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की। सुहागिनों ने अपने पति की लम्बी आयु की प्रार्थना की और व्रत रखा।

गुरुवार को शहर के पांच मंदिर, अटरिया देवी मंदिर समेत कई मंदिरों में वट सावित्री पर्व मनाया गया। सुबह से मंदिरों में सुहागिन महिलाओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। पांच मंदिर के पुजारी पुष्पेंद्र शास्त्री ने बताया कि वट सावित्री व्रत कथा बरगद के पेड़ के नीचे की जाती है। इसका कारण, मान्यतानुसार वट सावित्री के दिन बरगद के पेड़ पर यमराज निवास करते हैं। उन्होंने बताया कि इससे विवाहित स्त्रियां अपने पति की लम्बी आयु के लिए यमराज से प्रार्थना करती हैं। साथ ही बरगद के पेड़ पर त्रिदेव भी निवास करते हैं। ऐसे में माना जाता है कि जिस व्यक्ति के सिर पर त्रिदेव का हाथ होता है, उसका मृत्यु भी कुछ नहीं बिगाड़ सकती है। बरगद पेड़ की छाल में भगवान विष्णु, जड़ में ब्रह्मा और इसकी शाखाओं में भगवान शिव वास करते हैं।

### काशीपुर में छबील लगाकर बांटा शरबत

**काशीपुर।** काशीपुर में भीषण गर्मी में समाजसेवियों ने कई स्थानों पर छबील लगाकर लोगों को शरबत बांटा। गुरुवार को रामनगर रोड, चैती मंदिर और सिद्ध पीठ श्री शीतला देवी मंदिर पर शरबत का वितरण किया गया। इसके साथ ही वट सावित्री पर्व के उपलक्ष्य पर शीतला देवी मंदिर में खिचड़ी भी वितरित की गई। मंदिर के प्रबंधक संदीप मिश्रा ने मुख्य यजमान भाजपा नेता आशीष अरोरा बॉबी से पूजा-अर्चना करवाई। पूजा-अर्चना के पश्चात शरबत वितरण किया गया। साथ ही खिचड़ी का प्रसाद बांटा गया। इस दौरान कुणाल गिरी, रुद्राक्ष चौहान, सोनू सागर, अर्पित चौहान, मयंक हंस, मनीष सपरा, राजन समेत कई लोग मौजूद रहे।

### बाजपुर में महिलाओं ने सुनी वट सावित्री की कथा

**बाजपुर।** वट सावित्री अमावस्या पर सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत धारण किया। साथ ही वट वृक्ष (बरगद) की पूजा-अर्चना कर अपने सुहाग व संतान के दीर्घायु की मंगलकामना की। सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री कथा में सावित्री और सत्यवान की कथा का श्रवण किया। सुबह से ही मोहल्ला पहाड़ी कालोनी स्थित नहर किनारे एवं नगर के प्राचीन शिव मंदिर परिसर में स्थित वट वृक्ष की पूजा करने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचने लगीं थीं।



बाजपुर की मोहल्ला पहाड़ी कॉलोनी में वट-वृक्ष की पूजा करतीं सुहागिन महिलाएं।



काशीपुर में शरबत बांटते लोग। ● अमृत विचार



नानकमत्ता में अमावस्या पर्व पर लंगर का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



शांतिपुरी में वट सावित्री पूजा करने मंदिर पहुंचीं महिलाएं।

## शांतिपुरी में भी सुहागिनों ने की वट वृक्ष की पूजा

**संवाददाता, शांतिपुरी**

**अमृत विचार :** शांतिपुरी में सुहागिनों ने अपनी पति की लंबी आयु के लिए गुरुवार को वट सावित्री का व्रत रखकर विभिन्न अनुष्ठान एवं पूजा-अर्चना की।

सुहागिनों ने नए वस्त्र धारण कर विधिपूर्वक वटवृक्ष की पूजा-अर्चना के बाद सामूहिक रूप से रक्षा सूत्र बांधे। उन्होंने वट वृक्ष की परिक्रमा के बाद पंडितों व गरीबों में दान पुण्य कर भगवान से अपने पति की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की और प्रसाद वितरण किया। इस दौरान मंदिरों में जगह-जगह पंडितों द्वारा वट सावित्री की कथा सुनाई। वट सावित्री व्रत पर शान्तिपुरी नंबर 1, 2, 3, 4, सुर्यनगर, जवाहरनगर, सत्संग आश्रम, शीशम भुजिया, शान्तिनगर, हल्दूधार, जयग्राम, तिकोनिया, 17 एकड़, ढांकानी व नगला-गोलगेट के प्राचीन मन्दिरों में सामूहिक पूजा अर्चना की गई। इस दौरान हेमलता तिवारी, हेमा रौतेला, वर्षा टाकुली, ललिता टाकुली, भावना राणा, प्रीती जोशी, चंद्रिका कोरंगा, हेमा कोरंगा, माया जोशी, तारा बिष्ट, चंदा बोहरा, मनीषा टाकुली, कंचन, मंजू राणा, रूचि बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### अमावस्या पर पवित्र सरोवर में स्नान किया

**नानकमत्ता :** अमावस्या पर्व पर गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में स्नान किया। दूरदराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने श्री हरमिंदर साहिब में मत्था टेका और सुख-शांति के लिए अरदास कराई। लंगर हाल पहुंचकर प्रसाद छका।



बाजपुर में ब्रह्मदेव-शनिदेव मंदिर के सामने राहगीरों को शरबत पिलाते श्रद्धालु।

## ज्येष्ठ अमावस्या पर भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ अमावस्या (भगवान शनि देव जन्मोत्सव) पर श्रद्धालुओं ने मंदिरों, घरों में पूजा-अर्चना की। दोपहर में लगे विशाल भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

ब्रह्मदेव-शनिदेव मंदिर में मंदिर कमेटी व ओम शिव कांवड़ दल की ओर से प्रातः सात बजे हवन-यज्ञ, सुबह दस बजे से शरबत का वितरण एवं दोपहर में 12 बजे विशाल भंडारे का आयोजन करवाया गया। मंदिर परिसर में भजन कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर मंदिर कमेटी अध्यक्ष पंकज चानना, ॐ शिव कांवड़ दल के महंत राजेंद्र कुमार उर्फ बंटी ठक्कर, धर्मेंद्र जिंदल, संदीप गुप्ता, सन्नी चानना, मनीष जोशी मौजूद थे। इसी प्रकार हल्द्वानी बस अड्डा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भी कढ़ी-चावल व जलेबियों के भंडारे के साथ ही शरबत की छबील लगाई।

### सीताराम मंदिर में वितरित किया शरबत

**किच्छा।** नगर स्थित वार्ड नंबर 16 में अमावस्या के मौके पर सीताराम मंदिर में पूजा अर्चना के उपरांत शरबत की छबील लगाई गई। सीताराम मंदिर में अमावस्या के अवसर पर पंडित सूर्यमणि द्विवेदी एवं पंडित हरिओम शर्मा के नेतृत्व में पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर विशाल शर्मा, प्रकाश शाह, अनूप शर्मा, पंकज जोशी, अंजू मेहरा, कृष्णा नेगी, राजेंद्र गंगवार, देवकी शर्मा, डोरी लाल राठौर आदि मौजूद रहे।



किच्छा में शरबत वितरित करते श्रद्धालु।

## दिनेशपुर में सुहागिन महिलाओं ने रखा व्रत



दिनेशपुर के चक्कीमोड़ में वट सावित्री पूजन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**संवाददाता, दिनेशपुर**

**अमृत विचार :** वट सावित्री व्रत के अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु की कामना के लिए वट वृक्ष की पूजा- अर्चना करते हुए पूरे दिन उपवास रखा।

गुरुवार को क्षेत्र की महिलाओं ने मंदिरों में वट वृक्ष की पूजा की। नगर के मंदिरों के अलावा चक्कीमोड़, खटोला, मदनापुर, हरिपुरा, चरनपुर, ललपुरी, दिलीपनगर, कूल्हा, तिलपुरी व धीमरीब्लॉक स्थित आदि मंदिरों में सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा की। सावित्री सत्यवान की कथा का वाचन किया। इस अवसर पर नीमा राणा, सीमा कोरंगा, विमला, निशा कोरंगा, पूजा खोलिया, मनीषा पांडा, जानकी देऊपा आदि मौजूद थीं।

### अवैध शराब सहित एक आरोपी दबोचा

**खटीमा।** थाना झनकईया पुलिस ने वार्ड 11 अल्केमिस्ट रोड राजीवनगर निवासी कुनाल सैनी को 38 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक मनोज सिंह देव, ताजुद्दीन थे।

## ग्रामीणों के हस्तक्षेप के बाद मारपीट का मुकदमा दर्ज हुआ

**काशीपुर :** मारपीट के मामले में आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रतापपुर चौकी के बाहर धरने पर बैठे फिरोजपुर के ग्रामीणों के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में पुलिस ने घायल के भाई की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

फिरोजपुर निवासी कपिल कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके भाई आकाश की प्रतापपुर मार्केट में दुकान है। दुकान के पास ही एक वाशिंग सेंटर पर उसने अपनी कार धुलाई के लिए दी, कार की धुलाई होने पर जब कार की चाबी मांगी तो सेंटर स्वामी अमृत सिंह ने चाबी देने से इंकार कर दिया और गाली गलौच करने लगा। आवास-विकास निवासी अमृत सिंह व कमल सिंह, ग्राम जुडका नं- 2 निवासी गुरुवंश सिंह, श्यामपुरम कॉलोनी निवासी अविनाश व प्रतापपुर निवासी करन सिंह ने एक राय होकर कृपाण व लाठी डंडों से उसके भाई के साथ मारपीट की।

## सड़क हादसों में पांच लोग हुए घायल

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचार :** अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोग घायल हो गए। गुरुवार सुबह करीब पांच बजे नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर एक पेट्रोल पंप के सामने बाजपुर से हल्द्वानी की ओर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली व बाइक को ट्रक ने अनियंत्रित होकर पीछे से टक्कर मार दी।

इसमें ट्रॉली में सवार मोहल्ला आलापुर निवासी प्रीति, ग्राम चकरपुर निवासी शकील, नंदपुर नरकाटोपा निवासी जुल्फिकार व बाइक सवार खेड़ा रुद्रपुर निवासी रतन घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। दूसरी घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर केलाखेड़ा के नजदीक हुई है। बताया जाता है कि किसी प्राइवेट कंपनी में कार्यरत कर्मी ग्राम खेमपुर बिजनौर उप्र निवासी मोहम्मद नावेद गुरुवार को बाइक पर रुद्रपुर की ओर जा रहा था। इसी बीच अज्ञात वाहन की चपेट में आकर नावेद गंभीर रूप से घायल हो गया।



बाजपुर के सरकारी अस्पताल में उपचार करवाने पहुंचा घायल मोहम्मद नावेद।



घायल जुल्फिकार।



घायल मोहम्मद शकील।

### ऐ टेक्स्ट बुक ऑफ पैथो फिजियोलॉजी का विमोचन

**काशीपुर।** सम्राट पृथ्वीराज चौहान ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स के फार्मेसी विभाग में मैनेजिंग डायरेक्टर महेश चौहान ने फार्मेसी पाठ्यक्रम की पुस्तक ऐ टेक्स्ट बुक ऑफ पैथो फिजियोलॉजी का विमोचन किया। पुस्तक संस्थान के विभागाध्यक्ष हिमांशु लोहनी ने लिखी है। जो विभिन्न मानव रोगों और उनके कारक, निदान, उपचार तथा उनके द्वारा होने वाले दुष्प्रभावों को इंगित करती है। इस दौरान कपिल कुमार, माधो सिंह भंडारी, गोपाल सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

### कार ने फास्ट फूड के ठेले को मारी टक्कर

**बाजपुर।** कार ने अनियंत्रित होकर फास्ट-फूड के ठेले में टक्कर मार दी। इससे ठेला क्षतिग्रस्त होने के साथ ही चपेट में आकर तीन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी कार चालक को पुलिस ने पकड़ लिया है। रुद्रपुर निवासी अमित, विशाल व सूरज बाजपुर में चाउमीन का ठेला लगाते हैं, जोकि वार्ड नंबर-दो में किराये पर रहते हैं। रोजाना की भांति बुधवार की देर रात करीब 11 बजे वह ठेला लेकर कमरे पर लौट रहे थे। बताया जाता है कि इसी बीच मुख्यमार्ग पर एक्सिस बैंक के पास तेज रफ्तार कार चालक ने अनियंत्रित होकर ठेले को टक्कर मार दी। इसमें ठेला क्षतिग्रस्त हो गया तथा ठेले के साथ चल रहे तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

## उद्यान सप्ताह में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

**पंतनगर।** जीबी पंत कृषि विवि में उद्यान विभाग की ओर से उद्यान सप्ताह का आयोजन किया गया। इसमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, क्रिकेट, बैडमिंटन, रस्साकसी, तीन किलोमीटर पैदल चाल और 100 व 400 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। उद्यान सप्ताह का प्रारंभ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के साथ हुआ, जिसमें स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों में सुरेंद्र धामी ने पहला, राशी गुसाईं ने दूसरा और रिया पाठक ने तीसरा पुरस्कार हासिल किया। फल विज्ञान प्रश्नोत्तरी में अरूंधति सेमवाल, सौरभ टम्टा, सुमन मौर्या ने पहला पुरस्कार, कीर्तिका शर्मा ने दूसरा और प्रीती बिष्ट व साहिरा रेहाना केटी ने तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। पुष्प विज्ञान प्रश्नोत्तरी में पूजा फत्र्याल ने पहला, आयुष कुमार शाह व रविना राना ने दूसरा एवं दिव्य लक्ष्मी ने तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। पुरूष एकल बैडमिंटन में योगराज कुशवाहा पहला एवं सौरभ टम्टा ने दूसरा पुरस्कार प्राप्त किया।

## महिला ने इंजीनियर पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**काशीपुर।** कोतवाली क्षेत्र निवासी तलाकशुदा महिला ने नोएडा के इंजीनियर युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक तलाकशुदा महिला ने पुलिस को तहरीर सौंप बताया कि कुछ साल पहले उसका विवाह यूपी के संभल निवासी एक युवक से हुआ था। जोकि नशे में अक्सर उसके साथ मारपीट करता था। इस पर उसके परिजन उसे काशीपुर वापस ले आए। जहां पर वह किराए पर रहते थे। वहां नोएडा निवासी एक युवक भी रहता था जो एक स्थानीय फैक्ट्री में इंजीनियर के पद पर कार्यरत था। जिससे महिला की नजदीकी बढ़ गई। महिला का आरोप है कि युवक ने पति से तलाक लेने के बाद शादी का झांसा दिया था, लेकिन तलाक लेने के बाद भी शादी के लिए टहलाता रहा और उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी युवक नोएडा में नौकरी लगने की बात कहकर चला गया और महिला को भी वहां एक मॉल में नौकरी पर लगवा दिया। वहां पर युवक दुष्कर्म करता रहा। बाद में मुकर गया।

# विश्व पर्यावरण दिवस : निबंध में अर्निमा और चित्रकला में काव्या अव्वल



विजेता प्रतिभागियों के साथ उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी व सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल। ● अमृत विचार

**संवाददाता, रुद्रपुर**

- रुद्रपुर नगर निगम ने किया प्रतियोगिता का आयोजन
- विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में रुद्रपुर नगर निगम की ओर से निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में कोलंबस पब्लिक स्कूल की अर्निमा शर्मा ने पहला और चित्रकला प्रतियोगिता में आरएएन पब्लिक स्कूल की काव्या चावला ने पहला स्थान प्राप्त किया।

विश्व पर्यावरण दिवस में आयोजित निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता में पहले स्थान के अलावा निबंध प्रतियोगिता में अमेनिटी पब्लिक स्कूल की अर्षप्रीत कौर ने दूसरा और इसी स्कूल की गुरकीरत कौर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में आरएएन पब्लिक स्कूल रितेश राज चौधरी ने दूसरा और जीडी गोयनका स्कूल की यशस्वी श्रीवास्तव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इस दौरान उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और बच्चों में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था।

सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों के का उत्साह बढ़ता है और की रचनात्मकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।

इसके बाद विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हर्षपाल सिंह चंडोक, अनुप्रिया अरोड़ा, मौलिक कक्कड़, गौरी गगनेजा समेत कई लोग मौजूद रहे।



श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी काशीपुर में पौधरोपण के दौरान शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### श्रीराम इंस्टीट्यूट में किया पौधरोपण

**काशीपुर :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी काशीपुर में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने पर्यावरण को लेकर अपनी चिंताएं जाहिर कीं। संस्थान के निदेशक डॉ. योगराज सिंह, प्राचार्य डॉ. एसएस कुशवाहा सहित समस्त विभाग के विभागाध्यक्ष, प्रवक्तागण, स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### बहुमत मिलने पर भाजपाइयों ने किया पौधरोपण

**किच्छा।** लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत से उत्साहित वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया। इस मौके पर धनंजय सिंह, राजपाल सिंह, शेखावत सिंह, निखिल सिंह, ब्रह्मानंद पुरोहित, राजेश चौबे, सतपाल प्रधान, विकास कुमार, अजय कुमार, संजय सिंह आदि मौजूद रहे।



किच्छा में पौधरोपण करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### श्री सांई शिक्षण संस्थान में पौधरोपण कर रैली निकाली

**जसपुर।** महुआडाबरा स्थित श्री सांई शिक्षण संस्थान में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। संस्थान के चेयरमैन राजकुमार सिंह, निदेशक डॉ. अवनीश कुमार, प्राचार्य डॉ. ममता सिंह एवं उपस्थित प्रवक्ताओं, स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं ने पौधरोपण किया। इस मौके पर संस्था के बीएड द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्राओं ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर कौशल कुमार, मुबीन अहमद, अतुल शर्मा आषी वर्मा, आरजू, सरिता, डॉली, मोहम्मद सलमान, प्रज्ञा चैधरी, अंकिता शर्मा, पंकज कष्यप, नेहा, मयंक, वृंदा, अलविषा, शालिनी, नदीम अकरम, प्रवीण प्रताप चौहान, लोकेश आदि मौजूद रहे।



जसपुर के श्री साईं शिक्षण संस्थान में पौधरोपण करते विद्यार्थी एवं स्टाफ।

### जसपुर से सुरजन नगर को जाने वाली रोड यूपी की तरफ दो बार बन चुकी है, उत्तराखंड में नहीं ली जा रही सुध

# उत्तर प्रदेश की सड़कें चमकीं, उत्तराखंड में बुरा हाल

**सूरत-ए-हाल**

सुशील चौहान, जसपुर



उत्तराखंड में क्षतिग्रस्त जसपुर-कासमपुर लिंक रोड। ● अमृत विचार



उत्तर प्रदेश में चमचमाती जसपुर-सुरजन नगर रोड। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** एक जमाना था जब उत्तराखंड की सड़कें गड्ढा मुक्त थीं और उत्तर प्रदेश सड़कों का बुरा हाल था। जब लोग उत्तराखंड से उत्तर प्रदेश में जाने वाली सड़कों पर सफर करते थे, तब उन्हें जैसे ही सड़कों में गड्ढे महसूस होते थे, तो वे समझ जाते थे कि उत्तराखंड की सीमा समाप्त हो गई है और उत्तर प्रदेश की सीमा शुरू हो गई है। लेकिन आज उसका बिल्कुल उल्टा हो रहा है।

आज सफर के दौरान जैसे ही वाहनों में बैठे लोगों को झटके लगने बंद हो जाते हैं तो उन्हें एहसास हो जाता है कि अब उत्तराखंड की सीमा समाप्त हो गई है और वे उत्तर प्रदेश की सीमा में प्रवेश कर चुके हैं। कहने का आशय है यह है कि आज उत्तर प्रदेश की सड़कें गड्ढा मुक्त हैं और उत्तराखंड की सड़कों की हालत बदतर हो चुकी है। आज उत्तराखंड की काफी सड़कें गड्ढा युक्त हैं। जहां-तहां सड़कें उखड़ी पड़ी हैं। इन सड़कों पर लोगों का चलना दूभर हो रहा है। सड़कों में गड्ढे होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। जसपुर से सुरजन नगर को जाने वाली रोड का कुछ हिस्सा उत्तराखंड में पड़ता है और कुछ हिस्सा उत्तर प्रदेश में पड़ता है। इस सड़क का जो हिस्सा उत्तराखंड में है, वह खराब है और इस रोड का जो हिस्सा उत्तर प्रदेश में वह चमचमा रहा है। लोगों ने बताया कि इस रोड का उत्तर प्रदेश का हिस्सा बिल्कुल ठीक था। इसके बावजूद उत्तर प्रदेश सरकार ने इस सड़क को हाल ही में दोबारा बनवा दिया है और उत्तराखंड सरकार ने अपने हिस्से को खराब होने के बावजूद भी ठीक करने की जरूरत नहीं समझी।

# नीट में किच्छा के अक्षत ने पाई ऑल इंडिया प्रथम रैंक

**सफलता**

- भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल के अक्षत ने किया विद्यालय एवं उत्तराखंड का नाम रोशन

संवाददाता, किच्छा



किच्छा में मेधावी छात्र अक्षत को सम्मानित करते उप प्राचार्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** लालपुर स्थित भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल के छात्र हल्द्वानी निवासी अक्षत पंगरिया ने नीट यूजी परीक्षा 2024 में ऑल इंडिया स्तर पर प्रथम रैंक हासिल करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया। अक्षत ने पहले ही प्रयास में 99.99 परसेंटाइल से यह उपलब्धि हासिल की है। अक्षत की सफलता के बाद विद्यालय में खुशी है।

परिजनों के अनुसार अक्षत ने बिरला स्कूल से हाईस्कूल की परीक्षा 97 प्रतिशत, भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल से इंटरमीडिएट की परीक्षा 96 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की थी तथा 11वीं की पढ़ाई के साथ ही अक्षत ने नीट की तैयारी के लिए कोचिंग लेना प्रारंभ कर दिया था। अपने लक्ष्य पर सदैव केंद्रित अक्षत पंगरिया विद्यालयी क्रियाकलापों एवं प्रतियोगिताओं सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाते रहे हैं। अक्षत की इस उपलब्धि पर विद्यालय टीम ने उन्हें बधाई दी है। अक्षत के पिता गोविंद बल्लभ पंगरिया किच्छा के सरदार बल्लभ भाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक हैं तथा माता सोनू पंगरिया ग्रहणी हैं जबकि अक्षत की बड़ी बहन आकांक्षा पीएचडी की तैयारी कर रही है। अक्षत को चिकित्सक बनने की प्रेरणा अपने पिता गोविंद बल्लभ से मिली। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। विद्यालय के प्रबंधक भरत गोयल ने कहा कि अक्षत की इस उपलब्धि से पूरे देश एवं उत्तराखंड में भारतीयम स्कूल का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने कहा कि दृढ़ विश्वास, इच्छा, शक्ति, लगन और कठिन परिश्रम से हम किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय की प्राचार्य रश्मि आनंद, उप प्राचार्य भूपेंद्र सिंह सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने मेधावी छात्र अक्षत को बधाई दी है।

## अक्षत ने रोजाना 5 से 6 घंटा पढ़ाई की

**किच्छा :** अक्षत पंगरिया ने बताया कि उन्होंने कोचिंग संस्थान की पाठ्य सामग्री के साथ ही एनसीईआरटी की पुस्तकों से प्रतिदिन रोजाना 5 से 6 घंटा पढ़ाई की। उन्होंने बताया कि वह मोबाइल का इस्तेमाल बहुत कम करते हैं। उन्होंने युवाओं से भी नीट की तैयारी के दौरान मोबाइल से दूर रहने तथा पढ़ाई पर ज्यादा से ज्यादा फोकस रखने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि अपना विश्लेषण करने के साथ ही अपनी गलतियों को ढूंढना चाहिए और उसमें सुधार करते हुए नियमित टेस्ट देते रहना चाहिए और यही उनकी सफलता का मूल मंत्र है।

## कैंपस की दो छात्राओं ने नीट क्वालीफाई किया

**पंतनगर :** विवि परिसर स्थित कैंपस स्कूल की दो छात्राओं वगीशा शर्मा और कनिष्का सिंह ने नीट-2024 की परीक्षा में सफलता हासिल की। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में प्राध्यापक डॉ. अदिति वत्स और डॉ. आशीष शर्मा की मेधावी पुत्री वगीशा शर्मा ने नीट परीक्षा में 720 में 638 अंक हासिल किए हैं। साथ ही पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रणीता सिंह और वेटरिनरी ऑफिसर डॉ. कौशलेंद्र प्रताप सिंह की पुत्री कनिष्का सिंह ने 720 में 594 अंक हासिल किए हैं।



वगीशा शर्मा।



कनिष्का सिंह।

## सार-संक्षेप



अतिथियों के साथ सुरक्षा विभाग की वॉलीबाल चैंपियन टीम। ● अमृत विचार

### सुरक्षा विभाग बना वॉलीबाल चैंपियन

**पंतनगर :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में आयोजित वालीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में सुरक्षा विभाग ने प्रशासनिक भवन को लगातार दो सेटों में 25-11 व 25-15 से शिकस्त देकर चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। डीएसडब्ल्यू डॉ. बृजेश सिंह, प्रभारी शारीरिक शिक्षा डॉ. ओम प्रकाश व सह निदेशक शारीरिक शिक्षा डॉ. जीएस बोहरा ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया।प्रतियोगिता के दौरान सुरक्षा विभाग की ओर से लक्ष्मण सिंह परिहार, अजय साहू और नीरज भट्ट ने अच्छा प्रदर्शन किया। फाइनल मैच के रेफरी चंद्रशेखर पंत, लाइन रेफरी श्रवण कुमार, विक्की एवं स्कोरर अमान रहे। संयोजक वालीबॉल वजीर अहमद ने बताया कि लीग मैचों के आधार पर सुरक्षा विभाग और प्रशासनिक भवन की टीमों ने फाइनल में प्रवेश किया था। संचालन सचिव प्रभाकर जोशी ने किया।



गांव पतरामपुर में आयोजित शिविर में लोगों को जागरुक करते कार्यकर्ता।

### शिविर में लोगों को अधिकारों के प्रति जागरुक किया

**जसपुर :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्यों ने गांव परशुरामपुर व निजामगढ़ में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधमसिंह नगर के आदेशानुसार जयपुर क्षेत्र के गांव पतरामपुर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सीनियर सिटीजन व महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर टीम नंबर 16 से पैनल अधिवक्ता राजवीर सिंह, डॉक्टर वीर सिंह गौतम, मुनेश कुमारी, लता देवी, संगीत रानी आदि मौजूद रहे।



बाजपुर नगर में जुलूस निकालकर चादरपोशी के लिए जाते अकीदतमंद।

### उर्स पर पांच किमी पैदल जुलूस निकाला

**बाजपुर :** नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर ग्राम नमूना में स्थित हजरत नून शाह बाबा रहमतुल्ला अलैह की दरगाह पर गद्दीनशीन रफी बाबा की अगुवाई में 26वां उर्स-ए पाक शानोशौकत से मनाया जा रहा है। गुरुवार को दरगाह पर चादरपोशी की गई। इस दौरान ग्राम मुड़िया कलां से लेकर नमूना स्थित दरगाह तक बैंड बाजे के साथ करीब पांच किमी पैदल जुलूस निकाला गया। बताया गया कि दरगाह पर लगे उर्स में सात जून को मिलाद शरीफ एवं लंगर का कार्यक्रम है।

# आवासीय प्लॉटों का रास्ता बंद करने पर भड़के लोग

### रास्ते को लेकर लोगों ने सांकेतिक प्रदर्शन किया, पुलिस भी पहुंची



दिनेशपुर में वार्ड-एक स्थित आवासीय प्लॉटों का रास्ता बंद करने पर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** विक्रेताओं द्वारा बेचे गए आवासीय प्लॉटों का रास्ता बंद करने पर लोग भड़क गए। उन्होंने सांकेतिक प्रदर्शन कर रास्ता खुलवाने की मांग की। पुलिस के समझाने पर लोग शांत हुए।

गुरुवार को नगर के वार्ड-एक में भूमि खाता संख्या-00148 के खसरा नंबर-222 में विक्रेता कश्मीर लाल, रोशन लाल, अशोक कुमार, अजय कुमार, सनी गावा व शारदा रानी निवासी कल्याणी व्यू रुद्रपुर से आवास बनाने के लिए 21 दिसंबर 2015 में शंकर लाल कुनियाल, हंसा डिमरी, दिनेश अरोरा, जगजीत सिंह, गिरधारी लाल अरोरा व तारा सिंह पानू ने प्लॉट खरीदे थे। उनका आरोप था कि भूमि के दाम बढ़ने से विक्रेताओं द्वारा उनका रास्ता बंद कर रास्ते की भूमि पर प्लाटिंग करने के लिए चारदिवारी बनाई जा रही है। सूचना पर क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौके पर आ धमके। उन्होंने सांकेतिक प्रदर्शन कर रास्ता खुलवाने की मांग की। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस के समझाने के बाद लोग शांत हुए। पूर्व सैनिक संगठन व सभी राजनीतिक दलों के लोगों ने थाने पहुंचकर एसआई संतोष उप्रेती को तहरीर सौंपी। इस मौके पर पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, प्रधान सुंदर गिरी गोस्वामी, उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, सूबेदार भगत सिंह धर्मशक्तू, सेना मेडल गोविंद सिंह चौहान, योगेश पानू, चंदन सिंह नयाल, श्याम सिंह देऊपा, देवेंद्र सिंह धर्मशक्तू, नरेंद्र सिंह कोरंगा, चंद्रमणि देवराड़ी, चंचल सिंह देऊपा, विजेंद्र सिंह पवार, राजेंद्र सिंह मेहरा आदि मौजूद थे।

## फंदे पर लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

**बिशारतगंज/बरेली, अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई, उसके भाई ने दहेज हत्या का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इसके बाद मायके वाले महिला का शव अपने गांव अलीपुर फिरोजपुर जिला ऊधमसिंह नगर उत्तराखंड ले गए।

उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर के थाना पुलभट्टा के अलीनगर फिरोजपुर गांव निवासी इरशाद खान ने बताया कि उसकी बहन फरजाना (22) का निकाह मार्च 2022 में बिशारतगंज के सुबांदीपुर गांव निवासी मोबीन खान से हुआ था। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग उससे दहेज में एक लाख रुपये नकद और बुलेट लाने की मांग करते थे, जिस कारण वह तनाव में रहती थी। बुधवार रात ससुराल पक्ष के लोगों ने इसी बात को लेकर उससे झगड़ा किया और उसे फंदे पर लटका कर मार दिया। मृतका के भाई इरशाद ने हरजाना के पति मोबीन सहित पांच लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या की तहरीर दी।

## विधिक शिविर में बीएड के बच्चों को दी जानकारी

**खटीमा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कॉलेज के बीएड विभाग में विधिक शिविर लगाकर बच्चों को कानूनी जानकारी दी गई। कॉलेज सभागार में विभागाध्यक्ष डॉ. रेखा देव की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि सचिव जिला प्राधिकरण और सीनियर डिवीजन जज सचिन कुमार पाठक ने बदले हुए कानून के संबंध में जानकारी दी। वहीं अधिवक्ता चंचल सिंह ने घरेलू हिंसा, शाहाना बेगम ने अपराध, विमल कुमार ने नशामुक्ति, अधिवक्ता इलियास सिद्दीकी ने वाहन एक्ट के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर निशा राजभर, स्नेह प्रभा, कॉलेज प्रवक्ता स्वाति जोशी, विदेशी राम, विनोद मेहरा, अमन मंडल, लाल सिंह मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-93

**बाएं से दाएं**

3. अवसर के अनुकूल, अवसरोचित, मौके के मुताबिक।
5. 1. धोखेबाज़ी, वंचकता 2. छल-कपट।
6. 1. दूसरा, अन्य और, भिन्न 2. फिर, दुबारा, पुनः।

**ऊपर से नीचे**

1. पुरालेखभवन, वह कक्ष या स्थान जहां पुराने अभिलेख संगृहीत कर रखे जाते हैं, (आर्काइव्ज़)।
2. 1. चंचलता, चपलता 2. चुलबुलाने की क्रिया
3. 1. यातना देने की क्रिया 2. किसी के साथ कष्टदायक व्यवहार।
4. 1. ब्रह्मा 2. बृहस्पति 3. कवि 4. वक्ता।
5. 1. धोखे या चालाकी से दूसरों की धन-संपत्ति या माल हड़प जाने वाला व्यक्ति, छली व्यक्ति, धूर्त व्यक्ति 2. दलाल 3. अठारहवीं-उन्नीसवीं शताब्दी में राहगीरों को बहला-फुसलाकर उनका माल छीन लेने वाले लोग तथा उनका कुख्यात गिरोह 4. ठगों के गिरोह का सदस्य 5. कम तौलने और अधिक कीमत लेने वाला दुकानदार 6. धोखेबाज़।



### वर्ग पहेली -92 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वि | दे | श | | | | |
| | | | 2 सं | पो | ष | ण |
| | 3 गुं | | स् | | | |
| 4 दं | डा | धि | का | री | | 5 दा |
| | शा | | री | | | दू |
| 6 तौ | ही | न | | | | पं |
| | | | 7 वा | म | पं | थी |

## सुडोकू-6

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | | 2 | | | |
| | 4 | | | | | 6 | | |
| | | 7 | | | | | 9 | |
| | | 3 | | 9 | | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| | 5 | | | 6 | | 4 | | |
| | 6 | | | | | 5 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| 2 | | | 7 | | 4 | | | |

### सुडोकू - 5 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 5 | 7 | 6 | 4 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 5 | 2 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 2 | 4 | 8 | 9 | 1 | 3 | 5 | 6 | 7 |
| 5 | 9 | 2 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 5 | 9 | 8 | 2 |
| 4 | 8 | 3 | 2 | 9 | 1 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 2 | 4 | 1 | 5 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 9 | 6 | 4 | 2 | 1 | 7 | 5 |
| 1 | 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 2 | 9 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 जून शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 16.44 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 19.43 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष** - आज दूसरों के सामने ज्यादा बातें करने से बचें। आप यात्राओं पर जा सकते हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का सामाजिक सम्मान बढ़ सकता है। काल्पनिक बातों में आपका समय बर्बाद हो सकता है।

**वृष** - आज आपके भाव कुछ नकारात्मक हो सकते हैं, लेकिन आपको धैर्यवान होना चाहिए। आप धन को लेकर कुछ संकोच में आ सकते हैं। मित्रों के प्रति भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें। कानूनी मामलों को आप अपने पक्ष में कर सकते हैं।

**मिथुन** - आज कार्यक्षेत्र में लोग आपका अनहित करने की सोच सकते हैं। यद्यपि वे सफल नहीं होंगे, किंतु किसी पर ज्यादा विश्वास न करें। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। यदि आप किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो आपको पूरी तैयारी रखनी होगी।

**कर्क** - आज का दिन आपके लिए शुभ नहीं है। वैवाहिक जीवन तनावपूर्ण हो सकता है। शांत रहें और परिस्थितियों का अवलोकन करें। सेहत नरम होने की आशंका है। आपको पेट में सूजन और अपच की समस्या हो, तो तुरंत चिकित्सकीय परामर्श ले लें।

**सिंह** - आज साइबर ठगी को लेकर सावधान रहें। व्यवसाय में धन लाभ हो सकता है, किंतु कई अच्छे मौके भी आपके हाथ से छूट सकते हैं। धन कमाने के लिए गलत मार्गों का चुनाव न करें। अधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

**कन्या** - आज दिन की शुरुआत किसी शुभ सूचना से होगी। कारोबार में कुछ बदलाव करने का विचार कर सकते हैं। दूसरों के ऊपर निर्भर रहने से आपको नुकसान होगा। व्यवसाय में सहयोगियों के ऊपर आपको शंका हो सकती है।

**तुला** - आज उच्च अधिकारियों के साथ तालमेल में कमी महसूस करेंगे। आप स्थान-परिवर्तन को आतुर हो सकते हैं। एकतरफा होकर कोई भी निर्णय न लें। आप आसपास की परिस्थितियों का अच्छी तरह से मूल्यांकन करेंगे।

**वृश्चिक** - आज किसी नए कार्य की शुरुआत न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहने की संभावना है। परिस्थितियां प्रतिकूल हो सकती हैं। आपके ऊपर गलत आरोप लग सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर आपकी अपेक्षा गलत सिद्ध हो सकती है।

**धनु** - आज नई संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। परिवार का माहौल अच्छा है। दांपत्य संबंधों में आकर्षण भाव बढ़ेगा। व्यापार से जुड़े लोगों धन के हिसाब-किताब में सावधानी रखें। सभी कार्य आपकी अपेक्षा के अनुरूप ही होंगे। कारोबार में विस्तार कर सकते हैं।

**मकर** - आज पिता के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। मित्रों के साथ कहीं घूमने और मनोरंजन के लिए जा सकते हैं। शेयर मार्केट में निवेश से धन लाभ होगा। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। आप अपने घर के उपकरणों की मरम्मत आदि करवा सकते हैं।

**कुंभ** - आज धन को लेकर भाग्य साथ नहीं है। अनावश्यक विचारों के कारण आप कुछ परेशान हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह रहेंगे। ऐसे कार्यों से बचें जिनको लेकर आपके मन में आत्मविश्वास का भाव न हो।

**मीन** - आज प्रेम संबंधों को लेकर जल्दबाजी में कोई कदम न उठाएं। नौकरीपेशा अपने काम की गुणवत्ता से प्रसन्न नहीं रहेंगे। घर को लेकर आप कुछ परेशान रहेंगे। आप लोगों से सलाह की अपेक्षा रखेंगे, लेकिन उचित सलाह मिलना कुछ कठिन है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
मि. नटवरलाल — सुबह : 10.32
देवता — रात : 07.00

**&pictures**
ग्रेट ग्रैंड मस्ती — सुबह : 11.24
ड्रीम गर्ल — रात : 08.00

**Sony Pix**
जस्टिस लीग — सुबह : 11.03
द मास्क — रात : 09.00

**Zee Cinema**
तारे जमीन पर — सुबह : 09.50
प्यार झुकता नहीं — रात : 07.30

**Colors Cineplex**
रफू चक्कर — सुबह : 10.22
भागम भाग — शाम : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पार्टी में सुंदर लड़की से पति हंस हंस कर बातें कर रहा था।
पति के पास पत्नी आई और बोली- चलिए, घर चल कर में आपकी चोट पर आयोडेक्स लगा दूं।
पति- पर मुझे चोट कहां लगी है?
पत्नी-अभी हम घर भी कहां पहुंचे हैं?
पति की बात सुनकर पत्नी को अभी से दर्द महसूस होने लगा है।

बेटा- पिता जी, आप बहुत किस्मत वाले हैं?
पिता जी- वो कैसे बेटा?
बेटा- क्योंकि मैं फेल हो गया हूं, आपको मेरे लिए नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेगी।

नास्ति विद्यासमो बन्धुर्नास्ति विद्यासमः सुहृत्।
नास्ति विद्यासमं वित्तं नास्ति विद्यासमं सुखम्॥

किसी के लिए विद्या के समान बन्धु नहीं होता, किसी के लिए विद्या के समान सुहृद् नहीं होता। धन के समान विद्या नहीं होती, सुख के समान विद्या नहीं होती।

## संपादकीय

# शुरुआत से पहले ही दबाव

केंद्र में सरकार गठन की कवायद के बीच शुरूआत से पहले ही भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी दलों ने दबाव की राजनीति शुरु दी है। सत्ता की बिसात पर सहयोगी दल अपनी-अपनी चाल चल रहे हैं। इससे आने वाले समय में नरेंद्र मोदी के लिए पहली बार गठबंधन सरकार चलाने में ज्यादा मेहनत करने की जरूरत से इंकार नहीं किया जा सकता। गौरतलब है 543 सीटों पर हुए लोकसभा चुनाव में एनडीए ने 293 सीटें जीतीं हैं। भाजपा ने 240, तेलगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने 16 और जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने 12 सीटें जीती हैं। ऐसे में नीतीश कुमार की जेडीयू और चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी प्रमुख भूमिका में आ गए हैं। गुरुवार को जेडीयू ने अग्निवीर योजना की समीक्षा करने की बात सार्वजनिक तौर पर कही है। जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा कि अग्निवीर योजना को लेकर बहुत विरोध हुआ था और चुनाव में भी उसका असर देखने को मिला है। इस पर विचार करने की जरूरत है। इसके बाद बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने जेडीयू की इस मांग के प्रति अपना विरोध जताया है। उन्होंने कहा अग्निवीर योजना की समीक्षा की बात करनी ही थी तो एनडीए की बैठक में ही की जानी चाहिए थी। इस तरह से सार्वजनिक बात करना गठबंधन धर्म के खिलाफ है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कथित तौर पर अपनी पार्टी के लिए दो मंत्रालयों की मांग कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के बाद महाराष्ट्र ही वह राज्य है, जहां पर भाजपा को चुनाव में बड़े झटके का सामना करना पड़ा है। भाजपा को इस बार महाराष्ट्र में कांग्रेस से भी कम सीटें मिली हैं। भाजपा को नौ सीटों पर ही संतोष करना पड़ा है। वहीं कांग्रेस को 13 सीटों पर जीत हासिल हुई है। साफ हो गया है कि स्पष्ट बहुमत न मिलने की वजह से सरकार चलाने के लिए भाजपा को अपने सहयोगियों पर काफी हद तक निर्भर रहना पड़ेगा। ऐसे में भाजपा को राष्ट्र के प्रति अपने दृष्टिकोण में अधिक समावेशी और रचनात्मक होने की आवश्यकता है। मतदाताओं के फैसले से भी यही संकेत मिल रहे हैं। समान नागरिक संहिता समेत कोई भी नीति लाने से पहले तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री को अपने सहयोगियों के साथ सामाजिक-आर्थिक एजेंडा को ध्यान में रखते हुए सहमति बनानी होगी। चुनाव परिणाम भाजपा को जवाबदेह बनाता है और मांग करता है कि वह और अधिक रचनात्मक हो। भाजपा को लोकतांत्रिक भावना से उस संदेश पर ध्यान देना चाहिए। लोगों का फैसला इससे अधिक स्पष्ट नहीं हो सकता कि भाजपा भारत के विभिन्न समुदायों और क्षेत्रों की राजनीतिक आकांक्षाओं के प्रति अधिक सौहार्दपूर्ण और कम टकराव वाली हो।

# प्रवृत्ति के कारण ही अपराध और उद्योग हो गया है गर्भपात



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

देश में लोगों की बड़ी संख्या ऐसी ही जो इसके बारे में अपरिचित है। इसलिए लोग चोरी-छिपे गर्भपात करवाते हैं, जहां मेडिकल प्रोसीजर्स का इस्तेमाल नहीं होता। इस एक्ट के प्रावधानों के प्रति जागरूकता न होने से गैर कानूनी गर्भपात करने वाले धंधेबाज स्थिति का बड़ा दुरुपयोग करते हैं।

एल्सेवियर द्वारा प्रकाशित जर्नल 'कॉण्ट्रासेप्शन-एक्स' के सन् 2022 में प्रकाशित एक अंक में दिए गए लेख 'ड्रग्स यूज्ड टु इंड्यूस फीटल डीमायीज़ प्रायर टु गर्भपातः ए सिस्टेमेटिक रिव्यु' में दिए गए आंकड़ों के अनुसार विश्व में हर साल सात करोड़ 33 लाख भ्रूण और गर्भस्थ शिशु जन्म से पहले ही समाप्त कर दिए जाते हैं। पूरी तरह से विकसित शिशु तक को गर्भ में ही मार दिया जाता है। कुछ रासायनिक यौगिक या दवा तो ऐसी हैं जिनसे गर्भस्थ शिशु के हृदय की गति को रोक दिया जाता है।

हिंदुस्तान में सन् 1971 में मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी एक्ट पास करके लागू किया गया था। इसके बाद सन 2003 में इससे संबंद्ध 'रेगुलेशंस' लागू किए गए। सन् 2021 में इसमें फिर से संशोधन करके कुछ ढील दी गई। इस एक्ट और रेगुलेशंस को बनाने के पीछे की मंशा बहुआयामी रही। यह कि अगर गर्भवती स्त्री की खुद की जान पर जोखिम पैदा हो जाए, नाबालिक कन्या के साथ दुष्टता करने से वह गर्भवती हो जाए या अविवाहिता होने पर गर्भवती हो जाए या फिर विवाहिता होने पर भी और संतान की इच्छुक न होने या किसी भी कारण से गर्भ को पूरा करके बच्चे को जन्म न देने की स्थिति हो तो कानूनन ऐसे गर्भ से छुटकारा पाने के लिए प्रशिक्षित स्त्री-रोग विशेषज्ञ की सलाह पर और देखरेख में गर्भपात किया जा सकता है, लेकिन इस एक्ट का पालन न करने का बड़ा कारण सामजिक तौर से लांछन है।

देश में लोगों की बड़ी संख्या ऐसी ही जो इसके बारे में अपरिचित है। इसलिए लोग चोरी-छिपे गर्भपात करवाते हैं, जहां मेडिकल प्रोसीजर्स का इस्तेमाल नहीं होता। इस एक्ट के प्रावधानों के प्रति जागरूकता न होने से गैर कानूनी गर्भपात करने वाले धंधेबाज स्थिति का बड़ा दुरुपयोग करते हैं। लांछन से बचने के लिए अविवाहित स्त्री और इसका साथी पुरुष या घरवाले गैर कानूनी तरीके से अप्रशिक्षित दाईयों या अप्रशिक्षित और गैर-रजिस्टर्ड धंधेबाजों के चंगुल में फंस कर बहुत नुकसान उठाते हैं। भारत में इस समय एमटीपी एक्ट की सन 2021 की संशोधन की अधिसूचना के अंतर्गत अधिकतम 24 सप्ताह तक के भ्रूण को निकालने की इज़ाज़त है। गर्भपात के दौरान सभी शरीर क्रियाएं नार्मल होनी चाहिएं। ब्लीडिंग होने की स्थिति में ब्लड ग्रुप की अतिरिक्त थैलियां रखने का प्रावधान अनिवार्य हैं। अगर गर्भपात लीगल है और घरवालों की सहमति से या फिर दूसरी स्थिति में न्यायालय की अनुमति से है या गर्भवती की जान बचाने का मामला ही क्यों न हो, गर्भस्थ भ्रूण या शिशु को एबॉर्ट किया जा सकता है। लीगल मामलों में सारा खर्चा सरकार वहन करती है। एमटीपी लागू होने से पहले गर्भपात को इंडियन पीनल कोड की धारा 312 के तहद अपराध की श्रेणी में रखा गया था।

> ड्रग स्टोर को गर्भपात की दवा क्वालिफाइड डॉक्टर की सलाह और पर्ची के बिना नहीं देनी चाहिए। क्योंकि यह शेड्यूल्ड ड्रग होती है और इसके रेपर पर लाल लाइन लगी होती है। मिफेप्रिस्टोन और मिसोप्रोस्टल ही गर्भपात की गोलियां हैं जो एक कार्टन में पैक होती हैं। ये गर्भ निरोधक गोलियों से अलग केमिकल फार्मूले वाले यौगिक होते हैं। इसके डिब्बे पर 'सेफ एबॉर्ट किट' लिखा होता है।

गर्भपात एक उद्योग नहीं है फिर भी भारत में सन 2015 के आंकड़ों के मुताबिक़ एक करोड़ 80 लाख के आसपास लीगल और न जाने कितनी संख्या में आपराधिक तरीके से गर्भपात किए गए। गर्भपात के बारे में लोगों की भिन्न राय हो सकती है, लेकिन बड़ी बात होती है इसे सही पद्धति से प्रशिक्षित डॉक्टर्स की निगरानी में कानून-सम्मत तरीके से करवाने की ताकि गर्भवती स्त्री की जान पर कोई जोखिम न आए। गर्भपात के इकॉनोमिक, सोशल, धार्मिक आस्था, भावात्मक, शारीरिक और पारिवारिक असर क्या होते हैं, इससे बहुत लोग वास्ता नहीं रखते लेकिन यह कहां तक और कितना नैतिक कर्म है यह तो परिस्थिति पर निर्भर करता है। फिर भी गर्भपात एक ऐसा काम है जो परेशानी का सबब तो है ही, नैतिक पतन से भी जुड़ा हुआ मामला है। एमटीपी एक्ट की जानकारी देश में सभी को, खासतौर से युवाओं अवश्य होनी चाहिए। खतरनाक स्थिति तब उत्पन्न होती है जब इधर-उधर से जानकारी लेकर और कानून के दायरे में काम करने वाले सरकारी अस्पताल या रेफेरल सेंटर, जैसे कि पीजीआई, के एक्सपर्ट ग्नेकोलोजिस्ट (स्त्री रोग विशेषज्ञ) की सलाह और सहायता के बिना बाज़ार से गर्भपात की गोली लेकर महिला इसे खुद ही इस्तेमाल कर लेती है और मुसीबत में पड़ती है।

ड्रग स्टोर को गर्भपात की दवा क्वालिफाइड डॉक्टर की सलाह और पर्ची के बिना नहीं देनी चाहिए। क्योंकि यह शेड्यूल्ड ड्रग होती है और इसके रेपर पर लाल लाइन लगी होती है। मिफेप्रिस्टोन और मिसोप्रोस्टल ही गर्भपात की गोलियां हैं जो एक कार्टन में पैक होती हैं। ये गर्भ निरोधक गोलियों से अलग केमिकल फार्मूले वाले यौगिक होते हैं। इसके डिब्बे पर 'सेफ एबॉर्ट किट' लिखा होता है। मार्किट में पांच गोलियों का यह पैक अनेक ब्रांड नाम से मिलता है। युवा लोग सामाजिक स्टेटस के गैर कानूनी होने की वजह से अनसेफ सेक्स करके साथी महिला को प्रेग्नेंट करते हैं या रेप होने के बाद गर्भवती हुई बालिग अविवाहिता या विवाहिता या नाबालिक लड़की इस किट को खुद ही इस्तेमाल करने का प्रयास करते हैं, तब अत्यधिक ब्लीडिंग के कारण मामला बिगड़ जाता है और वे सरकारी अस्पताल या किसी नामी प्राइवेट क्लिनिक के डॉक्टर के पास न जाकर नीम-हकीम के पास जाते हैं। राज खुलने पर शर्मिंदगी झेलते हुए भी इन युवजनों को गर्भपात के बुरे नतीजे से बचकर एक्सपर्ट डॉक्टरी मदद बाद में लेनी ही पड़ती है। ऐसे में प्राइवेट क्लिनिक वाले बहुत पैसा लेते हैं। कुछेक बार तो छोटे शहरों में गर्भपात किट की शॉर्ट सप्लाई की ख़बरें भी सुनी गई हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और इसके सदस्य भारत देश में गर्भपात को सुरक्षित करने के वास्ते यौन-सक्रिय और संतान पैदा करने की क्षमता की 15 से 58 वर्ष के बीच की उम्र वाली महिलाओं को कानून की ही नहीं बल्कि सेफ गर्भपात के प्रोसीजर्स की जानकारी होनी ही चाहिए। भारत की कुल महिला आबादी में से 66.4 प्रतिशत महिलाएं अभी रिप्रोडक्टिव एज ग्रुप में आती हैं। मिनिस्ट्री ऑफ़ स्टेटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन के सोशल स्टेटिस्टिक्स डिवीज़न द्वारा सन् 2022 में प्रस्तुत 203 पन्नों की 'वीमेन एंड मेन इन इंडिया' रिपोर्ट से जाहिर होता है। बेहद गंभीर बात है कि भारत में गर्भपात के दौरान 67 प्रतिशत महिलाओं की मौत हो जाती है जैसाकि ब्रिटिश मेडिकल जर्नल (ग्लोबल हेल्थ) के मार्च 2019 के अंक में प्रकाशित पेपर 'अनसेफ गर्भपात एंड गर्भपात रिलेटेड डेथ अमंग 1.8 मिलियन वीमेन इन इंडिया' के माध्यम से रयो योके, राचेल रोवी, शास्वती सान्याल चौधरी, अंजलि रानी और इनके दो साथियों ने मालूम किया। यह पर्चा भारत की स्वास्थ्य संबंधी 2010 से 2013 की सालाना सर्वे रिपोर्ट्स से लिया गया है। सन् 2007 से 2011 के दौरान जिन 18 लाख, 76 हज़ार 462 गर्भवती महिलाओं में गर्भावस्था के दौरान विषमताओं के कारण महिलाओं की मृत्यु हुई इनमें वे 253 महिलाएं भी शामिल थीं जिनकी मृत्यु गर्भपात के कारण हुई थी। इस अवधि में कुल 89 हज़ार 447 गर्भपात होने की बात रिपोर्ट में दर्ज है। हमारे देश में स्त्री और शिशु स्वास्थ्य संबंधी रिसर्च रिपोर्ट्स और डेटा की कमी नहीं बल्कि कमी है जानकारी को प्राप्त करने के जज्बे की।

गर्भपात के लिए प्रयुक्त की जाने वाली दवा में सेफ्टी का तत्व कितना बड़ा है, पूछेंगे तो प्रश्न ठीक नहीं बनेगा। क्योंकि देश में कोई भी दवा क्लिनिकल ट्रायल्स का डेटा देखने के बाद ही ड्रग रेगुलेटर की इज़ाज़त से बाजार में उतारी जाती है। चोरी या स्मगलिंग से देश में दवाएं नहीं आतीं। प्रश्न यह होना चाहिए कि गर्भपात करने से पहले सही प्रोसीजर्स अपनाए गए या नहीं और एमटीपी एक्ट के अनुसार ऐसा करना सही भी था या नहीं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी सेफ गर्भपात गाइड लाइंस देश में ही नहीं, बल्कि 181 और सदस्य देशों में भी उपलब्ध हैं।

## प्रसंगवश

# पर्यावरण संरक्षण में सुप्रीम कोर्ट के प्रमुख निर्णय



साहिल अहमद
अधिवक्ता हाईकोर्ट, नई दिल्ली

जून का महीना चल रहा है। पूरा उत्तर भारत भीषण गर्मी की चपेट में है। वर्तमान में शहरों में भी पानी की कमी हो रही है। इसके कई कारण हैं जिनमें सबसे महत्वपूर्ण जलवायु परिवर्तन है। जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से मुक्त रहना मौलिक मानव अधिकार है। विश्व पर्यावरण दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमारे पास सीमित समय है और हमें तुरंत कार्रवाई करनी होगी। सतत भविष्य के लिए हरित बदलाव आवश्यक है जिसके लिए हमें व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास करने होंगे। पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है तथा इसे गंभीरता से लेना जरूरी है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने कई महत्वपूर्ण निर्णय दिए हैं। इन निर्णयों में न केवल पर्यावरणीय कानून को परिभाषित किया गया है, बल्कि भारत में पर्यावरण संरक्षण के उपायों को भी सुदृढ़ किया है। यहां सर्वोच्च न्यायालय के प्रमुख निर्णयों पर प्रकाश डाल रहे हैं: रुरल लिटिगेशन एंड एंटाइटेलमेंट केंद्र बनाम स्टेट ऑफ उत्तर प्रदेश (1985): इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने देहरादून के पर्यावरण को बचाने के लिए चूना पत्थर की खदानों पर प्रतिबंध लगाया। न्यायालय ने माना कि पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के लिए खनन गतिविधियों को रोकना आवश्यक है। एम.सी. मेहता बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (गंगा जल प्रदूषण मामला) (1987): इस मामले में न्यायालय ने गंगा में अपशिष्ट पदार्थ डालने पर प्रतिबंध लगाया और गंदगी फैलाने वाली फैक्ट्रियों को बंद करने का आदेश दिया। एम.सी. मेहता बनाम कमलनाथ (1997): इस मामले में न्यायालय ने कहा कि पर्यावरणीय संसाधन सार्वजनिक संपत्ति हैं और इनका संरक्षण सरकार की जिम्मेदारी है। यह निर्णय पर्यावरणीय कानून के 'लोक न्यासी सिद्धांत' को मान्यता देता है। ताज त्रिपेजियम मामला (1996): इस मामले में ताजमहल के आसपास के क्षेत्र को प्रदूषण से बचाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने कठोर निर्देश जारी किए। इसमें आसपास की औद्योगिक इकाइयों को गैस आधारित ईंधन का उपयोग करने या स्थानांतरित करने का आदेश दिया गया। गोदावर्मन थिरुमुलपाड बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (1996): इस मामले में न्यायालय ने देश के वन क्षेत्रों के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। न्यायालय ने वनों की अवैध कटाई पर रोक लगाने और वन संरक्षण अधिनियम, 1980 को सख्ती से लागू करने का आदेश दिया। नर्मदा बचाओ आंदोलन बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (2000): इस मामले में नर्मदा बांध परियोजना पर पर्यावरणीय चिंताओं को लेकर निर्णय दिया गया। न्यायालय ने परियोजना को मंजूरी दी, लेकिन प्रभावित लोगों के पुनर्वास और पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन पर जोर दिया।

वीलर फोरम ऑफ इंडिया बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (1997): इस मामले में न्यायालय ने वायु प्रदूषण को रोकने के लिए दिल्ली में चलने वाले 15 साल पुराने वाहनों पर प्रतिबंध लगाया। यह निर्णय वायु गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से लिया गया था। लेसी विलेज बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (1999): इस मामले में न्यायालय ने ओडिशा के लेसी गांव में जैव विविधता हॉटस्पॉट की रक्षा के लिए निर्णय दिया। न्यायालय ने इस क्षेत्र में खनन गतिविधियों पर रोक लगाई। सुभाष कुमार बनाम स्टेट ऑफ बिहार (1991): इस मामले में न्यायालय ने कहा कि साफ और स्वस्थ पर्यावरण में जीना मौलिक अधिकार है, जो अनुच्छेद-21 के अंतर्गत आता है। यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता देता है। एमके रंजीतसिंह बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (2024): मामले में न्यायालय ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों और इसे नियंत्रित करने के लिए भारत की प्रतिबद्धताओं और प्रयासों पर भी चर्चा की। न्यायालय ने स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने पर जोर दिया जिससे सामाजिक समानता और समावेशी विकास को बढ़ावा मिले। न्यायालय ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद-21 और 14 से इन कर्तव्यों को जोड़ते हुए घोषित किया कि स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार और जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के विरुद्ध अधिकार अनुच्छेद-21 और अनुच्छेद 14 के तहत आते हैं। ये निर्णय भारतीय पर्यावरण संरक्षण के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुए हैं और भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेंगे।

# भाजपा को दक्षिण से मिले संकेत आश्वस्तिदायक



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

> उत्तर प्रदेश में भी भाजपा को जो जोर का धक्का लगा है उसके एक नहीं दर्जन भर कारण हैं, जिन्हें अब बिना संकोच के और लाग लपेट के स्वीकारा जाना चाहिए।

समूचे भारत में एक वैचारिक झंझावात उठ खड़ा हुआ है कि आखिर लगातार दो टर्म में अपने अकेले दम पर बहुमत हासिल कर लेने वाली भाजपा इस बार बैसाखियों पर क्यों आ टिकी? किंतु ध्यान देने वाली बात है कि बस तीनेक राज्यों को छोड़ दीजिए तो भाजपा का परचम खूब लहराया है। यहां तक कि धुर दक्षिण केरल में भी उसका खाता खुला और तमिलनाडु में उसके वोट प्रतिशत में बड़ा इजाफा हुआ है। आंध्र प्रदेश ने उसका भरपूर साथ दिया। इससे क्या संकेत मिलता है?

संकेत आश्वस्तिदायक है। भारत के हृदय प्रदेश मध्य प्रदेश ने हिन्दू अस्मिता का मुखर संदेश दे दिया है। विगत दशक के शासनकाल में तमाम बाह्य और अंतर्विरोधों के बावजूद, पार्टी की नाकामियों, जन संवादहीनता, बढ़ते भ्रष्टाचार के बावजूद हिंदुओं के एक बड़े हिस्से के मोदी में अटूट विश्वास का ही यह प्रतिफल है कि भाजपा अपने चुनावपूर्व के गठबंधन सहयोगियों के साथ तिबारा सरकार बनाने जा रही है। यह हिंदू गौरव की विजय है।

उत्तर प्रदेश में भी भाजपा को जो जोर का धक्का लगा है उसके एक नहीं दर्जन भर कारण हैं, जिन्हें अब बिना संकोच के और लाग लपेट के स्वीकारा जाना चाहिए। इस बेहद अप्रत्याशित और घटिया प्रदर्शन की जिम्मेदारी तो लेनी होगी। पहले कारणों पर चल रहे चर्चा बिंदुओं को रेखांकित कर लिया जाए तो नेतृत्व और भाजपा कैडर की नाकामी है। इसके नेतागण का आम जनता/मतदाता से कनेक्ट पूरी तरह विच्छेदित हो चुका है। आम भाजपाई नेतागण ही नहीं इनके चुने हुए प्रतिनिधि, विधायक और सांसद जीतने या हारने के बाद कुंभकर्णी निद्रा में चले जाते हैं। कभी क्षेत्र में नहीं जाते। आखिर मोदी का चेहरा कब तक इन्हें बचाता? दूसरे शीर्ष कमान को समाजवादी पार्टी की नई और बेहतरीन सोशल इंजीनियरिंग का तनिक भान तक नहीं रहा और ये आत्ममुग्धता में हवाई किले बनाते रहे, जबकि इनके पास इंटेलिजेंस से लेकर सारी मशीनरी थी। या तो इन्हें निरंतर ठकुरसुहाती फीडबैक मिलता रहा और ये गुमराह होते रहे।

यह चुनाव भाजपा के चाणक्य का वाटरलू बन गया और विपक्ष ने उधर एक चतुरतापूर्ण समीकरण तैयार किया। कांग्रेस के पक्ष में वोट जिहाद के गुपचुप नारे के साथ मुस्लिम शत प्रतिशत एकजुट हुए और समाजवादी यादवों की एकजुटता तो जानी पहचानी है ही। इसमें सपा सुप्रीमो का लोकसभावार लगभग सभी जगह ऐसे प्रत्याशियों का उतारना जो दलित या अन्य पिछड़ी जाति के वोट बटोर सकें, इनके लिए सोने में सुहागा बन गया। समीकरण हिट हो गया। भाजपा प्रत्याशी आत्मश्लाघा और आत्ममुग्धता में मतदान की तिथि तक डूबे रहे। न तो क्षेत्र में गहन भ्रमण किया न ही प्रचार किया। इसके बावजूद भाजपा और कमल को समर्पित मतदाता एकजुट रहा। अन्यथा तो और भी शर्मनाक स्थिति होती। हां स्वजाति के प्रत्याशी के नाम पर पिछड़ी जातियां लोकसभावार लामबंद हुईं। पिछड़ी और अति पिछड़ी तथा दलित वोटों में चालाकी भरी सेंध भाजपा पर भारी पड़ गई। तो अब क्या? अब विधानसभा चुनाव सामने हैं। दिन बीतते देर नहीं लगती। भाजपा को तैयारियों के लिहाज से, यहां अपने सेटअप की जबर्दस्त ओवरहॉलिंग करनी होगी। पराजय की जिम्मेदारी लेनी होगी और विभिन्न स्तरों के पदाधिकारियों से सख्त जवाबदेही करनी होगी।

अनावश्यक बोझ बने पदाधिकारियों को चलता करके जनप्रिय और ऊर्जावान नेतृत्व देने वालों को जिम्मेदारी देनी होगी। योगी को संगठन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद देकर सारे भारत में हिंदुत्व की पताका फहराने का जिम्मा मिले और यहां मध्य प्रदेश के ही हिट फार्मूले के अनुसार सुयोग्य बैकवर्ड/दलित मुख्यमंत्री लाना होगा, जो विधानसभा चुनावों को सबल नेतृत्व दे सके। साथ ही भ्रष्टाचार के विरुद्ध कुंद पड़ती धार में तीव्रता लाने, छुट्टा गोवंश की चिरस्थाई हो चुकी समस्या का समाधान करने की परिणामी कार्रवाई भी इसी बीच करनी होगी। नाराज क्षत्रिय क्षत्रपों को भी मनाना समझाना बुझाना होगा जिनका सहयोग भी अन्यान्य कारणों से भरपूर नहीं मिल पाया। ब्राह्मणों का आदर सम्मान करना होगा, क्योंकि भैय्या जी की नजर इस बड़े वोट बैंक की ओर बस उठने ही वाली है। मुझे लगता है कि इन तैयारियों के साथ भाजपा यदि उप्र के आगामी विधानसभा चुनावों में उतरती है तो वह मौकापरस्त गठबंधन को माकूल चुनौती देगी।

## सोशल फोरम

# नकार दिया अहंकारी भाव



डॉ. शैलेश सिंह
गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

इस बार जनता ने अहंकारी भाव खारिज कर दिया कि हम जिसे चाहेंगे टिकट देंगे और जिसे टिकट देंगे वह जीतकर ही आएगा। 2019 की तुलना में इस बार सातों चरण मिलकर लगभग तीन प्रतिशत मतदान कम हुआ। यह कौन लोग थे, जो वोट डालने नहीं निकले, यह प्रश्न भाजपा को मध्य आय वर्ग के बीच ले जाना चाहिए कि क्यों वोटरों में चुनाव के प्रति कोई आकर्षण नहीं रह गया था।

चुनाव के दौरान प्रत्याशियों के प्रति नाराजगी चारों ओर मुखर थी और उसके साथ ही हर वर्ग के मतदाता को यह बात भी घर कर गई थी कि नीचे से लेकर ऊपर तक नेताओं में अहंकार बहुत है। सभी के इस अहंकार ने बड़ा अंतर पैदा कर दिया। पूरे उत्तर प्रदेश में उदाहरण भरे पड़े हैं, जो बाहर से आए और यहां उनको टिकट दे दिया गया, जिन्हें जनता और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने स्वीकार ही नहीं किया। इसका एक चिंतन-मंथन होना चाहिए। पूरे उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ का कुशल प्रशासन व प्रभाव होने के बावजूद उनके सुझाव को भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में स्वीकार क्यों नहीं किया? सूत्रों के हवाले से कहा जाता है कि उन्होंने 34 ऐसे नाम की सूची भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को सौंपी थी जिसमें उन्होंने कहा था कि यह प्रत्याशी उत्तर प्रदेश में जीतने की स्थिति में नहीं हैं। उनको दरकिनार व विश्वास में न लेकर टिकट वितरण किए गए जिसका परिणाम यह हुआ कि उस सूची के 30 प्रत्याशी हार गए।

अभी समय है पैरासूट कल्चर नहीं रुका तो परिणाम और भी खराब हो सकते हैं। इस दल का जो मूल विचार है-अंत्योदय, एकात्म मानवदर्शन उस विचार को पोषित करने का कार्य कीजिए, अगर ऐसा न हुआ तो यह भारतीय जनता पार्टी का मात्र नुकसान नहीं है। यह इस हम सबका नुकसान है, जो सांस्कृतिक राष्ट्र बनाने का सपना हम सब देखते थे या देखते हैं, वह अधूरा रह ही रह जाएगा। आजकल कुशल संगठनकर्ता, राजनीति के चाणक्य, शिल्पकार और सौर मंडल में उभरे सूर्य, आजकल ऐसे शुभकामना संदेश व फोटो खिंचवा नेता सोशल मीडिया से गायब हैं। हम सब भावनात्मक रूप से 'राष्ट्रीयता के विचार से जुड़े हैं' व्यक्ति से नहीं।

-फेसबुक वॉल से

# केर बेर का संग



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

लोकसभा चुनाव परिणाम आ गए। मोदी नीत सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी बहुमत के जादुई आंकड़े 272 से पीछे 240 पर ठिठक गई। भाजपा ने यह चुनाव मोदी के नाम पर लड़ा था। यह कहा गया था कि 'समझो हर सीट पर मोदी खड़े हैं'। यही नहीं, पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र पर 'मोदी की गारंटी' का लेबल लगाया गया था। ऐसे में 303 सीटों वाली भाजपा का 240 पर सिमट जाना और काम चलाऊ बहुमत भी न पाना, अयोध्या में पराजय, वाराणसी में जीत का अंतर काफी कम होना।

सरासर मोदी के विरुद्ध भारत की जनता का आदेश है और पार्टी को जनता की आवाज सुनते हुए, चाहिए कि राजनीतिक शुचिता और नैतिकता के सु-स्थापित मानदंडों का पालन करते हुए अपने संसदीय दल का नेता किसी अन्य को चुने। यह नेता चयन शुक्रवार को होना है। मोदी राजग गठबंधन के शीर्ष नेताओं द्वारा 5 जून की बैठक में नेता चुन लिए गए हैं तथापि अभी सांविधानिक औपचारिकता शेष है जिसके अनुसार सभी घटक अपने-अपने संसदीय दल का नेता चुनेंगे और भाजपा संसदीय दल के नेता के समर्थन में पत्र राष्ट्रपति को देंगे। भाजपा संसदीय दल का नेता सरकार बनाने का दावा पेश करेगा, जिस पर राष्ट्रपति निर्णय लेंगी।

खैर! आज के युग में राजनीति में नैतिकता गायब है और सिद्धांत शब्द सियासी शब्दकोश में है ही नहीं। अतः एक बेमेल गठबंधन की सरकार झेलना ही संप्रति देश की नियति है। नरेंद्र मोदी 16 सांसदों वाली तेलगू देशम् पार्टी व 12 वाली जनता दल यूनाइटेड तथा कुछ अन्य की मदद से सरकार बनाएंगे। अब कैसे चलाएंगे यह देखना दिलचस्प होगा। इन दोनों दलों के नेताओं से तालमेल बैठाना बड़ी टेढ़ी खीर होगी। चन्द्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार, जो किंग मेकर की भूमिका में हैं। दोनों पीएम बनने के महत्वाकांक्षी रहे हैं। नायडू वही हैं जिन्होंने 2002 के गुजरात दंगों के समय, राजग में रहते हुए, सबसे पहले गुजरात के मुख्यमंत्री मोदी का इस्तीफा मांगा था और उनकी पार्टी ने मोदी के खिलाफ प्रस्ताव भी पास किया था। यही नहीं, मोदी अपनी चुनावी सभावों में नायडू को, "ससुर की पीठ में छुरा भोंकने वाला" तथा दल बदलने में माहिर कहते रहे हैं और नायडू मोदी पर योजनाबद्ध तरीके से प्रतिष्ठित संस्थानों को नष्ट और विरूपित करने का आरोप लगाते रहे हैं। वे कहते रहे हैं कि मोदी ने संस्थाओं की स्वायत्तता और लोकतंत्र पर हमला किया है। सीबीआई और आरबीआई व चुनाव आयोग तक को नहीं बख्शा। नायडू 4 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण के प्रबल समर्थक हैं और अपने राज्य में प्रवर्तित भी किए हैं। अब किंग मेकर होकर क्या इसे देश में नहीं लागू कराएंगे? तब भाजपा क्या करेगी? आरएसएस के हिंदुत्व एजेंडे का क्या होगा? क्या तीसरे टर्म वाले मोदी, जिन्हें मिली जुली सरकार चलाने का कोई अनुभव नहीं है, विसंगति झेल पाएंगे! शायद नहीं।

यह केर बेर का संग है। अब मथुरा और काशी वाले ईदगाह व ज्ञानवापी प्रकरण को क्या मोदी और संघ आगे बढ़ा पाएंगे? नीतीश पर अधिक लिखना बेकार है। वे क्षण भर में पाला बदलते हैं। किसी से कभी भी मिल सकते हैं। आइएनडीआइए गठबंधन की नींव इन्होंने ही डाली थी। संयोजक/पीएम प्रत्याशी नहीं बनाए गए तो विरोधी पलड़े में बैठ गए। कभी मोदी के साथ मंच साझा करने से परहेज था। अब उनके पैर छू चुके हैं। उनकी जाति वार जनगणना कराने की मांग और तदानुसार राष्ट्रीय संसाधनों, सुविधाओं में भागीदारी भाजपा कैसे सुनिश्चित करेगी? इंडी गठबंधन से कोई बड़ा लाभ ऑफर होने पर वे रातों-रात पाला बदल नहीं करेंगे, इसकी क्या गारंटी है? कुल मिलाकर सरकार रूपी सर्कस देखने लायक होगा। विकास आधारित जन उन्नयन भले ही न हो पर मुफ्त का मनोरंजन जरूर होगा।

# संकट में पानी



राज नारायण
बरेली

जल ही जीवन है, यह कहना ही पर्याप्त नहीं है। अपने तथा आने वाली पीढ़ियों के जीवन को सुरक्षित रखने के लिए जल को संरक्षित करने के बारे में अनुसंधान, चिंतन तथा परिश्रम करना होगा। जल का प्रमुख स्रोत वर्षा है। वर्षा का अधिकांश जल जो हम उपयोग नहीं कर पाते, नदियों-नालों के द्वारा वापस समुद्र में चला जाता है, बहुत थोड़ा सा हिस्सा ही कच्ची जमीन के माध्यम से पृथ्वी की कोख में जमा होता रहता है।

जैसे-जैसे विज्ञान ने विकास की सीढ़ियां चढ़ी, प्रकृति के अन्य संसाधनों की तरह हजारों वर्षों से भूगर्भ में संरक्षित जल का एक बहुत बड़ा हिस्सा हमने कुछ ही वर्षों में समाप्त कर दिया है। यही नहीं विकास के नाम पर हर स्थान को सीमेंटेड पक्का कर देने के कारण हमने वर्षा के जल को भूगर्भ में जाने के लगभग हर रास्ते को बंद कर दिए। अगर भूगर्भ जल प्रबंधन के बारे में गंभीरता से प्रयत्न नहीं किए गए तथा भूगर्भ के जल को इस्तेमाल करने की यही गति रही तो निश्चित मानिए, आने वाली पीढ़ियां प्यासी रहने के लिए बाध्य होंगी। भूगर्भ जल को बिना किसी प्रदूषण के संचित करने का एकमात्र साधन हमारे तालाब थे, जो कब्जे या फिर मात्र मनोरंजन के साधन बनकर रह गए। यद्यपि सरकार ने इसका संज्ञान लिया है, परंतु इतना ही पर्याप्त नहीं है। सामाजिक संगठनों एवं युवा शक्ति को स्वयं फावड़ा उठाकर मैदानों की और कूच करना होगा।

वृक्षारोपण की तरह ही जहां कहीं भी स्थान मिले, बरसात से पहले ही छोटे-छोटे तालाब खोद लेने चाहिए। गांवों में भी बड़ी जोत के किसानों को अपने खेत का एक हिस्सा छोटे तालाब में बदल देना चाहिए। तालाब खोदते समय सिर्फ इतना ध्यान रखना है कि हम खुदाई रेत निकलने तक करें, बीच में न छोड़े, उसके बाद धरती मां शेष काम स्वयं कर लेंगी। हमारे पूर्वज लोक कल्याण के लिए तालाब, कुएं, बावड़ी आदि का निर्माण कराते थे, जगह-जगह प्याऊ और नल लगवाते थे।

अभी भी अगर हम चाहें, तो बिना अधिक संसाधन लगाए, तालाबों के पुनर्जीवन के लिए चल रहे श्रमदान कार्यक्रमों से जुड़कर इस पुण्य का लाभ उठा सकते हैं।

# भारी बारिश से सेराघाट मार्ग बंद, कई गांवों से संपर्क कटा

## बुधवार रात से बंद मार्ग पर गुरुवार को भी वाहनों की आवाजाही नहीं हो सकी, ग्रामीणों को करना पड़ा भारी परेशानी का सामना

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** बुधवार रात हुई तेज बारिश के कारण अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ मार्ग पर सेराघाट कुंजकिमौला मोटर मार्ग पर भूस्खलन के कारण मलबा आ गया। जिस कारण क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से कट गया।

जिस कारण हजारों ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही नहीं हो सकी। बुधवार की देर रात सेराघाट क्षेत्र में जोरदार बारिश हुई। बारिश के कारण ढानखेत, सल्ला भाटकोट व कोटयूड़ा के पास भूस्खलन हो गया और मार्ग अवरुद्ध हो गया। मार्ग के बंद होने के कारण क्षेत्र के तल्ली नाली, मल्ली नाली, तरुला, सल्यूड़ी, ल्वैटा, उमेर, जिंगल, सल्ला भाटकोट, नायल, कुंज किमौला, हरड़ा, न्योली समेत दो दर्जन से अधिक गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से कट गया है। मार्ग बंद होने के कारण लोगों को मुख्य मार्ग तक पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मार्ग को शीघ्र दुरुस्त करने की मांग की है।



अल्मोड़ा में आंधी के बाद मकान की छत पर गिरे पेड़ को काटकर हटवाती पुलिस की टीम। ● अमृत विचार

### तेज अंधड़ में मकान पर गिरा पेड़

**अल्मोड़ा :** बुधवार की शाम जिला मुख्यालय समेत अनेक विकास खंडों में आए तेज अंधड़ के कारण अनेक स्थानों पर नुकसान हुआ है। जिले के चौखुटिया विकास खंड में तेज अंधड़ के कारण एक विशालकाय पेड़ एक आवासीय मकान के ऊपर जा गिरा। जिस कारण भवन को नुकसान पहुंचा है। बुधवार की शाम अचानक मौसम का मिजाज बिगड़ गया और तेज अंधड़ और तूफान चलने लगा। इस दौरान चौखुटिया के ग्राम दिकोत निवासी विष्णु दत्त फुलेरिया पुत्र नारायण दत्त के मकान के ऊपर एक विशाल पेड़ गिर गया। सूचना पर थानाध्यक्ष चौखुटिया जसविंदर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। विशाल तुन का पेड़ आंधी एवं बारिश के कारण मकान के ऊपर गिर गया था। जिससे मकान का कुछ भाग क्षतिग्रस्त हो गया तथा घर का प्रवेश द्वार बाधित हो गया था। जिस कारण घर में निवास कर रहे लोग दहशत में आ गए थे। पुलिस ने वुडन कटर की मदद से पेड़ की टहनियों को काटकर मकान तथा प्रवेश द्वार से हटाया गया। प्रभावित परिवार ने मकान को हुए नुकसान की जानकारी राजस्व विभाग के कर्मचारियों को दी है। इधर बुधवार की देर शाम माल रोड के खुकरी गेट के पास भी तेज अंधड़ के कारण एक विशालकाय पेड़ मुख् मार्ग पर आ गिरा। जिस कारण इस मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और दोनों ओर सैंकड़ों वाहन जाम में फंस गए। आनन फानन में इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को दी गई। जिसके बाद फायर कर्मी मौके पर पहुंचे और मशीनों की मदद से पेड़ को काटकर मार्ग को सुचारू किया गया।

# तूफान से कई पेड़ और बिजली के पोल उखड़े

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार :** बुधवार को सायं समय तूफान ने क्षेत्र में तबाही मचा दी। तूफान से कई पेड़ उखड़ हो गए। इनकी चपेट में आने से नगर व चिलियानौला को विद्युत सप्लाई करने वाली मैन लाइन पर पेड़ गिरने से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से ठप हो गई। चिलियानौला में विगत साय समय से विद्युत आपूर्ति भंग होने से लगभग 15 गांव इससे प्रभावित हो गए हैं। गनियादयोली के पास मैन लाइन पर पेड़ गिरने से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से ठप हो गई। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ताड़ीखेत, सोनी, चिलियानौला व रानीखेत क्षेत्र में 6 जिसमें तीन पेड़ गनियादयोली, दो पेड़ चिलियानौला और एक पेड़ सौनी में तथा एक पेड़ रानीखेत के कालू सैयद बाबा की मजार के पास तूफान की चपेट में आकर गिर पड़े। विद्युत विभाग से मिली जानकारी के अनुसार लाइनों को ठीक करने का कार्य किया जा रहा है। विद्युत आपूर्ति जल्द से चालू कर दी जाएगी।

### पर्यटन नगरी कौसानी में 20 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप

**बागेश्वर।** पर्यटक नगरी में बुधवार को मौसम खराब होने से विदयुत आपूर्ति बाधित हो गई। जिससे पर्यटक व्यवसायियों समेत पर्यटकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। विभाग की कड़ी मशक्कत के बाद भी अब तक फाल्ट नहीं मिल सका है। पर्यटक नगरी कौसानी में बुधवार की सायं तेज आंधी तूफान व ओलावृष्टि से विदयुत आपूर्ति बाधित हो गई। जिससे क्षेत्र के दर्जनों होटल स्वामियों व होम स्टे स्वामियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। विद्युत बाधित होने के बाद विदयुत कर्मचारी देर रात तक फाल्ट खोजते रहे परंतु उन्हें फाल्ट नहीं मिला। गुरूवार की सुबह से ही एक बार फिर कर्मचारी फाल्ट ढूढ़ने पर लगे हुए हैं परंतु विदयुत आपूर्ति सुचारू नहीं कर सके।

## सार-संक्षेप

### हवालबाग ब्लॉक में तेंदुए का आतंक, पशु पालक परेशान

**अल्मोड़ा :** विकासखंड हवालबाग के रेंगल गांव में लंबे समय से गुलदार का आतंक बना हुआ है। गुलदार दिनदहाड़े मवेशियों को अपना निवाला बना रहा है। इस बार गुलदार ने महज 5 घंटे के भीतर दो मवेशियों पर हमला कर दिया। जिसमें एक मवेशी की मौत हो गई। जबकि दूसरा बुरी तरह जख्मी है। गुलदार के बढ़ते आतंक से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। लोग डरे सहमे हुए है। ग्रामीणों ने बताया कि रेंगल निवासी खष्टी देवी सुबह करीब 9 बजे घर के पास ही अपनी बकरियों को चारा चुगा रही थी। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने उनकी एक बकरी पर अटैक कर दिया। खष्टी देवी ने शोर किया तो तेंदुआ बकरी को घायल कर वहां से भाग गया। ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुए का आतंक इस कदर है कि घटना के 5 घंटे बाद दोपहर 2 बजे तेंदुए ने खेत में चारा चुग रही रेंगल निवासी गोपाल सिंह की गाय पर अटैक कर दिया। तेंदुए को हमला करते हुए देख ग्रामीण शोर करते हुए घटनास्थल की ओर दौड़े।

### बेसन का नमूना फेल, 50 हजार रुपये का जुर्माना

**टनकपुर/ चम्पावत :** न्याय निर्णायक अधिकारी की अदालत ने एक कंपनी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इस कंपनी का खाद्य सैंपल जांच में अधोमानक निकला। न्याय निर्णायक अधिकारी डीएम नवनीत पांडेय की अदालत ने इंदौर की कंपनी अग्रोहा इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। प्रभारी अभिहीत अधिकारी अनिल मिश्रा ने बताया कि फरवरी 2018 में तत्कालीन वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगिता तिवारी ने बनबसा में चेकिंग अभियान के दौरान एक दुकान से बेसन का सेंपल जांच के लिए रुद्रपुर लैब में भेजा।

### अस्पताल प्रबंधन अब कहेगा मे आई हेल्प यू

**बागेश्वर :** जिला अस्पताल में मैं आपकी क्या सहायता कर सकता हूं केंद्र प्रारंभ हो गया है। केंद्र का शुभारंभ सीएमएस डा विनोद टम्टा ने किया। उन्होंने बताया कि अब जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जिला अस्पताल में खुला नया जन सहायता केंद्र खोला गया है। मरीजों को अस्पताल से जुड़ी हर जानकारी मिलेगी। बताया कि देहरादून से प्रशिक्षण लेकर जन्म-मृत्यु पंजीकरण केंद्र की रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन यहां पहुंच गई हैं। इस मौके पर डॉ. राजीव उपाध्याय, डॉ. नसीम अहमद आदि मौजूद रहे।



खतरा बने पेड़ों का निस्तारण न किए जाने पर लोहाघाट में प्रदर्शन करते लोग।

### खतरा बने पेड़ों का निस्तारण न किए जाने पर लोगों का प्रदर्शन

**टनकपुर/ लोहाघाट :** लोहाघाट नगर की मीट मंडी में खतरा बने देवदार के पेड़ों का निस्तारण करने में हो रही देरी को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रशासन से जान माल के नुकसान को रोकने के लिए शीघ्र खतरा बने पेड़ों के निस्तारण की मांग की। कहा कि कई बार पेड़ों के निस्तारण करने की मांग के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस दौरान निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, हरचरण, संतोष, सैफी खान, जहीर कुरैशी, अंकित, गीता, मनीष, गंगा नाथ, जुनैद यारखां आदि मौजूद रहे।

### बेटे को किडनैप करने की धमकी देकर 1.20 लाख की ठगी

**टनकपुर :** चम्पावत जिले के बाराकोट विकासखंड मुख्यालय में साइबर ठग ने बेटे के अपहरण के एवज में एक व्यक्ति के खाते से 1.20 लाख रुपये उड़ा लिए। गनीमत रही कि दूसरी बार भी रकम डालने गए व्यक्ति को बैंक प्रबंधक ने बचा लिया। पीड़ित ने ठगी की शिकायत 1930 में की है। गुरुवार को बाराकोट के एक व्यक्ति के पास फोन आया कि उसके बेटे का अपहरण कर लिया गया है। जल्द उनके खाते में ढाई लाख रुपया भेजो, नहीं तो बेटे को गोली मार देंगे। मुन्स्यारी घूमने गए बेटे को पिता ने फोन लगाया, तो संपर्क नहीं हो पाया। डर के मारे कहीं से जुगाड़ कर पिता ने साइबर डग के खाते में 1.20 लाख रुपये डाल दिए। उसके बाद ठग ने बाकी रकम देने की बात कही तो पिता दोबारा 1.30 लाख रुपये लेकर एसबीआइ की स्थानीय शाखा पहुंचे। खाते में रुपए डाल ही रहे थे, तो मैनेजर ने कारण पूछ लिया। प्रबंधक को आप बीती सुनाने के बाद ठगी का अंदेशा हुआ। इस बीच बेटे से भी संपर्क हो गया। मैंनेजर ने ठग से बात करने की कोशिश कि लेकिन उसने फोन बंद कर दिया। बाराकोट चौकी प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि ठगी के शिकार हुए व्यक्ति ने 1930 में शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल चौकी में तहरीर नहीं दी है। लोहाघाट थाना प्रभारी अशोक कुमार ने लोगों से साइबर ठगों से सतर्क एवं जागरूक रहने की अपील की है।

# कार दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा गंभीर

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचार :** पिथौरागढ़ जिले में बड़ा कार हादसा हो गया। अनियंत्रित कार ऊपर की सड़क से नीचे की सड़क पर गिर गई। जिससे उसमें सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि कार में सवार दूसरा व्यक्ति घायल हो गया।

जानकारी के मुताबिक प्रेमनगर निवासी प्रकाश कार्की और भट्टी गांव निवासी सूरज रौतेला कार से थल से हल्द्वानी जा रहे थे। गणाई गंगोली तहसील मुख्यालय के पास कार अनियंत्रित हो गई और पहाड़ी से निचली सड़क पर जा गिरी। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना होते ही आसपास मौजूद लोग बचाव में जुट गए। बड़ी मशक्कत के बाद उन्होंने कार में मौजूद दोनों लोगों को बाहर निकाला। तत्काल उन्हें अस्पताल भिजवाया गया।



दुर्घटनाग्रस्त कार। ● अमृत विचार

अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने सूरज रौतेला को मृत घोषित कर दिया। जबकि प्रकाश कार्की का उपचार किया जा रहा है। घटना की जानकारी दोनों को परिजनों को देदी गई है।

## जानलेवा हमले के प्रयास में हत्थे चढ़ा

**बागेश्वर :** कपकोट थाना अंतर्गत नौकोड़ी में एक व्यक्ति ने गांव के ही एक युवक पर बड़ियाठ से जानलेवा हमला कर दिया तथा फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने आरोपी की तलाश की तथा आरोपी को गिरफ्तार कर दिया है। नौकोडी निवासी दर्बान सिंह ने पुलिस को दी प्राथमिकी में कहा है कि उसका भतीजा प्रकाश सिंह पुत्र गंगा सिंह गत सायं मछली को दाना डालने जा रहा था। तभी गांव के उमेश सिंह उर्फ अटल ने जान से मारने की नीयत से उस पर हमला कर दिया तथा बड़ियाठ से गले पर वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।इस बीच कुछ लोग वहां आकर उसे बचाने का प्रयास करने लगे परंतु उसने उनके साथ भी अभद्रता की तथा प्रकाश को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया।

# उत्तरकाशी से लापता चार ट्रैकर्स के शव लाए गए

ब्यूरो, देहरादून

▸▸ सहस्त्रताल ट्रैकिंग में 9 ट्रैकर्स की हुई थी मौत

**अमृत विचार :** उत्तरकाशी के सहस्त्रताल में ट्रैकिंग पर गए दल में लापता चार लोगों के शव भी गुरुवार को रेस्क्यू कर लिया गया। 22 सदस्यीय दल में नौ लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें पांच शवों को बीते दिवस रेस्क्यू कर लिया गया था। इसी के साथ रेस्क्यू अभियान पूरा हो गया।

बीते 29 मई को कर्नाटक और महाराष्ट्र के ट्रैकरों का 22 सदस्यीय दल मल्ला-सिल्ला से कुश कल्याण बुग्याल होते हुए सहस्त्रताल की ट्रैकिंग के लिए रवाना हुआ था। दो जून को दल सहस्त्रताल के कोखली टॉप बेस कैंप पहुंचा था। तीन जून को वहां से 20 ट्रैकर्स सहस्त्रताल के लिए रवाना हुए थे। लेकिन यह दल अचानक मौसम खराब होने से घने कोहरे और बर्फबारी के बीच सभी फंस गए। सेना व एसडीआरएफ ने बुधवार को पांच शवों को रेस्क्यू कर लिया था, इनमें सिंधु वाकेलाम, आशा सुधाकर, सुजाता मुंगरवाड़ी, विनायक मुंगरवाड़ी और चित्रा प्रणीत थे। लेकिन मौसम बिगड़ जाने से रेस्क्यू रोकना पड़ा। इधर, गुरुवार को टीमों ने चार शवों को भी रेस्क्यू कर लिया। चारों ट्रैकर्स के शव भटवाड़ी लाए गए। मृतकों में वेंकटेश प्रसाद (53), पदमांधा कृष्णमूर्ति (50), अनिता रंगप्पा (60) और पद्मिनी हेगड़े (34) हैं। रेस्क्यू समाप्त होने पर एसडीआरएफ की टीम भी उत्तरकाशी लौट आई।

## बागेश्वर-अल्मोड़ा मार्ग पर लग रहा जाम

**बागेश्वर :** बागेश्वर- अल्मोड़ा-बरेली मोटर मार्ग में चौड़ीकरण कार्य प्रारंभ हो गया है। पहले चरण में बागेश्वर से अल्मोड़ा मोटर मार्ग में चिन्हित पेड़ों को काटा जा रहा है। जिस कारण मार्ग में घंटों जाम लग रहा है। जिससे बागेश्वर- गिरेछीना मोटर मार्ग में वाहनों की आवाजाही बढ़ गई है। एनएच द्वारा अल्मोड़ा से बागेश्वर तक मार्ग का चौड़ीकरण कार्य प्रारंभ कर दिया है।

पहले चरण में मार्ग में वन विभाग द्वारा चिन्हित पेड़ों का कटान किया जा रहा है इसके बाद सडक चौड़ीकरण का कार्य हेतु कटान कार्य किया जाएगा। इधर मार्ग में पेड़ काटने के कारण इन दिनों विभिन्न स्थानों में जाम लग रहा है कभी स्थिति ऐसी आ रही है कि मार्ग में विशालकाय पेड़ कटने के कारण घंटों जाम लग रहा है।

# टक्कर के बाद दोनों कार खाई में गिरी, पांच जख्मी, एक गंभीर

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ हाईवे पर हुआ भीषण हादसा

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ हाईवे पर एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़ी दूसरी कार को जोरदार टक्कर मार दी। टकराने के बाद दोनों कार खाई में जा गिरी। हादसे में 5 लोग जख्मी हुए हैं। एक व्यक्ति की हालत अधिक गंभीर होने के चलते उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। अन्य चार घायलों का बेस अस्पताल में उपचार चल रहा है।

घटना बीते बुधवार की शाम की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, कमल नेगी पुत्र पूरन सिंह, निवासी मिरतोला ने अपनी कार संख्या- यूके 01-सी- 9727 को पनुवानौला से दो किमी पहले सड़क किनारे खड़ी किया था और वह फोन पर बातचीत कर रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार संख्या यूके -04 एबी- 3467 ने कमल नेगी की कार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी कार सड़क से पलट कर करीब 20 मीटर नीचे खाई में अटक गई। जबकि दूसरी कार करीब 150 मीटर नीचे खाई में जा गिरी। दोनों कारें क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कमल नेगी के अलावा दूसरी कार में सवार विशाल प्रसाद पुत्र हीरा लाल, निवासी छड़ैल हल्द्वानी, प्रदीप राणा पुत्र कैलाश राणा, निवासी रैलाकोट अल्मोड़ा, पवन तिवारी पुत्र कंचन तिवारी निवासी एडम्स, अल्मोड़ा व विकास बिष्ट पुत्र धरम सिंह, निवासी कोसी अल्मोड़ा घायल हो गए। सूचना के बाद आरतोला चौकी पुलिस मौके पर घटनास्थल पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को रेस्क्यू कर सड़क तक पहुंचाया। जिसके बाद 108 आपातकालीन सेवा के माध्यम से घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पनुवानौला भेजा। थानाध्यक्ष धौलछीना सुशील कुमार ने बताया कि हादसे में कमल नेगी को गंभीर चोटें आई है। उनके दोनों पैर फ्रैक्चर हुए है।

## नालों का निर्माण शीघ्र होना चाहिए

**अल्मोड़ा :** विधायक मनोज तिवारी ने अल्मोड़ा नगर में ड्रेनेज सिस्टम के लिए बनाए जा रहे नालों का निर्माण शीघ्र करने की मांग की है। विधायक तिवारी ने इस कार्य में बरती जा रही लापरवाही पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है और सिंचाई खंड के मुख्य अभियंता को इस मामले में शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

विधायक ने कहा है कि मानसून काल को देखते हुए नगर के विभिन्न मोहल्लों में बनाए जा रहे इन नालों का निर्माण कार्य समय से पूरा कर लिया जाना चाहिए। तिवारी ने अधिशासी अभियंता को इस मामले में हस्तक्षेप कर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# पानी की किल्लत पर लोगों में नाराजगी

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार :** चम्पावत में पानी की किल्लत को लेकर लोगों ने नाराजगी जताई है। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने जल संस्थान, जल निगम और ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंताओं से मुलाकात की। शीघ्र व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

यहां क्वैराला पंपिंग योजना सुचारू नहीं होने से पानी की किल्लत हो रही है। गुरुवार को स्थानीय लोगों ने जल संस्थान के ईई बिलाल यूनुस, जल निगम के वीके पाल और ऊर्जा निगम के बेगराज सिंह ने मुलाकात की। चम्पावत संघर्ष समिति अध्यक्ष बसंत तड़ागी और पूर्व व्यापार संघ अध्यक्ष अमरनाथ सक्टा के नेतृत्व में अधिकारियों से मिले लोगों ने कहा कि 30 करोड़ रुपये से बनी क्वैराला पंपिंग योजना से बीते लंबे समय से पर्याप्त पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है। इससे नगर क्षेत्र की हजारों की आबादी को दिक्कत झेलनी पड़ रही है। उन्होंने तीनों विभागों के अधिकारियों से पेयजल योजना को सुचारू रूप से संचालित करने की मांग की। ऐसा नहीं किए जाने पर उन्होंने आंदोलन की चेतावनी दी। अधिकारियों ने बताया कि लो वोल्टेज की वजह से योजना का एक ही पंप चल पा रहा है। इस वजह से पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि बाहरी क्षेत्र से मैकेनिक को बुलाया गया है। उन्होंने शनिवार तक समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया। क्वैराला पंपिंग योजना में यांत्रिक शाखा बिजली से संबंधित कार्य करती है। जल निगम के पास पानी को नदी से मुख्य टैंकों तक स्टोर करने का जिम्मा है। जबकि जल संस्थान पेयजल वितरण करता है।



चम्पावत में जल संस्थान के ईई से मुलाकात करते जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

### अधिकारियों से मिलने वालों में ये रहे शामिल

**चम्पावत।** अधिकारियों से मुलाकात करने वालों में जिपं सदस्य भूपेंद्र महर भुप्पी, निर्वतमान सभासद नंदन तड़ागी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुनील पुनेठा, सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष विकास साह, विनोद वर्मा, दिनेश पांडेय, रमेश मनराल, मोहन चंद्र बिष्ट, आनंद अधिकारी, रजत तड़ागी, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

**आस्था** | वट वृक्ष के नीचे बैठकर विशेष पूजा अर्चना कर महिलाओं ने कथा सुनी, प्रात : काल से मंदिरों में चला सामूहिक पूजा का दौर

# संतान सुख तथा पति की लंबी आयु के लिए रखा वट सावित्री व्रत

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा जिले में गुरुवार को तमाम सुहागिनों ने वट सावित्री व्रत धारण कर वट वृक्ष के नीचे बैठकर विशेष पूजा अर्चना की और अपने पति की लंबी आयु मांगी। ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या के दिन महिलाओं ने पूरे श्रृंगार में सजधज कर वट सावित्री व्रत रखा। सुहागन स्त्रियों ने वट सावित्री व्रत के दिन सोलह श्रृंगार में सज कर सिंदूर, रोली, फूल, अक्षत, चना, फल और मिठाई से सावित्री, सत्यवान और यमराज की पूजा करती हैं और संतान सुख तथा पति की लंबी आयु मांगी।

शास्त्रों के अनुसार इस दिन व्रत रखकर वट वृक्ष के नीचे सावित्री, सत्यवान और यमराज की पूजा करने से पति की आयु लंबी होती है और संतान सुख प्राप्त होता है। महिलाएं प्राचीन काल से चली आ रही इस परंपरा के अनुसार अपने पति के दीर्घजीवी होने के लिए बरगद के पेड़ की पूजा और व्रत करती है। पंडित हेम जोशी ने बताया कि इसी दिन सावित्री ने यमराज के फंदे से अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा की थी। मूलतः यह व्रत-पूजन सौभाग्यवती स्त्रियों का है।

इस दिन वट का पूजन होता है। इस व्रत को स्त्रियां अखंड सौभाग्यवती रहने की मंगलकामना से करती हैं। वट वृक्ष की जड़ों में ब्रह्मा जी, तने में विष्णु और डालियों एवं पत्तों में शिव का वास है। इसके नीचे बैठकर पूजन, व्रत कथा कहने और सुनने से मनोकामना पूरी होती है।

### रानीखेत में महिलाओं ने की सामूहिक पूजा

**रानीखेत, अमृत विचार :** वट सावित्री व्रत के अवसर पर सुहागन महिलाओं ने मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना कर अपने पति की दीर्घायु की प्रार्थना की। प्रात : काल से ही स्थानीय शिव मंदिर, झूला देवी, कालिका आदि मंदिरों में महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की। इस अवसर पर महिलाओं ने बट वृक्ष की पूजा के साथ उसकी प्रक्रिया कर कलेवा चढ़ाया। स्थानीय शिव मंदिर में भारी संख्या में महिलाएं पहुंची। जहां उन्होंने सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की। इसके साथ ही उन्होंने भजन कीर्तनों से वहां का माहौल भक्तिमयी में बना दिया।



रानीखेत में वट सावित्री व्रत में सामूहिक रूप से पूजा अर्चना करती महिलाएं।

### चम्पावत में सुहागिनों ने व्रत रखा

**टनकपुर :** चम्पावत जिले भर में वट सावित्री का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुहागिनों ने व्रत रखकर पति की लंबी उम्र का आशीर्वाद मांगा। कई जगह कन्याओं ने भी मनचाहे वरदान को लेकर बरगद के पेड़ और सावित्री की पूजा की। टनकपुर,बनबसा, चम्पावत, लोहाघाट, पाटी, बाराकोट, पुल्ला सहित जिले भर में पर्व को लेकर काफी धूम रही। मंदिरों और वट वृक्षों के पास सुबह से भी भजन कीर्तनों का दौर शुरू हो गया। परंपरागत तरीके से वट सावित्री पूजन कर महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा की। सत्यवान एवं सावित्री की मूर्ति की विशेष पूजा कर महिलाओं ने अपने पतियों के लंबे जीवन की कामना की। पूजा के बाद महिलाओं ने वट वृक्ष में कच्चा धागा बांधा। इस दौरान सत्यवान सावित्री की कथा भी सुनाई गई। इस दौरान सुशीला पंत, रेनू ओली, मंजू ओली, सुशीला चौबे, सोनी चतुर्वेदी, शोभा पांडेय, पूजा धौनी, दया धौनी, दीपा बिष्ट, कमला आदि मौजूद रहे। सुंई पऊ के मंडाली मंदिर में भी महिलाओं ने पूजा अर्चना की। हनुमानगढ़ में पंडित राकेश पांडे द्वारा पूजा अर्चना कराई गई। शिवालय मंदिर, पंचमुखी महादेव मंदिर आदि स्थानों पर भी पूजा अर्चना हुई।



चम्पावत में पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं।

# कोसी पंपिंग योजना के जीर्णोद्धार की कवायद

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ 97 करोड़ होंगे खर्च, डीपीआर बनने के बाद सर्वे हुआ पूरा

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा नगर और उससे लगे क्षेत्रों के लोगों की पेयजल समस्या के दूर होने की उम्मीद जगी है। इसके लिए जल निगम और जायका के अधिकारियों के बीच एमओयू हुआ है। योजना के तहत करीब 97 करोड़ रुपये की लागत से इस पेयजल पंपिंग योजना का कायाकल्प किया जाएगा। अधिकारियों ने इस योजना की डीपीआर तैयार कर ली है। जबकि सर्वे के कार्य को भी अंतिम रूप दिया जा चुका है।

अल्मोड़ा नगर की बात करें तो यहां की करीब एक लाख से अधिक की आबादी को पेयजल मुहैया कराने के लिए वर्षों पूर्व कोसी पंपिंग पेयजल योजना का निर्माण किया गया था। लेकिन अब यह योजना काफी पुरानी हो चुकी है। वर्तमान में नगर को प्रतिदिन करीब पंद्रह से अठारह एमएलडी पानी की जरूरत होती है। लेकिन इस योजना से नगर को केवल दस से बारह एमएलडी पानी की आपूर्ति हो पा रही है। जिस कारण नगर में पेयजल समस्या बनी हुई है। जल जल निगम के अधिकारियों की मानें तो आज से करीब तीस बत्तीस साल बाद नगर कर पानी की जरूरत में बीस से तीस फीसदी की वृद्धि हो जाएगी। इस लिहाज से वर्ष 2056 की जनसंख्या की जरूरत के हिसाब पेयजल योजना का निर्माण करने की योजना बनाई गई है।

# स्कूल पर इजराइली हमला, 30 की मौत

देर अल-बला (गाजा पट्टी), एजेंसी



मध्य गाजा में एक स्कूल पर गुरुवार को तड़के इजराइली द्वारा किए गए हमले में 14 बच्चों और नौ महिलाओं सहित 30 से अधिक लोग मारे गए। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फलस्तीनी अधिकारियों के मुताबिक स्कूलों में विस्थापितों ने शरण ले रखी थी जबकि इजराइली सेना का दावा है कि हमास के आतंकवादी स्कूल से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे।

अस्पताल के रिकॉर्ड और अस्पताल में एसोसिएटेड प्रेस के एक रिपोर्टर ने बताया कि इस हमले में कम से कम 33 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 14 बच्चे और नौ महिलाएं शामिल हैं। रिकॉर्ड के अनुसार, रात में एक घर पर हुए हमले में छह लोगों की मौत हो गई थी। दोनों हमले नुसेरात में हुए, जो गाजा में बने कई शरणार्थी शिविरों में से एक है।

### जनसंहार के मुकदमे में पक्षकार बनने की अर्जी देगा स्पेन

**बार्सिलोना, एजेंसी।** स्पेन अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत में अर्जी देकर दक्षिण अफ्रीका द्वारा इजराइल के खिलाफ दायर मुकदमे में पक्षकार बनने की अनुमति मांगेगा। स्पेन के विदेश मंत्री ने गुरुवार को यह घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका ने संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत में दाखिल याचिका में इजराइल पर गाजा में जनसंहार करने का आरोप लगाया है। स्पेन पहला यूरोपीय देश है, जिसने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका द्वारा अंतरराष्ट्रीय अदालत में दाखिल याचिका से जुड़ने की पहल की है।

# भाई ने कबूला- लिट्टे संस्थापक प्रभाकरण 2009 में मारा गया

कोलंबो, एजेंसी

- कहा- कुछ तमिल लोग उसके जीवित होने का दावा करके लोगों को दे रहे हैं धोखा



लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के संस्थापक वेलुपिल्लई प्रभाकरण के भाई ने पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भाई और उसका पूरा परिवार 2009 में मारा गया था। साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ तमिल लोग यह दावा करके लोगों को धोखा दे रहे हैं कि प्रभाकरण और उसके परिवार के कुछ सदस्य, विशेषकर उसकी एक बेटी जीवित हैं।

लंकाएफटी (एफटी.एलके) पोर्टल की खबर के अनुसार वेलुपिल्लई प्रभाकरण के भाई वेलुपिल्लई मनोहरन ने कहा, वेलुपिल्लई प्रभाकरन, उसकी पत्नी और उसके तीन बच्चे मर चुके हैं और वे सभी 2009 में श्रीलंका युद्ध के अंतिम चरण में मारे गए थे। पोर्टल के अनुसार मनोहरन ने सार्वजनिक तौर पर पहली बार यह बात स्वीकार की है। लिट्टे ने श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में एक अलग तमिल मातृभूमि के लिए लगभग 30 वर्ष तक सैन्य अभियान चलाया था।

# महिलाओं समेत 63 को तालिबान ने मारे कोड़े, निंदा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) ने बुधवार को सारी पुल प्रांत में तालिबान द्वारा एक दर्जन से अधिक महिलाओं सहित 60 से अधिक लोगों को सार्वजनिक रूप से कोड़े मारे जाने की निंदा की। यूएनएएमए ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक बयान में कहा कि अफगानिस्तान के अधिकारियों ने मंगलवार को कम से कम 63 लोगों को कोड़े मारे। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दायित्वों का सम्मान करने के लिए कहा।

तालिबान के उच्चतम न्यायालय ने एक बयान में 14 महिलाओं समेत 63 लोगों को सार्वजनिक रूप से कोड़े मारे जाने की पुष्टि की। इन लोगों पर अप्राकृतिक यौन उत्पीड़न, चोरी और अनैतिक संबंधों जैसे अपराधों में शामिल होने का आरोप लगाया गया था। उन्हें एक खेल स्टेडियम में कोड़े मारे गए। तालिबान ने एक उदार शासन देने के वादों के बावजूद, 2021 में फिर से सत्ता पर काबिज होने के बाद सार्वजनिक रूप से कठोर दंड देना शुरू कर दिया।



# गंभीर खाद्य संकट से जूझ रहे पांच वर्ष तक के 25 प्रतिशत बच्चे : सरां

**कलटुंगो (नाइजीरिया), एजेंसी।** दुनिया भर में पांच साल से कम उम्र के करीब 25 प्रतिशत बच्चे खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूनीसेफ ने एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया। बच्चों के लिए काम करने वाली संस्था यूनीसेफ द्वारा गुरुवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में पांच वर्ष से कम आयु के 18 करोड़ 10 लाख बच्चे (इस आयु वर्ग के बच्चों का 27 प्रतिशत) गंभीर खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं। लगभग 100 निम्न और मध्यम आय वाले देशों पर केंद्रित रिपोर्ट गंभीर खाद्य संकट को एक दिन में कुछ भी नहीं खाने या एजेंसी द्वारा मान्यता प्राप्त आठ खाद्य समूहों में से दो का उपभोग करने के रूप में परिभाषित करती है।

### अफ्रीका के 130 करोड़ लोग प्रभावित

अफ्रीका की 130 करोड़ से अधिक की आबादी मुख्य रूप से संघर्ष, जलवायु संकट और बढ़ती खाद्य कीमतों के कारण सबसे अधिक प्रभावित देशों में से एक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लेकिन इसने कुछ प्रगति भी हुई है।

### स्थिति में हुआ सुधार

पिछले दशक में पश्चिमी और मध्य अफ्रीका में गंभीर खाद्य संकट से गुजर रहे बच्चों की संख्या में कमी आई है और यह 42 प्रतिशत से घटकर 32 प्रतिशत रह गया है। संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष ने कहा कि महत्वपूर्ण पोषक तत्वों की कमी, बेहद खराब आहार पर रहने वाले बच्चों का वजन सामान्य से कम होने की आशंका अधिक होती है।

## एक नजर

### फ्रांस के दौरे पर आएंगे अर्जेंटीना के राष्ट्रपति

**पेरिस।** अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली फ्रांस की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर आएंगे और 19 जून को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन से मुलाकात करेंगे। ले पेरिसियन अखबार ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। मुलाकात के दौरान दोनों देशों के राष्ट्रपति यूक्रेन की स्थिति, यूरोपीय संघ और मर्कोसुर के बीच मुक्त व्यापार समझौते के भविष्य पर चर्चा कर सकते हैं।

### इंडोनेशिया का माउंट इबू ज्वालामुखी फिर फटा

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के हलमाहेरा द्वीप पर स्थित इबू ज्वालामुखी गुरुवार सुबह फिर से फट गया और धुएं का गुबार छा गया। ज्वालामुखी विज्ञान एवं भूगर्भीय खतरा न्यूनीकरण केंद्र (पीवीएमबीजी) के अनुसार, स्थानीय समयानुसार आज सुबह करीब 8 :11 बजे विस्फोट शुरू हुआ और दो मिनट तक चलता रहा, जिससे उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए मोटी, धूसर राख और काले बादल छा गये।

### तंजानिया में सड़क हादसे में 13 की मौत, 18 घायल

**मबेया।** तंजानिया के मबेया क्षेत्र में एक ट्रक नेकई कारों और मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी, जिसके कारण 13 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। द सिटिजन तंजानिया ने प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुर्घटना बुधवार को मबेम्बेला क्षेत्र में सिमिके ढलान पर हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी घायलों को उपचार के लिए मबेया क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में से आठ लोगों की हालत गंभीर है।

### सूडान : सेना- अर्धसैनिक बल के संघर्ष में 100 मरे

**काहिरा।** सूडान के गेजीरा प्रांत के एक गांव पर बुधवार को अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स द्वारा किए गए हमले में कम से कम 100 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। दारफूर के गवर्नर मिनी अर्को मिनावी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी पोस्ट में बताया कि आरएसएफ द्वारा गेजीरा के वाद-अल-नोरा गांव पर किए गए हमले में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग हताहत हुए हैं। गेजीरा की राजधानी वाद मदानी के लोगों को बचाने के लिए गठित समिति ने देर रात बुधवार को सोशल मीडिया पर बताया कि अर्धसैनिक बल सालों से सूडान की सेना से लड़ रहा है।

# ताइवान के बधाई संदेश पर मोदी की टिप्पणी को लेकर बिफरा चीन

## कहा- नई दिल्ली को ताइवान के अधिकारियों की राजनीतिक चालों का विरोध करना चाहिए

बीजिंग, एजेंसी

- ताइवान द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट के संबंध में भारत के समक्ष जताया विरोध
- कहा कि विश्व में केवल एक ही चीन है और ताइवान, चीनी गणराज्य का अविभाज्य हिस्सा





चीन ने ताइवान को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट के संबंध में गुरुवार को भारत के समक्ष विरोध जताते हुए कहा कि नयी दिल्ली को ताइवान के अधिकारियों की राजनीतिक चालों का विरोध करना चाहिए। चीन के मुताबिक ताइवान उसका एक विद्रोही और अभिन्न प्रांत है तथा इसे मुख्य भूमि के साथ पुनः एकीकृत किया जाना चाहिए, भले ही बलपूर्वक ही क्यों न किया जाए।

मोदी ने अपने बयान में कहा था कि वह ताइवान के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए उत्सुक हैं। मोदी ने यह टिप्पणी लोकसभा चुनाव में मिली जीत पर ताइवान के राष्ट्रपति के बधाई संदेश में की थी। पिछले महीने निर्वाचित हुए ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने मोदी को बधाई देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनाव में जीत पर मेरी हार्दिक बधाई। हम तेजी से बढ़ती ताइवान-भारत साझेदारी को और आगे ले जाने, व्यापार, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में अपने सहयोग का विस्तार करने के लिए उत्सुक हैं, ताकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए योगदान दिया जा सके। मोदी ने इस बधाई संदेश का जवाब देते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लाई चिंग-ते, आपके गर्मजोशी भरे संदेश के लिए धन्यवाद। मैं ताइवान के साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी आर्थिक तथा तकनीकी साझेदारी की दिशा में काम करते हुए और अधिक घनिष्ठ संबंधों की आशा करता हूं। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने इन संदेशों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि चीन ने इस पर भारत के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। यहां एक संवाददाता सम्मेलन में जब माओ से उनकी टिप्पणी मांगी गई तो उन्होंने कहा, सबसे पहले तो यह कि ताइवान क्षेत्र में कोई राष्ट्रपति नहीं है। उन्होंने कहा, चीन ताइवान के अधिकारियों और चीन के साथ राजनयिक संबंध रखने वाले देशों के बीच सभी प्रकार की आधिकारिक बातचीत का विरोध करता है। उन्होंने कहा कि विश्व में केवल एक ही चीन है और ताइवान, चीनी गणराज्य का अविभाज्य हिस्सा है।



### अमेरिका के एनएसए भारत जाएंगे: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार शपथ लेने की तैयारी के बीच अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलीवन अमेरिका-भारत साझा प्राथमिकताओं पर नयी सरकार के साथ चर्चा करने के लिए नयी दिल्ली जाएंगे। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रधानमंत्री मोदी को फिर से चुने जाने पर बधाई देने के लिए बुधवार को फोन किया और सुलीवन की यात्रा पर चर्चा की गई। व्हाइट हाउस ने कहा, राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात की और उन्हें तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को भारत के आम चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। बाइडन ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में 65 करोड़ भारतीयों के हिस्सा लेने पर उनकी सराहना की।



### 'स्पेसएक्स' के रॉकेट की चौथी परीक्षण उड़ान सफल

**बोका चिका (अमेरिका), एजेंसी।** स्पेसएक्स के सबसे शक्तिशाली स्टारशिप रॉकेट ने गुरुवार को पहली पूर्ण परीक्षण उड़ान पूरी की और टेक्सास से उड़ान भरने के बाद पृथ्वी पर सुरक्षित लौट आया। पिछली तीन परीक्षण उड़ानों के दौरान रॉकेट और अंतरिक्ष यान में विस्फोट हो गया था लेकिन इस बार ये दोनों नियंत्रित तरीके से नीचे उतरने में सफल रहे। दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे शक्तिशाली रॉकेट स्टारशिप लगभग 400 फुट (121 मीटर) ऊंचा है। उसने जब मैक्सिको की खाड़ी के ऊपर उड़ान भरी और जब वह हिंद महासागर की ओर उड़ान भरने के लिए पूर्व की ओर बढ़ा, उस समय वह खाली था। गुरुवार सुबह प्रक्षेपण के कुछ ही मिनट बाद प्रथम चरण का बूस्टर अंतरिक्ष यान से अलग हो गया और वह इसके इंजन को चालू करने के बाद योजनानुसार खाड़ी में जा गिरा। इसके एक घंटे बाद, प्रक्षेपण के सीधे प्रसारण में पुन : प्रवेश के दौरान अत्यधिक गर्मी के कारण अंतरिक्ष यान के कुछ हिस्से टूटते दिखाई दिए।

### आरोपी किशोर के दादा पहुंचे बम्बई उच्च न्यायालय

पुणे कार हादसा

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र में पुणे के कल्याणी नगर में नशे की हालत में तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक युवक और युवती की हत्या के आरोपी किशोर के दादा एसके अग्रवाल ने मामले में पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में लिए जाने के विरोध में बम्बई उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। इसी मामले में पूछताछ के लिए पुणे की अपराध शाखा ने किशोर के 77 वर्षीय दादा को 25 मई को हिरासत में लिया था। इसके अलावा यरवदा थाने में उसी दिन उनके खिलाफ अलग से प्राथमिकी भी दर्ज की गयी थी। उच्च न्यायालय में दायर याचिका में अग्रवाल के वकील आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपों में परिवार के ड्राइवर गंगाधर शिवराज का गलत तरीके से अपहरण, अवैध रूप से बंधक बनाना और आपराधिक धमकी देना शामिल है। इन आरोपों में आईपीसी की धारा 342, 365, 368 और 506 के साथ धारा 34 भी शामिल है।

# रूस के तेल शोधन संयंत्र और ईंधन डिपो पर हमला

कीव, एजेंसी

- यूक्रेनी ड्रोन ने रूसी सीमा क्षेत्रों में की भीषण कार्रवाई
- दो दिन पूर्व रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दी थी चेतावनी

कीव द्वारा क्रेमलिन के युद्ध करने के तरीके को बाधित करने के चल रहे प्रयास और यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की द्वारा द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप के सबसे बड़े युद्ध में पश्चिमी देशों के समर्थन की मांग के बीच यूक्रेनी ड्रोन ने रूसी सीमा क्षेत्रों में एक तेल शोधन संयंत्र और एक ईंधन डिपो पर हमला किया। निशाना बनाए गए क्षेत्रों के अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

जेलेंस्की गुरुवार को फ्रांस में डी-डे स्मरणोत्सव में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन सहित विश्व नेताओं के साथ शामिल होने वाले हैं। शुक्रवार को उन्हें फ्रांसीसी अधिकारियों से मिलना है। जेलेंस्की की यात्रा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की चेतावनी के एक दिन बाद हुई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि रूस अन्य देशों को लंबी दूरी के हथियार मुहैया करा सकता है ताकि वे पश्चिमी लक्ष्यों पर हमला कर सकें। यह धमकी तब आई जब नाटो के सहयोगियों ने कहा कि वे यूक्रेन को रूसी क्षेत्र पर हमला करने के लिए कीव को दिए जाने वाले हथियारों का इस्तेमाल करने की अनुमति देंगे। यूक्रेन की सेना पूर्वी क्षेत्रों में हाल ही में रूस के हमले को रोकने के लिए लड़ रही है।

# चीन से संबंध मजबूत करेंगे पाक पीएम

बीजिंग, एजेंसी

- चार जून से चीन की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं शरीफ
- शहर शेनझेन का दौरा कर निवेशकों के साथ की बैठक





पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, देश को आर्थिक संकट से उबारने के लिए और सहायता के अनुरोध तथा निवेश की संभावनाओं चर्चा करने के लिए बीजिंग पहुंच चुके हैं और उपरोक्त मुद्दों को लेकर वह चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अन्य नेताओं के साथ बातचीत करेंगे।

चार जून से चीन की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर आए शरीफ ने बुधवार को अत्याधुनिक शहर शेनझेन का दौरा किया और निवेशकों की बैठक को संबोधित किया। पाकिस्तान की सरकारी समाचार एजेंसी एपीपी की खबर के अनुसार यहां अपने प्रवास के दौरान शरीफ शी जिनपिंग, प्रधानमंत्री ली क्यांग और अन्य नेताओं से मुलाकात करेंगे। वह पाकिस्तान-चीन संबंध और व्यापार कार्यक्रम में भी भाग लेंगे और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाओं पर काम कर रही प्रमुख चीनी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ बैठक करेंगे। खबर में बताया गया कि दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को लेकर कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। पाकिस्तान ने औपचारिक रूप से आईएमएफ से छह अरब से आठ अरब अमेरिकी डॉलर के बीच राहत राशि मुहैया कराने का अनुरोध किया है।

# यूएनएससी का अस्थायी सदस्य चुना गया पाकिस्तान

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- एशिया-प्रशांत देशों की सीट के लिए पाकिस्तान को 182 वोट

पाकिस्तान, सोमालिया, डेनमार्क, यूनान और पनामा को 2025 से शुरू हो रहे दो साल के कार्यकाल के लिए गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के अस्थायी सदस्य चुना गया। संयुक्त राष्ट्र महासभा में इन पांचों सदस्यों को गुप्त मतदान के जरिए एक जनवरी, 2025 से 31 दिसंबर, 2026 तक के कार्यकाल के लिए चुना गया है।

अफ्रीकी और एशिया-प्रशांत देशों की दो सीट में सोमालिया को 179 और पाकिस्तान को 182 वोट मिले। लातिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों में पनामा को 183 वोट मिले, जबकि पश्चिमी यूरोपीय और अन्य देशों में डेनमार्क को 184 और यूनान को 182 वोट मिले।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, यह गर्व की बात है कि पाकिस्तान को 182 मत मिले और वह 2025-26 के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चुना गया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्सुक है। उन्होंने कहा, हम राष्ट्रों के बीच शांति, स्थिरता और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अपनी भूमिका निभाते रहेंगे।

## बॉलीवुड हलचल

### अजय देवगन की फिल्म रेड 2 की शूटिंग पूरी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन की आने वाली फिल्म रेड 2 की शूटिंग पूरी हो गयी है। अजय देवगन ने वर्ष 2018 में सुपरहिट फिल्म रेड में काम किया था। अब रेड की सीक्वल रेड 2 आ रही है। रेड 2 में अजय देवनग आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी के रूप में नजर आने वाले हैं। अजय देवगन, रितेश देशमुख और वाणी कपूर ने इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। इस फिल्म का निर्देशन राज कुमार गुप्ता कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि रेड 2 की शूटिंग व्यापक रूप से उत्तर प्रदेश, राजस्थान में की गई है। फिलहाल, यह फिल्म पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है। इस बार फिल्म की कहानी करीब सौ करोड़ रुपये के टैक्स घोटाला करने वाले उत्तर प्रदेश के एक राजनेता और व्यवसायी की सत्य कहानी के इर्द-गिर्द बुनी गई है।

### कार्तिक आर्यन को लेकर प्रेम की शादी बनायेंगे सूरज बड़जात्या!



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार सूरज बड़जात्या, अभिनेता कार्तिक आर्यन को लेकर फिल्म प्रेम की शादी बना सकते हैं। सूरज बड़जात्या ने सलमान खान को लेकर मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन, हम साथ साथ हैं और प्रेम रतन धन पायो जैसी सुपरहिट फिल्में बनायी है। इन सभी फिल्मों में सलमान ने प्रेम का किरदार निभाया है। कहा जा रहा है कि सूरज बड़जात्या अब सलमान खान नहीं कार्तिक आर्यन को प्रेम बनाने जा रहे हैं। सूरज बड़जात्या जल्द अपने नए प्रोजेक्ट प्रेम की शादी पर काम करने जा रहे हैं। इसमें प्रेम सलमान खान नहीं बल्कि कार्तिक आर्यन हो सकते हैं। पहले सूरज बड़जात्या, सलमान खान को इस फिल्म में लेना चाहते थे। फिल्म में मुख्य अभिनेता को रोमांटिक किरदार करना था। इसके लिए सलमान खान ने मना कर दिया।

### हमारे बारह की रिलीज पर 14 जून तक लगी रोक

**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने अन्नू कपूर अभिनीत फिल्म हमारे बारह की रिलीज को 14 जून तक रोक लगा दी है। यह फिल्म 07 जून को रिलीज होने वाली थी। न्यायमूर्ति नितिन बोरकर और न्यायमूर्ति कमल खता की अवकाश पीठ ने बुधवार को सामाजिक कार्यकर्ता अजहर तंबोली द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। याचिका में फिल्म के कुछ संवादों पर आपत्ति जताई गई है। याचिका में फिल्म निर्माताओं द्वारा यूट्यूब पर प्रसारित दो ट्रेलरों पर आपत्ति जताते हुए कहा गया था कि इससे उनकी भावनाएं आहत हुई हैं। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन ब्यूरो (सीबीएफसी) ने पीठ को सूचित किया कि उसने फिल्म को प्रमाण पत्र जारी किया है और यूट्यूब पर जारी फिल्म के ट्रेलरों पर उसका कोई नियंत्रण नहीं है।

**खगोल विज्ञान** गुरुत्वाकर्षण तरंगों का पता लगाने के लिए नई तकनीक हुई विकसित

# ब्रह्मांड की हिंसक घटनाओं से अब नहीं रहेंगे अनभिज्ञ

अमृत विचार, नैनीताल

- पृथ्वी के मैग्नेटोस्फेयर में इसका पता चल सकता है

गुरुत्वाकर्षण लहर का आसमान की सीमित ऊंचाई मैग्नेटोस्फीयर क्षेत्र में आसानी से पता लगाया जा सकता है। इसके लिए खगोल वैज्ञानिकों ने नई तकनीक ईजाद की है, जो एक दूरबीन के जरिए ग्रेविटी वेब की जानकारी पा सकती है। अब हम ब्रह्मांड में होने वाली हिंसक घटनाओं का आसानी से पता लगा सकते हैं।

गुरुत्वाकर्षण बल ही वह महाशक्ति है, जो ब्रह्मांड को संचालित करती है। इसे हम देख नहीं सकते हैं और महसूस भी नहीं कर सकते। मगर इतना तय है कि हम पृथ्वी पर टिके हुए हैं, इसकी वजह सिर्फ गुरुत्वाकर्षण है। कुछ साल पहले गुरुत्वाकर्षण लहर को कैमरे में कैद किया गया था और चंद वर्षों में अब हम इसके अस्तित्व के साथ, इस शक्ति का पता लगाने में कामयाब हो चुके हैं। हांगकांग विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने नई तकनीक विकसित की है।

एचकेयूएसटी के भौतिकी विभाग प्रो ताओ लियू के अनुसार पृथ्वी के मैग्नेटोस्फेयर में एक एकल खगोलीय दूरबीन को गुरुत्वाकर्षण लहर की पहचान कर सकते हैं। यह बेहद आसान तरीका है। गुरुत्वाकर्षण की पहचान करने के लिए कई दशक बीत गए। मगर अब इसकी पहचान ही नहीं, बल्कि इसे देख भी सकते हैं। प्रो. लियू के नेतृत्व में शोध दल ने उच्च आवृत्ति गुरुत्वाकर्षण तरंगों (एचएफजीडब्ल्यू) का पता लगाने की नई विधि को प्रस्तावित किया है। ब्रह्मांड में पल पल विध्वंसकारी घटनाएं होती रहती हैं। जिनमें कुछ घटनाएं पृथ्वी को भी प्रभावित कर सकती हैं या फिर नुकसान पहुंचा सकती हैं। जिस कारण नई विधि की खोज बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है।

### तकनीक कर सकती है ब्रह्मांड के राज उजागर

प्रो ताओ लियू का कहना है कि हम समूचे ब्रह्मांड को शायद ही कभी देख सकें, लेकिन तकनीक के जरिये देख और परख सकते हैं। इसके लिए नया दृष्टिकोण रखना होगा और चुनौतियों को स्वीकार करना होगा। इस दिशा में युवा वर्ग भरपूर ऊर्जा के साथ विज्ञान को आसमान तक पहुचा सकता है।



पृथ्वी के साथ गुरुत्वाकर्षण लहर की तस्वीर। • अमृत विचार